सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:28
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-292 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025
18 शव्वाल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# वक्फ कानून पर तत्काल रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## केंद्र सरकार से पूछा, क्या हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुस्लिमों को जगह देंगे




"वक्फ कानून पर लग सकती है रोक सुप्रीम कोर्ट कर रहा विचार

केंद्र ने अदालत से मांगा समय

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष अदालत ने वक्फ कानून के विरोध में दाखिल याचिकाओं की सुनवाई करते हुए अंतरिम रोक लगाने पर विचार किया, लेकिन केंद्र द्वारा समय मांगे जाने के बाद अंतिम समय में इसे टाल दिया गया।

अब सुप्रीम कोर्ट में आज दोपहर 2 बजे फिर सुनवाई होगी और सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम आदेश जारी करने पर विचार किया जाएगा। बता दें कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कल सुनवाई की मांग की थी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून को असंवैधानिक बताते हुए कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं। वहीं इसके विरोध में कई जगहों पर हिंसक प्रदर्शन भी हुए। सुप्रीम कोर्ट ने इन हिंसक प्रदर्शनों पर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने वक्फ बाय यूजर पर भी केंद्र सरकार से सवाल किए। अदालत ने कहा कि 14वीं से 16वीं शताब्दी के बीच बनी ज्यादातर मस्जिदों पास बिक्री विलेख नहीं होंगे, तो उनका रजिस्ट्रेशन कैसे किया जाएगा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की तरफ से दलील पेश करते हुए कहा कि अगर किसी भूमि की जांच कलेक्टर कर रहा हो, तो कानून ऐसा नहीं कहता कि उसका उपयोग बंद हो जाएगा। केवल निर्णय तक उसे लाभ नहीं मिलेगा। सभी की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने कानून के कुछ हिस्से पर अंतरिम आदेश जारी करने पर विचार किया, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कल सुनवाई करने की मांग की। इसके बाद आदेश जारी नहीं किया गया। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- क्या आप अब हिंदू धार्मिक ट्रस्टों में मुसलमानों को भी शामिल करेंगे? अगर हां, तो खुलकर कहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कोई संपत्ति 100-200 साल पहले वक्फ घोषित हुई है, तो उसे अब अचानक से बदला नहीं जा सकता।आप इतिहास को दोबारा नहीं लिख सकते।

# लगातार दूसरे दिन ईडी के सामने पेश हुए रॉबर्ट वाड्रा

- पांच घंटे हुई पूछताछ
- आज फिर होगा सवालों का सामना
- प्रियंका गांधी ईडी दफ्तर के आगंतुक कक्ष में रुकीं थी



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने 2008 के शिकोहपुर भूमि सौदे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लगातार दूसरे दिन कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा से पांच घंटे तक पूछताछ की। रॉबर्ट वाड्रा सुबह 11 बजे पत्नी प्रियंका गांधी के साथ ईडी मुख्यालय पहुंचे थे। दोपहर 1:10 बजे तक उनसे पूछताछ हुई और इसके बाद उन्हें दोपहर के भोजन के लिए घर जाने दिया गया। पूछताछ के दौरान प्रियंका गांधी ईडी दफ्तर में ही मौजूद रहीं। इससे पहले ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा से मंगलवार को छह घंटे पूछताछ कर बयान दर्ज किए थे। प्रियंका गांधी पूछताछ के दौरान ईडी दफ्तर के आगंतुक कक्ष में रुकीं और दोपहर को रॉबर्ट वाड्रा के बाहर आने के बाद उनके साथ घर गईं। रॉबर्ट वाड्रा भोजन के बाद करीब तीन बजे वापस ईडी दफ्तर पहुंचे और वहां से शाम छह बजे बाहर निकले। इस तरह ईडी ने बुधवार को वाड्रा से करीब पांच घंटे पूछताछ की। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा को गुरुवार को फिर पूछताछ के लिए बुलाया है। रॉबर्ट वाड्रा ने ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए कहा कि देश के लोगों को जांच एजेंसियों पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच एजेंसियों के साथ सहयोग किया है और भारी मात्रा में दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 20 साल पुराने मामलों को बंद करने की जरूरत है। वाड्रा के खिलाफ यह जांच हरियाणा के मानेसर-शिकोहपुर (अब सेक्टर 83) में गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़ी है।

## हाईकोर्ट ने छात्रों से 'अमानवीय व्यवहार' के लिए स्कूल को लगाई फटकार




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को द्वारका स्थित 'दिल्ली पब्लिक स्कूल' को फीस के लिए छात्रों को पुस्तकालय में बंद करने और उन्हें कक्षाओं में भाग लेने की अनुमति नहीं देने जैसे 'अमानवीय' व्यवहार के लिए फटकार लगाई और कहा कि ऐसा स्कूल बंद करने के लायक है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि छात्रों के साथ उन्हें 'वस्तु' समझकर व्यवहार करने वाले स्कूल को बंद कर दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए कि छात्रों को स्कूल द्वारा 'प्रताड़ित' न किया जाए, जो संस्थान को केवल 'पैसा कमाने की मशीन' के रूप में चला रहा है। नाटकीय दृश्य के बीच कई छात्र अपनी स्कूल वर्दी में किताबों और बैग के साथ अदालती कार्यवाही के दौरान मौजूद थे।

## सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर आरोप लगाना सफेद झूठ : सिंघवी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एसोसिएटेड जनरल लिमिटेड एजेएल-यंग इंडियन से जुड़े ईडी के केस को आधारहीन बताते हुए इसे विश्व के सात अजूबों में एक करार दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नामी वकील अभिषेक



सिंघवी ने ईडी के साथ-साथ सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दुनिया में ऐसा कोई केस नहीं मिलेगा जिसमें एक रूपए या एक भी संपत्ति का इधर से उधर स्थानांतरण नहीं होने के बावजूद इसे मनी लॉन्ड्रिंग का केस बना दिया गया। यंग इंडियन को सेक्शन आठ के तहत नॉट फार प्रोफिट कंपनी बताते हुए कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कभी भी एक रुपया भी नहीं लिया मगर उनके खिलाफ अपराधिक आय का मामला बताना सफेद झूठ है। अभिषेक सिंघवी ने कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश के साथ बुधवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि एजेएल कांग्रेस की विरासत है और इसे बचाने के लिए ही यंग इंडिया कंपनी की स्थापना की गई। सोनिया-राहुल के यंग इंडिया में डायरेक्टर बनने से जुड़े सवाल पर सिंघवी ने कहा कि जो पार्टी की विरासत का हिस्सा है उसमें कांग्रेस के नेता नहीं तो क्या आडवाणी निदेशक बनेंगे। कई दशकों के दौरान कांग्रेस ने आर्थिक संकट से उबरने के लिए एजेएल को 90 करोड़ रुपए का कर्ज दिया।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा**

# अब यूपी के कस्बों में शुरू होंगी सिटी बसें: योगी

- निजी ई-बस संचालकों को दिया जाएगा मौका
- यूपी में बसों का किराया हो सकता है कम
- शहरों से गांवों तक मिलेगी सुविधा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिटी बस सेवा में निजी ई-बस संचालकों को भी मिले मौका देने का निर्देश दिया है। उन्होंने किराया, पार्किंग, रूट भी सुनिश्चित करने तथा बड़े शहरों के पास के कस्बों तक मिले निजी सिटी ई-बस सेवा शुरु करने को भी कहा, ताकि आमजन को इसका लाभ मिल सके।

सीएम बुधवार को नगर विकास विभाग में संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने भावी कार्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण अनुकूल स्वच्छ ईंधन वाली बसों को नगरीय परिवहन में प्रोत्साहित करने के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 15 शहरों में 700 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है। यह सुनिश्चित किया जाए कि 15 वर्ष से अधिक समय तक किसी भी डीजल एवं सीएनजी बसों का उपयोग न हो। इन्हें स्क्रैप कराएं। इनके स्थान पर ई-बसें लाई जानी चाहिए। उन्होंने प्रदेश में कहीं भी अवैध विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगने का निर्देश देते हुए कहा कि खतरनाक होर्डिंग के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड को वरीयता दें। अवैध होर्डिंग तत्काल हटवाएं। सभी नगरीय निकायों के लिए स्पष्ट नियमावली होनी चाहिए, जो आय का अच्छा माध्यम भी बनेगा। यह सुनिश्चित कराएं कि विज्ञापन होर्डिंग किसी महापुरुष की प्रतिमा या चित्र को विकृत न करता हो। शहरों में वाहन पार्किंग बड़ी चुनौती है। पार्किंग को मांग, स्थान और समय के अनुरूप व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है। शुल्क में समरूपता होनी चाहिए। स्थानीय व्यापारियों, दुकानों, कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों आदि का मासिक पास बने। यह सुनिश्चित कराएं कि कहीं भी पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली न हो। उन्होंने जिला मुख्यालय वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर निकाय के रूप में अपडेट करने का निर्देश भी दिया। इनमें डिजिटल गर्वनेंस, वैल्यू एडेड सिटीजन सर्विस जैसे वायु और जल प्रदूषण की मॉनीटरिंग, जलभराव की समस्या, स्मार्ट पार्किंग, स्मार्ट लाइट मैनेजमेंट, प्रदर्शनी स्थल, ऑडिटोरियम, वेंडिंग जोन, डिजिटल लाइब्रेरी, नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन जैसे ईज ऑफ लिविंग के दृष्टिगत उपयोगी कार्य होंगे। इन निकायों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो। इस संबंध में बजट आवंटित किया गया है। विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें।

# अगले हफ्ते भारत आएंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे भेंट

- 21 अप्रैल को मोदी से मिलेंगे वेंस
- भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। इसकी घोषणा अमेरिका के उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से की गई थी। जानकारी के मुताबिक जेडी वेंस 18 अप्रैल से 24 अप्रैल तक इटली और भारत की यात्रा करेंगे। उपराष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति दोनों देशों के नेताओं के साथ साझा आर्थिक और भू-राजनीतिक प्राथमिकताओं पर चर्चा करेंगे।

जेडी वेंस के भारत दौरे को लेकर उपराष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से कहा गया है कि, भारत में, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अगले सप्ताह की शुरुआत में भारत का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति वेंस अपने तीन छोटे बच्चों - इवान, विवेक और मीराबेल को भी भारत ला सकेंगे। वेंस परिवार नई दिल्ली के अलावा जयपुर और आगरा की भी यात्रा करेगा। उपराष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक करेंगे। उपराष्ट्रपति और द्वितीय परिवार सांस्कृतिक स्थलों पर कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। वहीं पिछले महीने एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत की यह यात्रा उषा की द्वितीय महिला के रूप में अपने पैतृक देश की पहली यात्रा होगी। उषा के माता-पिता कृष चिलुकुरी और लक्ष्मी चिलुकुरी 1970 के दशक के अंत में भारत से अमेरिका चले गए थे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति की पृष्ठभूमि में भारत की यात्रा कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज ने भी अगले सप्ताह की शुरुआत में भारत आने की योजना बनाई थी, लेकिन यात्रा स्थगित कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक वेंस का भारत दौरा एक निजी यात्रा हो सकती है, हालांकि इसमें आधिकारिक घटक भी शामिल होंगे। अमेरिकी उपराष्टपति 21 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे। इसमें टैरिफ के मुद्दे और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए दोनों पक्षों के बीच चल रही बातचीत समेत भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार, कृष सैन डिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के इंजीनियरिंग कॉलेज में अकादमिक मामलों के व्याख्याता हैं।

## कर्नाटक में मुस्लिमों को मिलेगा आरक्षण, राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया बिल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रख लिया है। राजभवन के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गहलोत ने इस विधेयक को राष्ट्रपति की सहमति के लिए सुरक्षित रखने के बाद इसे कर्नाटक कानून एवं संसदीय मामलों के विभाग के पास भेज दिया है। अब राज्य सरकार इस विधेयक को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजेगी। कर्नाटक में बड़े विवाद का विषय बना यह विधेयक मार्च में दोनों सदनों से पारित किया जा चुका है और विपक्षी भाजपा ने इसके विरोध में जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। भाजपा का कहना है कि यह विधेयक अवैध है और भारतीय संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रविधान नहीं है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि यह विधेयक केवल सत्ताधारी कांग्रेस द्वारा तुष्टीकरण की राजनीति के लिए लाया गया है। पार्टी ने इसे राज्य में जारी जनआक्रोश यात्रा का मुख्य मुद्दा बनाया है। गौरतलब है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने मुस्लिम कांट्रैक्टर्स को सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कर्नाटक पब्लिक प्रोक्योरमेंट एक्ट, 1999 के संशोधन को मंजूरी दे दी।

# मुर्शिदाबाद में दंगों के पीछे टीएमसी नेताओं का हाथ : शुभेंदु



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद जिले में जो हाल ही में सांप्रदायिक हिंसा हुई, उसमें टीएमसी के नेता मुख्य साजिशकर्ता और भड़काने वाले हैं। एक वीडियो पोस्ट के जरिए एक्स पर शुभेंद अधिकारी ने धुलियान नगरपालिका के चेयरमैन मोहम्मद इंजामुल हक का नाम लेते हुए कहा कि, हक ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दंगों में सक्रिय भूमिका निभाई है और भड़काऊ बयान देकर हिंसा को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि वीडियो में साफ सबूत हैं कि ये व्यक्ति दंगों में शामिल है और उसे तुरंत गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जानी चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने पूरे मामले को एक बड़ी राजनीतिक साजिश बताया। उन्होंने कहा, मठाबाड़ी से लेकर धुलियन तक टीएमसी नेता ही दंगों के असली साजिशकर्ता और उकसाने वाले हैं। ये लोग समाज में नफरत फैलाकर दंगे करवा रहे हैं, जिससे हिंदुओं की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी केवल अपने वोटबैंक को मजबूत करने के लिए ऐसे विषैले खेल खेल रही है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा, ये टीएमसी नेता ही हैं जो समाज में नफरत फैला रहे हैं।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर सत्ता हथियाने की कोशिश का लगाया आरोप

- सतर्क रहें और एकजुट रहे : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराकर सत्ता हथियाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं से सतर्क रहने और आंतरिक मतभेदों को दूर कर एकजुट रहने को कहा। इससे पहले खरगे ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली 'निरंकुश सरकार' अपने पाप पर पर्दा डालने के लिए उनकी पार्टी को निशाना बनाने पर तुली हुई है। राज्य सरकार के नौकरी मेले को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा ने आखिर देश के लिए क्या किया है? सिर्फ ईडी, आयकर और सीबीआई का इस्तेमाल कर डर पैदा करने की कोशिश करती है। जहां-जहां कांग्रेस सत्ता में है, वहां-वहां की सरकारों को गिराकर सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक में भी इसी तरह की कोशिश चल रही है। हमारे लोगों (कांग्रेस) को सतर्क रहना चाहिए। आपके बीच चाहे जो भी आंतरिक मतभेद हों, आपको एकजुट रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो मोदी और शाह मिलकर गरीब जनता को निगल जाएंगे। जनता की रक्षा के लिए आपको सत्ता दी गई है। उनकी रक्षा करना आपके हाथ में है। वे (भाजपा) वहां बैठे हैं, लूट रहे हैं और दरार पैदा कर रहे हैं। भाजपा कांग्रेस नेताओं को डराने की कोशिश करती है, लेकिन हम न डरेंगे, न झुकेंगे। हम हमेशा आपके आशीर्वाद और समर्थन से लड़ेंगे। हम देश को एकजुट रखेंगे, देश का निर्माण करेंगे और भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। आंबेडकर का अपमान करने का बार-बार आरोप लगाने के लिए भाजपा पर निशाना साधते हुए खरगे ने पूछा कि क्या आरएसएस और भाजपा उनसे प्रेम करते थे और उनका सम्मान करते थे? नहीं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस ही है जिसने आंबेडकर को संविधान की मसौदा समिति का अध्यक्ष बनाया और उनके द्वारा दिया गया संविधान आज भी जीवित है।

**बैठक** — **संगठन मजबूत करने पर बसपा सुप्रीमो का फोकस**

# आकाश को अभी कोई नई जिम्मेदारी नहीं : मायावती

- ट्रंप टैरिफ गेम से पूरी दनिया में खलबली
- वोटों के स्वार्थ की खातिर डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद करने की होड़ लगी



" आकाश आनंद को अभी इंतज़ार करना पड़ सकता है। बीएसपी चीफ मायावती ने संगठन को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समय बहुत कम है और चुनौतियां बड़ी हैं। अभी से 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाइए। कार्यकर्ताओं को सिर्फ चुनाव के समय नहीं, हर समय जनता के बीच रहना होगा। उन्होंने बूथ तक संगठन को मज़बूत करने की बात कही।

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि आकाश आनंद ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी है, जिसकी वजह से उन्हें दोबारा मौका दिया गया है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें तत्काल कोई जिम्मेदारी दी जाएगी। बसपा सुप्रीमो बुधवार को यूपी और उत्तराखंड के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने आगामी 5 माह के भीतर संगठन को दुरुस्त करने का सख्त निर्देश दिया। तत्पश्चात, संगठन में बड़ा बदलाव करने का संकेत भी दिया।

बसपा सुप्रीमो ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में दोनों राज्यों में पार्टी संगठन की समीक्षा की तथा पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए बीती 2 मार्च की बैठक में दिए निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कुछ जगहों की रिपोर्ट की कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर करने का निर्देश देते हुए कहा कि निष्क्रियता और लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने यूपी की लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति का संज्ञान लेते हुए कहा कि सपा सरकार की तरह ही डबल इंजन की भाजपा सरकार भी केवल कुछ क्षेत्र व समूह विशेष के लोगों के लिए ही समर्पित है और वैसा ही दिखना भी चाहती है। इससे यूपी का विकास प्रभावित हो रहा है। जबकि बसपा की चार बार की सरकार में सर्वसमाज को न्याय दिलाने के साथ कानून का राज स्थापित किया गया था। यूपी व उत्तराखंड की भाजपा सरकार को भी धर्म को कर्म के बजाय कर्म को धर्म मानकर कार्य करना चाहिए। दोनों राज्यों में द्वेष व विभाजन की संकीर्ण राजनीति खत्म होनी चाहिए। मायावती ने कहा कि दलित समाज के वोटों के स्वार्थ की खातिर डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनकी जयंती पर याद करने की होड़ लगी है। ऐसे समय में भी उनकी प्रतिमाओं का अनादर व उनके अनुयायियों को प्रताड़ित करने व हत्या आदि की वारदातें साबित करती हैं कि बसपा विरोधी पार्टियों में डॉ. आंबेडकर के प्रति आदर-सम्मान छलावा है। उन्होंने कहा कि 'ट्रम्प टैरिफ गेम' से पूरी दुनिया में आर्थिक खलबली व उथल पुथल मची है। विकासशील देश होने के नाते भारत की विशेष समस्याएं व चिंताएं हैं, जिसका सरकार को अपनी नीति बनाते समय ध्यान रखना चाहिए। नई आर्थिक चुनौतियों का सामना करते समय अपने आत्मसम्मान पर कोई आंच नहीं आने देना चाहिए।

# सोनिया गांधी व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर चार्जशीट को लेकर पार्टी कार्यकर्ता भड़के

## कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर चार्जशीट को लेकर पार्टी कार्यकर्ता भड़क गए हैं बुधवार को कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार और ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार और ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है। कांग्रेस पार्टी न्यायपालिका पर भरोसा जताती है। उम्मीद करती है कि न्यायपालिका अपनी भूमिका निभाएगी शहर अध्यक्ष रियाज अहमद मोनू ने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करे। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करे। सरकार विपक्ष की आवाज और देश के लिए के हर प्रकार का बलिदान देने वाले परिवार को परेशान करने का असफल प्रयास कर रही है। देश की जनता इसका जवाब पुरजोर तरीके से देगी।जिला प्रवक्ता बोले- यह लोकतंत्र के लिए खतरा धरना प्रदर्शन में प्रदेश सचिव पूर्वी वर्मा, रवि तिवारी, नवाज खां, दीपक बाजपाई, प्रेम वर्मा, केके मिश्र, मतीन शाह, अजीत जैन, अनंत राम गौतम, सतीश मिश्र, जावेद अली खां, लतीफ आज़म, विजेंद्र राठौर, हरगोविंद वर्मा, अकील, कोमल सिंह, राम जीवन राज, मोहन चंद्र उप्रेती, शिव सहाय सिंह, नीरज बाजपाई, इरफान किदवई आदि कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

### मानसिक रोगी युवक ने जमकर मचाया उत्पात

**लखीमपुर खीरी।** बांकेगंज कस्बा में एक मानसिक रोगी युवक ने जमकर उत्पात मचाया। उसने कई लोगों पर ईंट-पत्थरों से हमला कर उन्हें गंभीर घायल कर दिया। पकड़ने पहुंची पुलिस को भी उसने खूब छकाया कस्बा निवासी छोटेलाल बुधवार सुबह पांच बजे अपने घर के सामने सड़क पर टहलने निकले थे। इस दौरान मानसिक रोगी युवक ने ईंट और डंडे से ताबड़तोड़ प्रहार उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनके शोर मचाने पर हाथों में लाठी-डंडे लेकर पहुंचे ग्रामीणों को देख वह भाग खड़ा हुआ कुछ दूर जाकर उक्त युवक ने ट्रेन पर सवार होने जा रहे अंबेडकर नगर और झाऊपुर निवासी प्रदीप शुक्ला व मूवी सलमानी पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के ललकारने पर वह वहां से भाग गया। इसके बाद वह ग्रंट नंबर 11 पंचायत के बाबूपुर, लैनपुर आदि गांवों में पहुंचा, जहां उसने कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।दो लोगों की हालत गंभीर ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची और उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। इस बीच पुलिस ने एंबुलेंस मौके पर मंगवाई, जिसे देखकर वह गोला की ओर भागता चला गया और खेतों में छिप गया। हमले में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां छोटेलाल और पवन शुक्ला की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। कस्बा समेत गांवों में मानसिक बीमार युवक के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

### आगरा में एसटीएफ को मिली बड़ी सफलता, कुख्यात असलाह तस्कर को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** एसटीएफ की आगरा यूनिट ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए रकाबगंज क्षेत्र के एक होटल की पार्किंग से भरतपुर के 50 हजार के इनामी कृष्णा हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी कार में बैठकर हथियार बेचने आया था। एसटीएफ ने घेराबंदी कर पकड़ा और उसके पास से कार, 9 एमएम पिस्टल, 4 तमंचे और कारतूस बरामद हुए। रकाबगंज थाने में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

यूपी एसटीएफ आगरा यूनिट के निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि हथियार की खेप आगरा में आई है। तस्कर रकाबगंज क्षेत्र में स्थित प्रतापपुरा के एक होटल की पार्किंग में अभी पहुंचे हैं। तस्कर राजस्थान के भरतपुर जिले में स्थित गांव चिकसाना निवासी कृष्णा उर्फ करतार है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को होटल की पार्किंग में ही गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हाल ही में सदर क्षेत्र के रोहता चौराहा के पास स्थित विनायक गार्डन में किराये के मकान में रह रहा था।

हथियार की खेप देने के लिए होटल आया था। हथियार की खेप जिसे देनी थी, उसका मोबाइल नंबर बंद हो गया था इसलिए होटल की पार्किंग में अपनी कार में बैठा था।

एसटीएफ हुकुम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त इनामी तस्कर कृष्णा ने बताया कि 22 जुलाई 2023 को भरतपुर के अमोली टोल प्लाजा के पास पुलिस अभिरक्षा में कुलदीप जगीना की हत्या करने वाले आरोपियों को हथियार मैंने ही उपलब्ध कराए थे। नवंबर 2023 में एसटीएफ ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था तब वह 50 हजार रुपये का इनामी था।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी ।** थाना शारदानगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 97/2025 धारा 69 बीएनएस में वांछित अभियुक्त सतीश कुमार पुत्र रामगोपाल को पतरासी चौराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

### 02 नफर वारण्टियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी ।** थाना फूलबेहड़ 02 नफर वारण्टियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है रामरतन पुत्र नरायन निवासी ग्राम श्रीनगर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी संबंधित मु0नं0 2963/14 व अ0सं0 574/05 धारा 323,504 भादवि0 बनाम रामरतन आदि रमाकान्त पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम रमपुरवा मजरा नरहर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी संबंधित मु0सं0 1831/14 व अ0सं0 80/04 धारा 323,325,504 भादवि0 बनाम रमाकान्त लखीमपुर खीरी।

### क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी, भुगतान करने के बावजूद डबल रकम बकाया

**आगरा।** डिजिटल इंडिया में डिजिटल ठगी भी जोरो पर है तो वही क्रेडिट कार्ड के नाम पर लंबे समय से ठगी के मामले सामने आते रहे हैं। ताजा मामले में नगला पदी निवासी सुनील यादव ने एसबीआई पर क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी का आरोप लगाया। सुनील यादव का कहना है कि उन्होंने 5 जून 2022 को एसबीआई का क्रेडिट कार्ड लिया था। जिसकी लिमिट 39000 रुपए थी। यादव के मुताबिक उन्होंने अक्टूबर 2022 में कार्ड का भुगतान कर उसको बंद कराया। अब उनको किसी प्रकार के लोन की आवश्यकता हुई तो लोन के लिए अप्लाई करते समय पता चला कि उनके एसबीआई के क्रेडिट कार्ड का भुगतान अभी बाकी है जिससे उनका सिबिल स्कोर भी प्रभावित हुआ। हैरान करने वाली बात तो यह है कि सुनील यादव के मुताबिक कार्ड का भुगतान करने के बावजूद अभी भी ओवरड्यू 69000 रुपए दिखा रहा है। इससे यादव ने खुद को ठगा महसूस किया और बैंक से कार्यवाही की गुजारिश की है। यादव का कहना है कि अगर बैंक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होती है तो वह कोर्ट का रुख करेंगे।

### आगरा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार आगरा के नए पुलिस कमिश्नर बने



**आगरा।** आगरा पुलिस में बड़ा बदलाव हुआ। दरअसल सरकार ने देर रात 11 आईपीएस के तबादले किए जिसमें आगरा के पुलिस आयुक्त जे रविन्दर गौड़ को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का पुलिस आयुक्त बनाया गया। वही आगरा के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार को आगरा पुलिस कमिश्नरेट का पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। वहीं, एसएसपी मथुरा शैलेश कुमार पांडेय को डीआईजी आगरा बनाया गया है।

सरकार ने देर रात 11 आईपीएस के तबादले किए हैं। आगरा के पुलिस आयुक्त सहित कई जिलों के पुलिस आयुक्त, एसएसपी और कमिश्नर का तबादला किया है। आगरा के नए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार की बात करे तो वह 2005 बैच के आईपीएस हैं और 11 मार्च 2023 को आगरा के आईजी बने थे। दो साल से आईजी आगरा के पद पर कार्यरत दीपक कुमार अब आगरा के पुलिस आयुक्त बनाए गए हैं।

## पुलिस ने दबोचे बुलेट से पटाखा छोडने वाले चार आरोपी



**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने बुलेट मोटर साईकिल से तेज आवाज में पटाखा छुड़ाने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात पुलिस ने थाना प्रभारी चन्द्रसैन सैनी व उपनिरीक्षक बलवीर सिंह के नेतृत्व में चैकिंग अभियान के दौरान मल्हीपुर रोड पर दो बुलेट से तेज आवाज में पटाखा छोड़ने व आस पास के व्यक्तियों द्वारा मना करने पर झगड़ा करने के मामले में चार आरोपियों आमिर पुत्र दिलशाद, सुफियान पुत्र अनीस, फारिक पुत्र जाकिर व शमशाद पुत्र सईद निवासीगण मोहनपुर गाडा थाना रामपुर मनिहारान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों बुलेट बाईकों को सीज करने के साथ ही चारो आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

### पुलिस ने चोरी की बाईक के साथ दबोचा एक आरोपी



**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। कोतवाली सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 7 अप्रैल को वादी मनोज कुमार पुत्र रामजीलाल निवासी इस्लामनगर थाना रामपुर मनिहारान की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वादी की बाईक अम्बाला रोड से चोरी कर ले जाने के मामले में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पथरिया पीर के पास से एक शातिर वाहन चोर फरमान उर्फ रेहलू पुत्र मोहम्मद उमर निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की विकास भवन सभागार में बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना, आगरा (पैकेज-1 एवं पैकेज-2) के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम जिलाधिकारी ने कुल पाइप लाइन डालने की प्रगति तथा खड़ंजा, सीसी रोड तथा बिटुमिनस रोड की कटिंग तथा रेस्टोरेशन के कार्य की रिपोर्ट तलब की। जिसमें बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में सतही स्रोत आधारित पेयजल योजना के अंतर्गत बने डीपीआर के अनुसार कटिंग की गई। विभिन्न कैटेगरी के रोड का पाइप लाइन टेस्टिंग के बाद रेस्टोरेशन का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आगे वर्षा ऋतु के आगमन के दृष्टिगत रोड डिस्मेंटलिंग व कटिंग से



आमजन को कोई परेशानी न हो इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई पीडब्ल्यूडी तथा ग्रामीण क्षेत्रों की सभी सड़कों एवं रोड को गुणवत्तापूर्ण ढंग से, रीस्टोर करने,थर्ड पार्टी से जांच की ग्रामपंचायत वार रिपोर्ट देने, तथा रेस्टोरेशन के लंबित कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने किसी भी रोड को जेसीबी से न काटने, कटर मशीन का प्रयोग करने, मानक अनुसार गहराई में गुणवत्तापूर्ण पाइप लाइन डालने, खोदी गई सड़कों का समयबद्ध क्वालिटी रीस्टोर करने को निर्देशित किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थाओं से बनाए जा रहे ओवरहेड टैंक के निर्माण की प्रगति जानकारी तलब की तथा कार्य समयबद्ध पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को नोटिस देने तथा मौके पर कार्य कर रहे कुल श्रमिकों की संख्या,उपलब्ध मैटेरियल, निर्माण सामग्री की रिपोर्ट देने,10 दिन में लेबर की संख्या व संसाधन बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाने व पाक्षिक व माहवार कार्य की समीक्षा करने ,टाइम लाइन के सापेक्ष कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया। बैठक में पाइप लाइन डालने हेतु संबंधित विभागों में लंबित एनओसी की समीक्षा की तथा सिंचाई विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय कर एनओसी प्राप्त करने के कड़े निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुहैर बेग, अधिशासी अभियंता जल निगम अमित कुमार कटियार, सहायक अभियंता सिंचाई, डीपीआरओ मनीष कुमार सहित संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा नशा तस्कर, चरस बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात पुलिस ने थाना प्रभारी चन्द्रसैन सैनी व उपनिरीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत नागल रोड स्थित एलस्ट्रोन तिराहे के पास से एक शातिर नशा तस्कर शाहिद पुत्र शमशेर निवासी पेपर मिल रोड थाना सदर बाजार को दबोचकर उसके कब्जे से 210 ग्राम अवैध चरस बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## जिला मुख्यालय पर गरजे कांग्रेसजन, सौंपा ज्ञापन

### केन्द्र सरकार पर लगाया प्रवर्तन निदेशालय का असंवैधानिक एवं राजनैतिक दुरूपयोग का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस संसदीय दल की नेता श्रीमती सोनिया गांधी व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्र सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्यवाही के विरोध में जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर प्रवर्तन निदेशालय के असंवैधानिक एवं राजनैतिक दुरुपयोग को तुरंत बंद किए जाने की मांग की।

जिला व महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि केन्द्र सरकार नेशनल



हेराल्ड केस में आला कांग्रेस नेताओं पर जो आरोप लगा रही है, वे केवल राजनीतिक आरोप है और उनमें कोई सच्चाई नहीं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार यह भूल रही है कि जिस नेहरू-गांधी परिवार पर वह यह मिथ्या आरोप लगा रही हैं, उस नेहरू-गांधी परिवार ने आजादी के संघर्ष के दौरान अपनी करोड़ों-अरबों की संपत्ति देश को दान कर दी थी। उन्होंने कहा कि जांच तो अडानी-अंबानी जैसे औद्योगिक घरानों की होनी चाहिए, जिन्होंने भाजपा सरकारों के संरक्षण में देश की संपत्तियों को लूट कर अपने घरों में भर लिया ।

पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी व पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि आज मोदी सरकार एक बार फिर अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने धमकाने व राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर प्रवर्तन निदेशालय के असंवैधानिक एवं राजनैतिक दुरुपयोग को तुरंत बंद कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों में इमरान कुरैशी, आरिफ खान, अक्षय चौधरी, हरिओम मिश्रा, करण चौहान, ओमप्रकाश शर्मा, राकेश शर्मा, पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, प्रभजोत सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सोमपाल कश्यप, मयंक शर्मा, नसीब खान, जफर अहमद आदि शामिल रहे।

## वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया खेल प्रतिभा का प्रदर्शन





*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मुन्ना लाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की कबड्डी प्रतिस्पर्धा में ओपन टीम के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिद्वंदी टीम को 30-10 के अंतर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया।

मुन्ना लाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज में आयोजित वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों का उद्घाटन कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर जया ने छात्राओं से परिचय प्राप्त कर किया। जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु.कोमल ने 12.85 मीटर भाला फेंक कर प्रथम स्थान, एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. साक्षी ने 11.18 मीटर के साथ द्वितीय स्थान एवं बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कु. आयुषी सैनी ने 10.05 मीटर भाला फेंक कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता के पहले सेमी-फाइनल मुकाबले में ओपन टीम ने बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की टीम को पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया तथा दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की टीम ने बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की टीम को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच मे बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की टीम ने बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रों को हरा कर कांस्य पदक प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में ओपन टीम के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम बीए द्वितीय सेमेस्टर को 30-10 के स्कोर से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस के प्रारंभिक मैचों में सुरभि ने आरजू को, साक्षी ने काजल को, इशिका ने सना को, निपुर ने काजल को, जेहरा ने तरंग को, खुशनुमा ने गुरमीता को, रितिका ने मानसी को तथा वंशिका ने शाइस्ता मलिक को पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सुरभि ने निपुर पाल को तथा दूसरे सेमीफाइनल में वंशिका ने खुशनुमा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टेबल टेनिस के फाइनल रोमांचक मुकाबले में फुर्ती के साथ खेलते हुए सुरभि ने वंशिका को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नूपुर पाल ने खुशनुमा को हराकर तृतीय स्थान अपने नाम किया। प्रतियोगिता के निर्णायक शारीरिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर दीक्षा सिंह, श्रीमती निधि सैनी तथा कुमारी शिखा रानी रहें और मुख्य निर्णायक क्रीड़ा परिषद की सचिव डॉक्टर रीता बोरा रहीं। इस दौरान क्रीड़ा समिति के सदस्य एसोसिएट प्रोफेसर अनुपम गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपाली सिंह के अलावा महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सीमा रानी, श्रीमती सुमन बाला, नीरज कुमार, कुमार शिवम उपस्थित रहे।

## पुनः रूट निर्धारण की मांग को लेकर ई रिक्शा चालकों ने सौपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ई रिक्शा चालक एसोसिएशन के बैनर तले ई रिक्शा चालको ने निर्धारित किए गए रूट के कारण हो रही समस्या के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपकर रूट की जांच कराकर सही ढंग से रूट डायर्वट किए जाने की मांग की।



पंडित दीनदयाल उपाध्याय ई रिक्शा चालक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार के नेतृत्व में ई रिक्शा चालक एकत्र होकर डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पूरे प्रदेश मे ई रिक्शा चालको के लिए किए गए रूट निर्धारणा में जिला प्रशासन द्वारा सहारनपुर में ई रिक्शा चालको को रूट बाँटे गए है। सभी ई रिक्शा चालक अपने रुटो पर चल रहे है। उनका कहना था कि महानगर में रेलवे स्टेशन से घंटाघर होते हुए बेहट अड्डा व रेलवे स्टेशन से चिलकाना अड्डे के रूट पर सबसे ज्यादा यात्री चलते है, जबकि अन्य रुटो पर अपेक्षाकृत कम यात्री निकलते है। जिस कारण ई रिक्शा चालको को अपने परिवार का पालन पोषण करने मे समस्यायें आ रही है। उन्होंने रूटो की जांच कराकर सही ढंग से पुनः ई रिक्शा चालकों को रूट आवंटित किए जाने की मांग की। इस दौरान संदीप कुमार, पिंकू कुमार, सतीश, नरेश कुमार, अजय कुमार समेत कई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

# सात साल में दोगुने से अधिक बढ़ी गोरखपुर की जीडीपी : डीएम

अवधनामा संवाददाता



- गोरखपुर की मीडिया की भूमिका सच्चे मित्र जैसी : एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर
- पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में गोरखपुर की मीडिया की सहयोगी भूमिका : सीडीओ संजय

**गोरखपुर।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की तरफ से बुधवार को प्रेस क्लब सभागार में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना के साथ 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीडिया के साथियों से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गोरखपुर में जारी विकास के अनेकानेक कार्यों का सकारात्मक प्रभाव यहां की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर भी पड़ा है। बीते सात वर्षों में यहां की जीडीपी दोगुने से अधिक बढ़ चुकी है।

डीएम कृष्णा करुणेश ने कहा कि 2017-18 में गोरखपुर की जीडीपी 22 हजार करोड़ रुपये थी जो 2023-24 तक 47 हजार करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा कि गोरखपुर इस बात के लिए सौभाग्यशाली है कि यह मुख्यमंत्री जी का गृह क्षेत्र है। यहां विकास और जनकल्याण के कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। बीते साथ-आठ सालों में यहां 1500 किलोमीटर से अधिक का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ है। एक लाख से अधिक लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है। मीडिया और प्रशासन के बीच संबंधों की चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गोरखपुर की मीडिया ने सदैव सकारात्मक प्रहरी की भूमिका निभाई है।

न सिर्फ मीडिया, बल्कि यहां की जनता ने भी हर फील्ड में प्रशासन का हमेशा सहयोग किया है। गोरखपुर आज विकास के पैमाने पर निखर रहा है तो इसमें मीडिया और जनता दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हाल के दिनों में बारिश से फसलों को हुए नुकसान से जुड़े एक सवाल पर डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार सर्वे कराकर हर प्रभावित किसान को मुआवजा उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गोरखपुर की मीडिया ने एक सच्चे मित्र की भूमिका निभाई है। जिस तरह सच्चा मित्र गुण और दोषों, दोनों पर नजर रखता है उसी तरह यहां की मीडिया ने यदि कमियां उजागर की हैं तो अच्छे कार्यों पर लगातार प्रोत्साहित भी किया है। एसएसपी ने गोरखपुर में अपराध नियंत्रण को लेकर किए गए कार्यों की भी विस्तार से चर्चा की। बताया कि उनके ढाई लाख से अधिक के कार्यकाल में आपराधिक प्रवृत्ति के 350 लोगों की हिस्ट्रीशीट खोली गई, करीब 300 गैंगस्टर के मुकदमे दर्ज हुए। एक हजार करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में सेवा देते हुए वह सकारात्मक और सहयोगी विचारों से अमीर हुए हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने कहा कि पात्र लोगों तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में गोरखपुर के पत्रकारों ने हमेशा ही सहयोग किया है।

## भारती कृषक एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने साफ़ सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत के राष्ट्रीय महासचिव रामबीर जाटव के नेत्रत्व में जिलाधिकारी को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा जिसके बिन्दु निम्नलिखित है जिले में बिजली की समस्या सबसे जटिल भूड नगरिया सब स्टेशन पर न तो कोई समय आने का न ही बिजली जाने का इसका तत्काल निस्तारण किया जाये अन्यथा स्थिति धरना के लिये बाध्य होना पड़ेगा तहसील कायमगंज फर्रुखाबाद में मोटरसाइकिल का किसान से बीस रुपये बसूला जा रहा है।

किसान से रुपया नही लिया जायेअगर ठेकेदार नहीं मानता है तो उसका ठेका निरस्त किया जाये जिले में जितने बिध्यालय मांनटेशरी पब्लिक स्कूल चल रहे हैं उनकी बड़ी फीस कम करायी जाये ऐसे स्कूलों में पुस्तकें प्रकाशित है उन पर कमीशन खोरी बन्द की जाये हमारा संगठन इसका विरोध करता है ब्लाक मोहम्मदाबाद के गाब बारिश में प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत दो पहले बनायी गयी तथा सड़क की गिट्टी सारी उखड़ गयी उसकी जांच करायी जाये और ठेके दार के प्रति कठोर कार्यवाही की जाबे ब्लाक मोहम्मदाबाद में लोग मृत्यू प्रमाण पत्र के लिये लोग काई महीनों से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है लेकिन जिम्मेदार लोग काम करना ही नही चहाते फरुखाबाद की तहसील कायमगंज केगांब जिजपुरा के मजराअजीर पुर में डाटा संख्या 260थाना कम्पिल में दबगौ ने चकरोड जोत लिया है उसे तत्काल पैमाईश कब्जा मुक्त करवाया जाये और आम जनता के लिए चकरोड तत्काल प्रभाव से चालू कराया जाये मोहम्मदाबाद ब्लाक के गांव सहसापुर के मजरा नगला गाडे में हो गये है रामनारायन राजपूत के घर तक जाने का रास्ता नहीं है जबकि कागजो में रास्ता है उसकी पैमाईश कराकर आम रास्ता खुल बाय जाये इसकी सरी जिम्मेदारी अधिकारीयो की होगी कोई आधिकारी समय से काम नहीं करता है यदि समय रहते समस्यायों का निस्तारण नहीं हुआ तो जिले धरना प्रदर्शन होगा इसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी सुनील कुमार दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में ज्ञापन दिया गया।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

**सहजनवा गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक ऑटो मोबाइल के सामने बुधवार को अनियंत्रित पिकप चालक ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया था। जिसमें भट्ठे पर काम करने वाले विकास रजत निवासी मुसहरी वार्ड 11 खुदाबंदपुर जिला बेगुलसराय की मौत हो गई थी। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने पिता रामधरोबी रजक की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### अपहरण का अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट पुलिस ने किशोरी को अपहरण कर फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी से बुधवार को थानेदार मदन मोहन मिश्र, निरीक्षक शिवचंद पटेल,कास्टेबिल विजय कुमार नाग संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की किशोरी का अपहरण करने वाला अभियुक्त गौतम पुत्र गब्बू निवासी मेथौली जो बिगहा कटघर जाने वाले रास्ते पर खड़ा हैं। पुलिस मौके पर पहुंच कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय गूंगी बहरी किशोरी को 12 अप्रैल को शाम 7.30 बजे के करीब बहला फुसला कर बाइक पर बैठाकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म और पास्को एक्ट का केस दर्ज कर अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को थानेदार मदन मोहन मिश्र उपनिरीक्षक शिवचंद पटेल कास्टेबिल विजय कुमार नाग संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली की दुष्कर्म का अभियुक्त लाल मुहम्मद पुत्र जान मुहम्मद निवासी सेमरी घर पर मौजूद है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम अभियुक्त के घर पर जाकर गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में 10 मई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है।

### एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में एयरफील्ड एनवायरमेंट मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में अलीगढ़ एयरपोर्ट और उसके आसपास के क्षेत्र में पर्यावरणीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पक्षियों की उपस्थिति को नियंत्रित करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, खुले में मांस विक्रय पर रोक, जलभराव की समस्या के समाधान और एयरपोर्ट की सतत निगरानी सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर गंभीरता के साथ चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि एयरफील्ड के आसपास की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखते हुए नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि उड़ानों की सुरक्षा में कोई बाधा उत्पन्न न हो। डीएम ने सभी विभागों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समयबद्ध ढंग से दिशा-निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हवाई क्षेत्र की सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## सीएम डैशबोर्ड व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड व विकास कार्यो की समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी एवं बेहतर ढंग से किया जाए जिससे सरकार की योजनाओ से वंचित लोगो को भी लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय पर अपलोड करें और लंबित कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से सरकार जिले की हर योजना और परियोजना की नियमित निगरानी कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएम डैशबोर्ड पर सभी डेटा समय पर अपडेट हो और इसकी नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है इसको समय अंतर्गत पूरा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने समस्त विभागों के कार्यालयाध्यक्षो को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष योजनाओ की प्रगति में सुधार लाये और टीम भावना के साथ कार्य करे, यदि किसी भी अधिकारी की प्रगति में शिथिलता पाई जाती है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारी प्रतिदिन अपना विभागीय पोर्टल चेक करे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम आवास सर्वे और जीरो प्रोपर्टी जैसे महत्वपूर्ण कार्यो को तेजी गति से पूर्ण किया जाए। पर्यटन विभाग में राज्य योजना के तहत किए जा रहे का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण व समय से कराने हेतु निर्देशित किया, साथ ही विलंब से हो रहे निर्माण कार्य में संबंधित कार्यदायी संस्था का स्पष्टीकरण मांगा गया।

### अम्बेडकर जयंती संग साहित्यकार राजेश श्रेयस का मनाया गया जन्मोत्सव



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अमृतायन साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वावधान में जी.टी.एस. कोचिंग में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की जन्म जयंती समारोह मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार जय प्रकाश तिवारी ने की। मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह श्रेयस रहे। इस अवसर पर अवधी के स्तंभकार डॉ अशोक अज्ञानी संस्थापक अध्यक्ष अमृतायन की विशेष मौजूदगी रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन गीतकार मनीष मगन ने किया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं बाबासाहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं सूर्य प्रकाश सूर्य द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार उपन्यासकार राजेश सिंह श्रेयस के जन्म दिवस के अवसर पर केक काटकर, अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं पुस्तक भेंटकर समारोह मनाया गया। इस अवसर पर गीतकार सूर्यप्रकाश सूर्य, गजलकार पुष्पेंद्र प्रेमी, गीतकार मनीष मगन, डॉ अशोक अज्ञानी, जय प्रकाश तिवारी, राजेश कुमार सिंह श्रेयस, डॉ राम राज भारती, प्रवीण कुमार पांडेय आवारा, राहुल प्रकाश समाजसेवी, भोजपुरी गीतकार सुभाष रसिया, अविनाश सिंह प्रबंधक लखनऊ कॉन्वेंट स्कूल, आशीष द्विवेदी, द्विवेदी ट्यूटोरियल, मनोज गुप्ता संस्थापक जी.टी.एस. एवं इन्सपेकटर सी.बी.सी.आई.डी., लखनऊ मुकेशानंद ने अपने गीत गजल छंद एवं मुक्तकों से सबको भाव विभोर कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन पुष्पेंद्र प्रेमी ने किया।

## पूरे देश में दलितों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध यूपी में : सुदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सपा बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राम बाबू सुदर्शन ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री करोडो करोड़ युवाओ के दिलो की धड़कन, दलित पिछडो शोषित व पीडीए समाज के हक़ अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले माननीय अखिलेश यादव जी के बारे में जिस तरह से खुले मंच से गुण्डे उन्हें हत्या करने व गोली मारने की धमकी दे रहे है।

सरकार ऐसे आसामाजिक तत्वों व गुंडो के खिलाफ किसी भी तरीके से कानूनी कार्रवाई ना करना यह दर्शाता है कि सरकार का मौन समर्थन प्राप्त है उन्हें पीडीए कि सरकार बनने पर ऐसे गैर कानूनी ढंग से भय व डर फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। सुदर्शन ने कहा कि प्रदेश में दलितों के खिलाफ बर्बरता बढ़ती जा रही है। सच तो यह है कि योगी सरकार में दलित होना अपराध हो गया है। एनसीआरबी के हालिया आंकड़े के मुताबिक पूरे देश में दलितों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध के मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गये।उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ जो जघन्या अपराध लगातार हो रहे हैं वे तो न सिर्फ बदस्तूर जारी हैं, बल्कि बढ़ते जा रहे हैं और दुर्भाग्य देखिए कि जो सामाजिक अपराध होने बंद हो चुके थे, वह इस सरकार में पुनः होने लगे हैं। सुदर्शन ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में एक तरफ जहां दलित अपनी रोजी-रोटी के लिए परेशान है वहीं दूसरी तरफ संविधान द्वारा दिए आरक्षण पर भी इस सरकार की कुदृष्टि है।

## संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** दिनांक 16.04.2025 को सांसद, लोकसभा श्री मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ÷संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति÷ की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मा0अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, मा0विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक कायमगंज डा0 सुरभि गंगवार अनिल सिंह राजपूत नगर पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज भी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा समिति को बताया गया कि जनपद-फर्रूखाबाद में वर्ष 2024 में 390 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 301 व्यक्ति घायल हुये हैं, जबकि वर्ष 2023 में 401 सड़क दुर्घटनाओं में 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा 269 व्यक्ति घायल हुये थे। गत वर्ष के सापेक्ष सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है, जबकि मृतकों एवं घायलो की संख्या में वृद्धि अत्यन्त ही चिन्ता जनक है। माह मार्च 2025 में 33 सड़क दुर्घटनाओं में 22 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि माह मार्च 2024 में 42 सड़क दुर्घटनाओं में 32 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। वर्तमान वर्ष में माह मार्च 2025 तक 98 सड़क दुर्घटनाओं में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि माह मार्च 2024 तक 93 सड़क दुर्घटनाओं में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। माह मार्च 2025 में जनपद फर्रूखाबाद में दुर्घटनाओं की संख्या में 21 प्रतिशत की कमी तथा मृतकों की संख्या में 31 प्रतिशत की कमी आई है। माह मार्च 2025 तक दुर्घटनाओं की संख्या में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि मृतकों की संख्या स्थिर रही है। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने दुर्घटना के आंकड़ों के विश्लेषण में बताया कि मार्च 2025 में घटित 33 सड़क दुर्घटनाओं में 24 सड़क दुर्घटनाओं में एक वाहन दोपहिया रहा है, जबकि 6 ऐसी दुर्घटनायें घटित हुई हैं जिनमें दुर्घटना में शामिल दोनों वाहन दो पहिया रहे हैं। जनपद फर्रूखाबाद में अधिकतर दुर्घटनायें पूर्व में ब्लैक स्पॉट्स पर घटित होती थीं। वर्तमान में दुर्घटनाओं की संख्या अन्य जिला मार्ग, मुख्य जिला मार्ग तथा अन्य मार्गो पर अधिक हुई हैं। लगभग 60 प्रतिशत दुर्घटनाओं में शामिल एक वाहन दो पहिया वाहन है। वर्ष 2025 में माह मार्च तक हिट एण्ड रन की 24 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 19 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं तथा 17 व्यक्ति घायल हुये हैं। वर्ष 2024 में हिट एण्ड रन की 66 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 43 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी।

### धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**शिकोहाबाद।** नगर के नगलाकिला स्थित अंबेडकर पार्क में सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगला किला अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर भारत रत्न एवं संविधान निर्माता की जयंती सर्वजन सुखाय पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव एवं जिला अध्यक्ष विनीत यादव व तहसीलदार सिंह,राजेश कुमार, संजेश भारती, रजनी, रमन, नीरज ने कैंडल जलाकर माल्यार्पण कर केक काटकर जयंती मनाई। प्रदेश अध्यक्ष विवेक यादव ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं और शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो। जिला अध्यक्ष विनीत यादव ने कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि हमें उस धर्म को मनाना चाहिए जो स्वतंत्रता समानता और भाईचारा सिखाता हो। हमें बाबा साहब के चिंतन में स्वतंत्रता, समानता, बंधुता एवं न्याय के दर्शन होते हैं। इस अवसर पर अभय राज, मयंक, क्षितिज, श्याम मोहन, टीटू एवं तमाम लोग उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने किया राजकीय अभिलेखागार का किया औचक निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

**फिरोजाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने राजकीय अभिलेखागार का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागो की जमा आर0सी0 (राजस्व वसूली) की स्थितियों का जायजा लिया, जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि विभिन्न विभागों की आर0सी0 सही समय पर जमा नहीं हो पा रही हैं, और ऑनलाइन ब्यौरा ठीक ढंग से फीड नहीं हो रहा है, जैसे की सदर तहसील में आर0सी0 का डाटा पूरी तरह से मिलान नहीं हुआ, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई के आदेश दिए, इसी तरह वाणिज्य विभाग की प्राप्त कुल आर0सी0 का मिलान भी ऑनलाइन पोर्टल पर नहीं हो पा रहा था, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए, उन्होंने अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 विशु राजा को निर्देशित किया कि 2018-19, 2019-20, 20-21, 21-22, 22- 23, 23-24 और 24-25 की आरसियों का ब्यौरा समुचित तरीके से ऑनलाइन फीडिंग कराये, अब इसमें किसी प्रकार की कोई अनियमित्ता नजर नहीं आनी चाहिए।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत–अभियंता, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी https://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 09.05.2025 समय (11.30Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| |
|---|
| NIT.संख्या : 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 दिनांक 15.04.2025 |
| निविदा संख्या : 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 |
| कार्य का नाम : उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य। |
| निविदा प्रपत्र लागत : कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य : रु. 1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा : रु. 2,20,800.00/- (दो लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र) |
| समापन की अवधि : 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता : 60 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक : 15.04.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है : 25.04.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय : 09.05.2025(11.30Hrs.) |
| पात्रता मापदंड : निविदा दस्तावेज के अनुसार। |

ध्यान दें: 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।"
टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
सं.: 143-Dy.CEE-C-LK0-2025-26 दिनांक: 15.04.2025 1111/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## किसान कल्याण केन्द्र में किसान दिवस का हुआ आयोजन



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार की अध्यक्षता में क्वार्सी कृषि फार्म परिसर स्थित किसान कल्याण केन्द्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में कृषक राम अवतार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा जिले में सरसों का सरकारी कंटा अभी तक संचालित न होने एवं सभी ग्रामों में विद्युत के जर्जर तार जो जमीन पर लटक रहें है उनको तत्काल सही कराए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। पूर्व महासचिव भारतीय किसान यूनियन चौधरी नवाव सिंह द्वारा गेहूँ का समर्थन मूल्य में बढ़ोत्तरी किए जाने एवं जायद में मक्का की खरीद सरकारी स्तर से 15 मई से आरंभ कराए जाने की मांग की गई। कृषक प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा धनीपुर मण्डी स्थल गेट पर कृभको सेन्टर पर पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने की समस्या की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया। कृषकों द्वारा केसीसी जमा करने के बाद भी तहसील से खतौनी को बंधनमुक्त न किए जाने की शिकायत पर एडीएम ने बताया कि केसीसी जमा करने के उपरान्त बन्धनमुक्त के लिए बैंक द्वारा ऑन-लाइन ही तहसील पोर्टल पर अग्रसारित कर दी जाती है। एडीएम ने किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर उचित कार्यवाही करते हुये समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर एक सप्ताह के अन्दर आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने स्कूलों में समय परिवर्तन की मांग को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौपा



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में स्कूलों में समय परिवर्तन की उठी मांग - उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने किया। बैठक भीषण गर्मी को देखते हुए अन्य जनपदों की भाँति यहां भी स्कूलों का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाये। इस मांग को लेकर बीएसए गौतम प्रसाद को ज्ञापन सौंपा लेखा पर्चियों में संशोधन,चयन वेतनमान एरियर, आधार बनाने में आ रही दिक्कतों को दूर करने तथा एमआरपी चयन का परिणाम घोषित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। बैठक में राजेश कुमार, राकेश यादव, मुन्ना लाल यादव, श्याम सिंह, बलवीर सिंह, गजेंद्र सिंह, सत्यभामा राठौर, अनुपम मिश्रा, शाहिद गौरी, ओम सिंह चौहान, राजीव राजपूत, शैलेन्द्र चौहान, सुशील माथुर, सत्यभान सिंह, देवेन्द्र नारायन,के पी सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में गत दिवस भीषण दुर्घटना में मृत शिक्षकों को श्रद्धांजलि दी गई।

### विवि के कृषि संकाय में सुचारू रूप से चल रहीं कक्षाएं

**शिकोहाबाद।** मैनपुरी रोड स्थित जेएस विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में विधिवत् रूप से कक्षाएं चल रही हैं। कृषि संकाय के प्रवक्ताओं ने छात्रों को सीधे फील्ड पर उपस्थित करके जानकारी दी। कृषि संकाय के छात्रों ने ग्रीन हाउस,पॉली हाउस एवं औषधि उद्यान में विभिन्न प्रकार की फसलों का अध्ययन किया। उनमें होने वाली समस्त, क्रियाओं के बारे में और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी। विवि प्रशासन ने सभी छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों से अनुरोध किया है, कि सभी छात्र छात्राएं विवि में आकर अपनी शैक्षिक तथा प्रयोगात्मक कक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-AUCTION) किया जाना है।

ऑक्शन कैटलॉग नं. BSBCATERING 25

| खानपान स्टाल/ट्राली के आवंटन का विवरण | GMU/SMU | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| मुफ्तीगंज स्टेशन के PF-01 | GMU | 02.05.2025 | 13:00 बजे से 13:30 बजे तक |
| पनियहवाँ स्टेशन के PF-01 | GMU | 02.05.2025 | 13:00 बजे से 13:40 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन के PF-01 | SMU | 02.05.2025 | 13:00 बजे से 13:50 बजे तक |
| खोरासन रोड स्टेशन के PF-2/3 | SMU | 02.05.2025 | 13:00 बजे से 14:00 बजे तक |
| सिधवलिया स्टेशन के PF-01 | SMU | 02.05.2025 | 13:00 बजे से 14:10 बजे तक |
| रसडा स्टेशन के PF-01 | SMU | 02.05.2025 | 13:00 बजे से 14:20 बजे तक |
| नोट: उपरोक्त सभी के लिए अवधि: 5 वर्ष | | | |

ऑक्शन कैटलॉग नं. BSBMPS 2025

| मल्टी परपज स्टाल के आवंटन का विवरण | MPS | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| बनकटा स्टेशन के PF-01 (in Middle) | MPS | 02.05.2025 | 12:00 बजे से 12:30 बजे तक |
| जीरादेई स्टेशन के PF-01 (in Middle) | MPS | 02.05.2025 | 12:00 बजे से 12:40 बजे तक |
| वोदरवार स्टेशन के PF-01 (in Middle) | MPS | 02.05.2025 | 12:00 बजे से 12:50 बजे तक |
| दिघवादुबौली स्टेशन के PF-01 (in Middle) | MPS | 02.05.2025 | 12:00 बजे से 13:00 बजे तक |
| नोट: उपरोक्त सभी के लिए अवधि: 5 वर्ष | | | |

• ई–नीलामी (E-AUCTION) IREPS पोर्टल पर ऑनलाइन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर ₹10,000/– (Non Refundable) ऑनलाइन जमा कर एक बार पंजीकरण (One time Registration) कराना आवश्यक है, साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक ऑफ इंडिया) में करेंट खाता हो, जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD, कान्ट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 5% (अर्नेस्ट मनी पांच प्रतिशत) होगी जिसका भुगतान/कटौती ऑनलाइन उसी खाते से होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तें की संपूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल www.ireps.gov.in के Auction Leasing Section में उपलब्ध है।
मुजाधि/वा.–19 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ** द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम तिथि दिनांक **07-05-2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 03802055 दिनांक 15-04-2025 | |
| निविदा संख्या | 03/Sr.DEN-I/LKO/2025-26, 04/ Sr.DEN-I/LKO/2025-26 | |
| कार्य का नाम | 1. | आलमबाग वर्कशॉप में एलएचबी बोगी के लिए सुविधाओं का उन्नयन। |
| | 2. | लखनऊः लखनऊ मंडल के उतरेटिया– लखनऊ सेक्शन पर एलबीएच और लखनऊ स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज संख्या 789 ए (सदर आरओबी) के पास किमी–1071.404 पर पुल के नीचे सड़क (RUB) का प्रावधान |
| अनुमानित लागत | 1. | Rs. 4,45,16,579.14 |
| | 2. | Rs. 8,26,47,712.96 |
| धरोहर राशि | 1. | Rs. 3,72,600/- |
| | 2. | Rs. 5,63,200/- |
| कार्य की समापन अवधि | क्र0सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौह माह। |
| | क्र0सं0 02 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से ग्यारह माह। |
| निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 23-04-2025 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 07-05-2025 15:00 बजे | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 1117/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# होमियोपैथी दवाएं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैः मेयर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या के देवकाली स्थित बृज किशोर होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज में बुधवार को होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता जर्मन चिकित्सक सैमुअल हैनिमैन का 270वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज ने अपना वार्षिक समारोह भी आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और सीआरपीएफ के सेकेंड इंचार्ज कमांडेंट स्वतंत्र कुमार उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने होमियोपैथी चिकित्सा की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की होमियोपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जो न केवल रोग का इलाज करती है, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाती है। किसी भी दवा का असर तभी होता है, जब आप उस पर पूर्ण विश्वास करते हैं। उन्होंने छात्रों को होमियोपैथी के क्षेत्र में नवाचार और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। सीआरपीएफ कमांडेंट स्वतंत्र कुमार ने भी होमियोपैथी के महत्व को रेखांकित किया और इस चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह ने सैमुअल हैनिमैन के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी खोज ने विश्व भर में लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया हैं।कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और होमियोपैथी के इतिहास पर आधारित एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में शिक्षकों, छात्रों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन ने होमियोपैथी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ईडी की चार्जशीट के विरोध में कांग्रेस का अयोध्या में जोरदार प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता



**अयोध्या।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट के विरोध में अयोध्या में जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने बड़ा प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन जिला अध्यक्ष चेत नारायण सिंह की अगुवाई में कमला नेहरू भवन से निकला, जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई और सेवादल के सदस्य शामिल हुए।जुलूस जब रिकाबगंज चौराहे पर पहुंचा, तो पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उसे रोका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का संदेश–नहीं झुकेगी कांग्रेस, लोकतंत्र पर हमला बंद करो, ईडी का दुरुपयोग बंद करो÷ जैसे नारे लगाकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।नेताओं का केंद्र पर सीधा हमला उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व सांसद डॉ. निर्मल खत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईडी द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है और इसका उद्देश्य विपक्षी नेताओं को बदनाम करना है। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहे हैं।जिला कांग्रेस अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने आरोप लगाया कि यह चार्जशीट एक राजनीतिक साजिश है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जनता की आवाज़ उठाई है, जिससे भाजपा असहज है।

# भरतकुंड पर्यटन कॉन्क्लेव का हुआ भव्य समापन

*अवधनामा संवाददाता*




**भदरसा -अयोध्या।** महात्मा भरतजी की धरती नंदीग्राम में दो दिनों से चल रहे भरतकुंड पर्यटन कॉन्क्लेव एवं सतुआ संक्रांति महापर्व का देर रात भव्य समापन हुआ। समापन समारोह और लोक भास्कर सम्मान में अनेक जाने माने चेहरे शामिल हुए। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह, सहकारी बैंक के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप टिल्लू सिंह एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सरोज मिश्रा ने द्वितीय दिवस का दीपप्रज्ज्वलन किया। सुबह से ही विद्यालयी बच्चों की प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो गई जिनमें चित्रकला प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई ।चित्रकला प्रतियोगिता में अंशिका मौर्य प्रथम स्थान, काजल द्वितीय स्थान तथा प्रिया रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में संध्या प्रथम रही तथा भरत के नाम विषय पर निबंध लेखन में एमजेएस अकादमी की स्वाति ने बाजी मारी। चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एसबी सागर प्रजापति के तत्वाधान में आयोजित हुई। निबंध लेखन प्रतियोगिता की जिम्मेदारी एमजेएस की शिक्षिका रीमा जी ने संभाला। इसके बाद अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें प्रतापगढ़ से आए लवलेश यदुवंशी, रायबरेली के नीरज पांडे, प्रतापगढ़ के राजमुर्ती सिंह सौरभ, प्रसिद्ध हास्य कवि संदीप शरारती, अवध कोकिला के नाम से प्रसिद्ध कवियत्री अर्चना द्विवेदी, अंबेडकर नगर के शैलेंद्र पांडे मासूम, सब इंस्पेक्टर और कवि रंजीत यादव तथा छोटी कवियत्री अद्विका भारद्वाज ने अपनी रचनाओं से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। लोक भास्कर सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडे बादल, भाजपा नेता अभय सिंह, डॉ अनुपम पांडेय जितेंद्र दुबे मिंटू प्रधान ने 51 विभूतियों को लोक भास्कर सम्मान प्रदान किया। संस्था के सम्मान प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया की लोक भास्कर सम्मान पाने वालों में वरिष्ठ कवि रामानंद सागर, पत्रकार राकेश मिश्र, शीतला प्रसाद वर्मा, संगीता आहूजा, डॉ अनुपम पांडे, रविशंकर पाण्डेय, अनूप मल्होत्रा, हाईवे देवदूत प्रमोद ओझा, डॉक्टर मृणाल पांडे, डॉक्टर केके मिश्रा, सुभाष सिंह रमाकांत द्विवेदी, बसंत राम, सत्य प्रकाश दुबे, कांस्टेबल मो अहद आदि प्रमुख नाम रहे।

# संवर रही अयोध्या की सूरत, अब स्ट्रीट लाइटें होंगी स्मार्ट

## कंट्रोल रूम से जुड़ेंगी नगर निगम क्षेत्र की 20 हजार स्ट्रीट लाइट

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम की नगरी अयोध्या योगी सरकार के तहत विकास के नए आयाम छू रही है। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ अब यह शहर आधुनिक तकनीक और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना रहा है। अयोध्या में अब एक और महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत होने जा रही है, जिसके तहत शहर की गलियों और मोहल्लों में स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के तहत शाम ढलते ही स्ट्रीट लाइट्स अपने आप जलेंगी और सुबह होने पर स्वतः बंद हो जाएंगी। इस पहल से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि नगर निगम के प्रकाश विभाग का कार्यभार भी काफी हद तक कम होगा। इस परियोजना का आधार है कंट्रोल कमांड एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस), जिसके जरिए अयोध्या नगर निगम शहर की लगभग 20,000 स्ट्रीट लाइट्स को एक केंद्रीकृत सिस्टम से जोड़ेगा। इस स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम को लागू करने के लिए करीब 15 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। सीसीएमएस तकनीक के माध्यम से स्ट्रीट लाइट्स को स्वचालित रूप से नियंत्रित किया जाएगा, जिससे बिजली की खपत में कमी आएगी और रखरखाव का खर्च भी कम होगा। इसके अलावा, इस सिस्टम से लाइट्स की निगरानी और उनके संचालन में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा।

योगी सरकार की यह पहल अयोध्या को एक स्मार्ट और सतत शहर बनाने की दिशा में एक और कदम है। राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, ऐसे में शहर का आधुनिकीकरण और भी जरूरी हो गया है। स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम न केवल स्थानीय निवासियों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि पर्यटकों को भी एक सुरक्षित और आकर्षक अनुभव प्रदान करेगा।

**क्या है सीसीएमएस सिस्टम ?**

कंट्रोल कमांड एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) एक ऐसी तकनीक है, जो स्ट्रीट लाइट्स को केंद्रीकृत रूप से नियंत्रित करने में सक्षम है। इसके जरिए लाइट्स को समय, मौसम या जरूरत के अनुसार चालू-बंद किया जा सकता है। यह सिस्टम लाइट्स की खराबी को तुरंत पहचानकर उसका समाधान भी सुझाता है। अयोध्या में इस सिस्टम के लागू होने से बिजली की बचत और रखरखाव की लागत में कमी आएगी।

अयोध्या का बदलता स्वरूप

राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या में सड़कों, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन और अन्य बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है। स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम इस विकास यात्रा का हिस्सा है। यह परियोजना शहर को न केवल आधुनिक बनाएगी, बल्कि पर्यटकों के लिए भी इसे और आकर्षक बनाएगी।

# महिला आयोग सदस्य पहुची मसौली महिलाओं की सुनी समस्याएं



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने बुधवार को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा व दहेज संबंधी आठ मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। ब्लाक सभागार मसौली में सदस्य अंजू प्रजापति ने कहा कि उत्पीड़न की शिकार कोई भी महिला व बालिका महिला जनसुनवाई में समस्याओं का त्वरित निदान पा सकती है। महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से ही महिला जनसुनवाई की जा रही है। उत्पीड़न संबंधी किसी भी समस्या का त्वरित निदान के लिए संबंधित महिला एवं बालिका उप्र राज्य महिला आयोग के व्हाट्सएप नंबर 6306511708 व आयोग के ईमेल पर प्रार्थना पत्र भेजकर निदान व निस्तारण करा सकती हैं। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत बांसा की एक किशोरी ने दबँगो द्वारा घुस कर मारने पीटने की. शिकायत की घटना मे पुलिस कार्यवाही की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद उपनिरीक्षक राकेश यादव को तुरंत न्याय दिलाने के निर्देश दिये। इससे पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने स्वास्थ्य एव बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा लगाये गये स्टालो का जायजा लिया जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 06 माह के शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। जिला प्रोवेशन अधिकारी पल्लवी सिंह जनहित में चल रहे टोल फ्री नंबर 181,1090, 1098, 102 व 108 की जानकारी साझा करते हुए महिलाओं द्वारा उत्पीड़न का शिकार होने पर उनकी सहायता में तत्पर वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष, निराश्रित विधवा पेंशन सीएम कन्या सुमंगला योजना, उप्र बाल सेवा योजना की जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख रईस आलम एव खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी बनना होगा।

## पति ने ही किया पत्नी की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा, भेजा जेल



**बाराबंकी।** पुलिस ने महिला हत्या का किया खुलासा पति ने ही की थी धारदार हथियार से पत्नी की हत्या। 10 अप्रैल को घर के अंदर मिली महिला के शव के मामले में पुलिस ने हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक महिला के पति ने ही धारदार हथियार से गला रेतकर कर महिला की हत्या की थी। मामला कोठी थाना क्षेत्र का है। यहां पर बीती 10 अप्रैल को लाला पुरवा सेमरावा में घर के अंदर खून से लथपथ गर्भवती महिला राजकुमारी का शव मिला था। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। और एसपी के निर्देश पर स्वात टीम सर्विलांस सेल और कोठी थाना पुलिस मामले के खुलासे के लिए लगाई गई थी। पूरे मामले के छानबीन के बाद पुलिस ने हत्या के आरोप में महिला के पति सूर्य लाल को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि राजकुमारी का 4 वर्ष पहले सूर्य लाल के साथ विवाह हुआ था। और वह गर्भवती थी। राजकुमारी अक्सर फोन पर बात करती रहती थी। जिसको लेकर सूर्यलाल मना करता था तो उससे लड़ाई झगड़ा करने लगती थी। इसी बात से नाराज होकर सूर्य लाल ने हत्या की योजना बनाई और मौका देखकर धारदार हथियार से पत्नी के गले पर हमला कर हत्या कर दी। हालांकि वह शव को भी ठिकाने लगाना चाहता था। लेकिन कामयाब ना हो सका। आरोपी ने पूछताछ के दौरान हत्या की बात स्वीकार की है और उसकी निशान देही पर पुलिस ने आला कत्ल भी बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस विधिक कार्रवाही कर आरोपी को जेल भेज रही है।

# हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित प्रभातफेरी फिजा ने झंडी दिखाई



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य मे बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव से हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर आधारित प्रभातफेरी निकाली गई ब्लाक स्तरीय रैली को खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने झंडी दिखाकर रवाना किया इसमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीआरसी केन्द्बड़ागांव से निकली संविधान प्रभात रैली ग्राम पंचायत की विभिन्न गलियों से होता हुआ डा0 भीम राव अम्बेडकर पार्क मे जाकर समाप्त हुआ इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा, एडीओ आईएसबी मदन गोपाल् कनौजिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद सहित अधिकारियो एव शिक्षकों ने बाबा साहब की प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव मे आयोजित हमारा सविधान हमारा स्वाभिमान संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब का जीवन समर्पण, संघर्ष और शिक्षा का प्रतीक है।यह कार्यक्रम न केवल संविधान के प्रति सम्मान को दर्शाता है बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में भी जागरूक करता है। यह कार्यक्रम लोगों को देश के कानून और न्याय प्रणाली के बारे में बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। कार्यक्रम मे खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने अभिभावकों को भी जागरूक करते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्जा ने कहा कि बाबा साहब का संविधान आज भी भारत की आत्मा है और हर विद्यार्थी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने शिक्षा को समाज में समानता और न्याय का माध्यम बनाया। आज की पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समरस समाज की दिशा में काम करना चाहिए।शिक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित हमारा सविधान हमारा स्वाभिमान संगोष्ठी को सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, संजय श्रीवास्तव, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, तकनीकी सहायक अजय वर्मा, संदीप कुमार पाल, उपनिरीक्षक शिवकुमार सहित ग्रामीण, शिक्षक एव बच्चे मौजूद रहे।

## समाज में आगे बढ़ने के लिए बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेंः मुब्बशिर



**बाराबंकी।** डाक्टर भीमराव अम्बेडकर का जीवन हम सबके लिए एक आदर्श है बाबा साहब की शिक्षाओं को हमे आत्मसात करने की आवश्यकता है संविधान शिल्पी की शिक्षा हम सबको सामाजिक बुराइयों व कुरीतियों से बचने की प्रेरणा देती है अतः हम सबको चाहिए कि शिक्षित बनें संगठित रहें और देश की प्रगति में अपना योगदान दें यही बाबा साहब के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी द्य उक्त विचार विकास खण्ड बंकी की ग्राम पंचायत गनौरा में अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंचे बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रत्याशी दरियाबाद मोहम्मद मुब्बशिर ने व्यक्त किए द्य ग्राम प्रधान तुफैल अहमद के नेतृत्व में क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा श्री मुब्बशिर का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया द्य इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्य अतिथि डॉक्टर विवेक वर्मा,विशिष्ठ अतिथि हरिनंदन सिंह एडवोकेट, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि केसरुआ फिरोज़ हैदर,प्रधान देसी मुस्तफाबाद नीरज वर्मा,विजय खलीफा, श्रवण यादव, प्रदीप गौतम, गजोधर गौतम, हंसराज गौतम, अबरार अहमद, मोहम्मद उमर, मोहम्मद आरिफ़ सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## सीओ सौरभ श्रीवास्तव ने जैदपुर थाने का किया निरक्षण

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण सीओ सौरभ श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर थाने को विशेष रूप से सजाया गया। थाने में सफाई व्यवस्था के साथ रंग बिरंगी रोशनी और झालर लगाई गई। शाम होते ही थाना परिसर की खूबसूरती देखने लायक हो गई। राहगीरों ने थाने की सजावट की तस्वीरें और वीडियो बनायी पुलिस कर्मियों ने भी सोशल मीडिया पर थाने की सजावट के वीडियो शेयर किए। पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी ने थाने की वार्षिक समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी संतोष कुमार सेंह, एसएसआई सुरैश गुप्ता, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह मौजूद रहे। साथ ही दरोगा हलीम बाबू, आलोक कुमार, राम नाथ प्रसाद रवि सिंह, शिवनाथ और जय चन्द भी उपस्थित थे। दीवान जय नारायण, गुफरान खान और सिपाही पंकज राठौर, शैलेश कुमार यादव, पंकज सिंह, सुग्रीव सिंह और पवन कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

## फोरलेन सड़क निर्माण का हुआ शिलान्यास



*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** क्षेत्रीय विकास को रफ्तार देते हुए पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह और सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने मंगलवार को पकड़ी खुटहा मार्ग पर बलिया नाले पर पुल और फरेंदा-महाराजगंज एनएच से केएमसी मेडिकल कॉलेज तक फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी व स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि पुल और सड़क निर्माण की लागत क्रमशः 358.13 लाख और 2747.48 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि इससे पनियरा से जिला मुख्यालय की दूरी कम होगी और आसपास के ग्रामीणों को भी आवागमन में सहूलियत मिलेगी। सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने कहा कि यह सिर्फ निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र की प्रगति की नींव है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को धरातल पर लाने के लिए उन्होंने और पनियरा विधायक ने मिलकर कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया। जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने डबल इंजन की सरकार को विकास का आधार बताया। कार्यक्रम में तकनीकी अधिकारियों ने बताया कि पुल अत्याधुनिक तकनीक से टिकाऊ रूप में बनेगा। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश पटेल ने किया और अंत में विधायकों ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत की।

# वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**मिठौरा (महराजगंज)।** विकासखंड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत पकड़ियार खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय पकड़ियार खुर्द में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मिठौरा आनंद कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी बच्चों द्वारा बहुत अच्छी प्रस्तुति की गई है। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभय कुमार दुबे ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री गोपाल पासवान ने कहा कि बच्चे राष्ट्र की पूंजी हैं इनका संवर्धन होना चाहिए। शिक्षा से कोई भी वंचित न रहने पाए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बंगीता ने समस्त उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नंदलाल यादव, आशीष गुप्ता,शैलेन्द्र पटेल, चंद्रबदन एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य सड़क पर जलजमाव से परेशानी



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा(महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरवन में मुख्य सड़क पर गंदा पानी बहने से राहगीरों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य सड़क पर गंदा पानी जमा होने एवं बदबू से लोग परेशान हैं। मुख्य सड़क मिठौरा से होते हुए चौक कस्बे तक जाती हैं। इस सड़क से प्रतिदिन ना सिर्फ हजारों राहगीर गुजरते है बल्कि काफी संख्या में स्कूली बच्चों का रोजाना आना जाना लगा रहता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी मौखिक शिकायत कई बार जिम्मेदारों से की गई लेकिन जिम्मेदार इस समस्या का निदान नहीं कर पाए।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने महिलाओं की समस्याएं सुनी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी ने बुधवार को जनपद भ्रमण के दौरान महिलाओं की जनसुनवाई की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, धनेवा धनेई और आंगनबाड़ी केंद्र मुंडेरा कला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान छात्राओं से सामान्य ज्ञान व अंग्रेजी के सवाल पूछे और उनकी शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि बालिकाओं के शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाया जाए। उपाध्यक्ष महोदया ने छात्रावास का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्था पर संतोष जताया। इसके पश्चात उन्होंने मुंडेरा कला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का दौरा किया। परिसर की सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए साफ-सफाई में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को फल व चॉकलेट वितरित किए और गोदभराई व अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। निरीक्षण भवन में हुई जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, भूमि विवाद, आवास व सरकारी योजनाओं से वंचित महिलाओं की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# सालों से खराब हैंडपम्पो को कोई पूछने वाला नहीं

## गर्मी में पानी के लिए तरस रहे राहगीर व दुकानदार

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत हल्लौर की मंगल बजार में लगे हैंड पम्पो का हाल बुरा है सालों से खराब हैन्ड पम्प अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहे हैं जिसके चलते मोहल्ले और बाजार वालों के लिए पेय जल की समस्या बनी हुई है कितनी बार इसे ले कर ग्रामीणों ने पंचायत अधिकारियों से शिकायत की लेकिन इसको अनदेखा किया जा रहा है। विभागीय उदासीनता के चलते लोगों में रोष व्याप्त है। ऐसे ही भटंगवा में ग्रामीण बैंक के सामने, सिकहारा में मुख्य मार्ग पर, महुआ आदि गांवों में हैन्डपम्प खाली दिखाने के लिए लगे हैं लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं वहीं ग्रामीण सैय्यद अली का कहना है कि मंगल बाजार अंग्रेजो के समय से लग रही है जहां दूर दूर से खरीददार व दुकानदार आते हैं यहां दो हैंड पम्प लगे हैं मगर सालों से पानी नहीं आता है जिससे लोग मजबूरी में पानी खरीदकर पीते हैं। मैंने कितनी बार प्रधान से कहा मगर खाली अश्वासन मिलता है कार्य नहीं होता है वहीं प्रधानो का कहना है मैंने विभाग को लिखित अवगत कराया है जल्द ही कार्य शुरू होगा।

## मानसिक रोगी युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बस्ती।** जिले के थाना लालगंज क्षेत्र के परसाव गांव में बुधवार सुबह एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां एक मानसिक रोगी युवक ने अपने घर के पास स्थित एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पंकज (उम्र लगभग 30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय लल्लू के पुत्र थे। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह परिजनों ने पंकज को घर के पास एक पेड़ पर रस्सी से लटका हुआ देखा। आनन-फानन में परिजनों ने रस्सी काटकर उसे नीचे उतारा और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनहरा ले गए। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद पंकज को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही थाना कलवारी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर इसे आत्महत्या का मामला बताया है।

# 56 विद्यालयों के यू-डायस कोड बंद होने की लटक रही है तलवार

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग अंतर्गत 56 विद्यालयों के यू-डायस कोड बंद होने पर तलवार लटक गई है। यू-डायस प्लस पोर्टल पर छात्र संख्या फीड न होने से खराब स्थिति प्रदर्शित हो रही है। जिससे लगता है कि या तो विद्यालय ही बंद हो गए हैं या फिर प्रधानाचार्य छात्रों का डाटा पोर्टल पर फीड करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को विद्यालय का यू डायस कोड बंद करने की चेतावनी दी गई है। सबसे खराब स्थिति वाले विद्यालयों को 24 घंटे का मोहलत दिया गया है, साथ ही शत-प्रतिशत बच्चों का डाटा फीड न किए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी। जिविनि कार्यालय में बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह ने यू-डायस पोर्टल पर नामांकित बच्चों का डाटा फीड करने के बिंदु लेकर पटल सहायकों के साथ समीक्षा की। इस दौरान पाया कि तीन राजकीय विद्यालय समेत 35 निजी विद्यालय, सहायता प्राप्त 18 विद्यालयों की ओर से बच्चों का शत-प्रतिशत डाटा फीड करने में घोर लापरवाही बरती जा रही है। यू-डायस पोर्टल पर छात्रों का डाटा यू डायस पर फीड नहीं किया जा रहा। सबसे अधिक शिथिलता राधा कृष्ण इंटर कॉलेज बांसी, दीनबंधु इंटर कॉलेज नदांव, बाबा हरिदास इंटर कॉलेज उस्का बाजार, स्व. रमादेवी कौशल विद्यालय मोहाना, संकटा प्रसाद पांडेय कॉलेल, जेपी मिश्रा कॉलेज, सर्वजीत कौशल पेड़ारी, उमाशंकर पांडेय इंटर कॉलेज शामिल हैं। डीआईओएस प्रकाश सिंह ने संबंधित को दूरभाष पर 24 घंटे की मोहलत देते हुए शत-प्रतिशत फीड न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। जिविनि ने बताया कि इन विद्यालयों से जुड़े प्रधानाचार्यों को छात्रों का डाटा फीड करने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है। यदि डाटा फीड नहीं किया तो संबंधित विद्यालयों का यू-डायस कोड बंद करने की शासन को प्रबल संस्तुति कर दी जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में किया गया किसान दिवस का आयोजन




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में अम्बेडकर सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया कि किसानो द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाये। सभी अधिकारी किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। भारत सरकार/उप्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभार्थियों को मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को निर्देश दिया कि किसान दिवस में सभी अधिकारी उपस्थित रहना चाहिए। उप कृषि निदेशक द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विवेक दूबे, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शारदा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ के बोरा पेट्रोल पम्प के बगल स्थित शारदा पब्लिक स्कूल में मंगलवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अनिल चौधरी (नि0 प्रदेश सचिव शिक्षक मंच अपना दल) एवं विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय, युवा नेता अभय प्रताप सिंह, ब्यापार मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र कौशल, भारतीय मानवाधिकार जिलाध्यक्ष नीलू रुंगटा, श्याम सुन्दर चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि रवि अग्रवाल ने कहा कि पिछड़े क्षेत्र में यह विद्यालय स्कूल शिक्षा क्षेत्र में मजबूती देगी। हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय है। वहीं अनिल चौधरी ने कहा कि बच्चों के अन्दर असीम छिपी प्रतिभाएं होती हैं। उन्हें निखारने की जिम्मेदारी शिक्षक के ऊपर होती है। विशिष्ट अतिथि अभय प्रताप सिंह ने कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिस्पर्धा उत्पन्न होगी। जो वह आगे की ओर अग्रसर होंगे। सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई के जरिए शिक्षक एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास करता है। श्याम सुन्दर चौधरी ने कहा कि शिक्षकों को चाहिए कि वह नियमित विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। नीलू रुंगटा ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय है। बच्चों के अन्दर असीम छिपी प्रतिभाएं होती हैं। शैलेन्द्र कौशल ने कहा कि शिक्षा की महत्ता देश के बाहर जाने पर दिखाई देती है। शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन जरूरी है। विद्यालय की छात्रा शालिनी, साक्षी, पल्लवी, ज्योति की टीम ने गणेश वन्दना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उसके बाद अनन्या, पारुल, शाम्भवी के डांस ÷छोटा बच्चा÷ देखकर लोग काफी खुश हुये, दिव्या व रिद्धि के मधुर ध्वनि में ÷भांग तनी पीस द गौरा÷ कार्यक्रम को सुनकर खूब सराहा। अजय, नितेश, अंकित व शिवम की टीम के नेताजी नाटक कार्यक्रम को देखकर लोगों ने खूब तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। पीहू, महिमा, देवांश व आध्या की टीम के टमाटर मजेदार ग्रुप डांस पर स्कूल के छात्र-छात्राओं व दर्शकों ने खूब आनन्द लिया। कार्यक्रम के संचालन इमरान खान, व्यवस्था प्रभारी अवधेश चौधरी, कार्यक्रम प्रशिक्षक (बालिका) आंचल वर्मा, स्नेहा मल्ल व (बालक) अभिषेक अग्रहरि, आकाश, सिद्धार्थ मल्ल उपस्थित रहें। इस दौरान विद्यालय प्रबन्धक आशीष कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य अरविन्द अग्रहरि, उप प्रधानाचार्य मुख्तार आलम, अवध बिहारी त्रिपाठी, राशिद जलाल, रविन्द्र चौधरी, सेराज अहमद, सफीक, सिद्धार्थ मल्ल, शवकुश, कु0 स्नेहा मल्ल, सोनम जहां, आर्शिया परवीन, साहिना, संध्या, आमिना बानो, अंकिता, श्रीमती कुसुमलता श्रीवास्तव मौजूद रहें। वहीं बार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान किसमत अली, राजकुमार मोदनवाल, वकील खान, मनोज कुमार, दिनेश कुमार, पप्पू यादव, पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव, रवि सिंह, राजेश उपाध्याय, पिन्टू पटेल, बिष्णु उमर, निलेश चौधरी, कमलेश शर्मा घनश्याम गुप्ता, लवकुश चौधरी, दीपक कौशल, सर्वेश सिंह, मनोज गुप्ता, महेश कसौधन, वीरेन्द्र मोदनवाल, आशीष कौशल, सुखदेव प्रजापति, अरशद कमाल, इमरान खान, विनोद कुमार, आबिद अली, जहीर खान, शुक्लाम्बर दास आदि लोग मौजूद रहें।

## सीएसपी सेंटर में चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती।** मुण्डेरवा पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल के संयुक्त प्रयास से जन सेवा केंद्र (सीएसपी) में ताला तोड़कर चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से तीन लैपटॉप, 1400 रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक गड़ासा बरामद हुआ। यह कार्रवाई गोदमवा मोड़, मुण्डेरवा में 16 अप्रैल 2025 को तड़के 01¬40 बजे की गई। घटना 1 अप्रैल 2025 की रात को ग्राम बरड़ाड बोदवल में स्थित एक जन सेवा केंद्र में हुई, जहां अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की थी। इस संबंध में मुण्डेरवा थाने में विभिन्न धाराओ के साथ ही साथ धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू की और सर्विलांस व मुखबिरी के जरिए अभियुक्तों तक पहुंची। गिरफ्तार अभियुक्तों में अभिषेक यादव (24 वर्ष), पुत्र राम संवारे यादव, अखिलेश यादव (22 वर्ष), पुत्र गुरुशरण यादव; और विपिन यादव (21 वर्ष), पुत्र राजकेश यादव शामिल हैं।

## बीएसए ने बीईओ को स्पष्टीकरण मांगते हुए प्रधानाचार्य को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बांसी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय भगौतापुर प्रथम में एक शिक्षिका की ओर से चिकित्सा पर्ची पर ओवरराइटिंग करने बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत कराकर उपयोग करने के प्रयासों समेत उनमें बीईओ बांसी की भूमिका को संदिग्ध पाते हुए बीएसए ने बीईओ को स्पष्टीकरण मांगा है। जबकि प्राथमिक विद्यालय भगौतापुर प्रथम की प्रभारी प्रधानाध्यापक रविता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने विकास खंड बांसी के प्राथमिक विद्यालय भगौतापुर प्रथम की प्रभारी प्रधानाध्यापक रविता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। रविता पर बीते चार अप्रैल 2025 को 30 दिनों यथा 15 अप्रैल से 14 मई तक बाल्य देखभाल अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, उसमें चिकित्सा पर्ची पर परीक्षणोपरांत पाया गया कि अंकित तिथि 2022 के स्थान पर 2025 तथा पुत्र मृत्युंजय की उम्र 14 वर्ष के स्थान पर 17 वर्ष ओवरराइटिंग करने का आरोप है। बीएसए ने इस कृत्य को विभाग को गुमराह करने तथा अभिलेखों में हेराफेरी कर अनियमित रूप से बाल्य देखभाल अवकाश स्वीकृत कराकर उपभोग करने के आरोप में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक को 15 दिन के भीतर स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने, अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस प्रकरण में खंड शिक्षा अधिकारी बांसी को भी प्रथम दृष्टया भूमिका संदिग्ध मानते हुए तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

## तहसीलदार ने हटवाया अवैध कब्जा

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर के निर्देश पर बुद्धवार को तहसीलदार सदर डॉ0 संतराज सिंह ने तहसील सदर के थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के राजस्व ग्राम बर्डपुर नम्बर 11 टोला चुनमुनवा में स्थिति गाटा संख्या 184 घूर गढ्ढा, गाटा संख्या 179 बंजर, 178 गड़हा सरकारी जमीन से नियमानुसार 750 वर्ग मीटर का अवैध कब्जा राजस्व टीम पुलिस बल के समन्वय से हटाया गया। तहसीलदार सदर ने बेदखली का आदेश भी पारित कर रखा था। इस बीच तहसीलदार सदर तथा अवैध कब्जेदार से काफी कहां सुनी भी हुई। राजस्व टीम में तहसीलदार सदर के साथ नायब तहसीलदार उसका अमित सिंह, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, लेखपाल विनय पांडे, राजेश चाहर, देवेंद्र त्रिपाठी थाना मुकामी पुलिस बल मौजूद थे। उप जिलाधिकारी सदर कल्याण सिंह मौर्या का कहना है। इसी तरह अभियान चला कर अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। किसी भी अवैध कब्जदार को बक्सा नहीं जाएगा।

## 15 दिनों मे 2257 वाहनों का हुआ चालान 60 वाहन सीज़

**अम्बेडकरनगर।** जनपद मे यातायात व्यवस्था को सुधारने और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चल रहा है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर 1 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान में अब तक कई बड़ी कार्रवाई की गई है। 15 अप्रैल को 55 वाहनों का चालान किया गया। अभियान की शुरुआत से अब तक 2257 वाहनों के चालान काटे गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर 60 वाहनों को सीज किया गया। इनमें 47 ई-रिक्शा और ऑटो शामिल हैं। साथ ही 2 बसें, 2 ट्रक, 6 मोटरसाइकिलें, 1 कार और 2 पिकअप वाहन भी सीज किए गए। पुलिस ने 96 वाहनों से 1,68,300 रुपये शमन शुल्क वसूला है। नशे में वाहन चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने 195 चालकों की जांच की। इनमें से 5 चालक नशे में वाहन चलाते पकड़े गए। इन पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसपी केशव कुमार ने बताया कि यातायात पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नेशनल हेराल्ड सम्पत्ति सीज करने के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नेशनल हेराल्ड सम्पत्ति को ईड़डीज़ द्वारा अवैधानिक तरीके से सीज किए जाने एवं गैर कानूनी तरीके से कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के विरोध में कांग्रेस जनों ने आज जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति जी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी डा आर राजा गणपति को सौंपा।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कहा कि मोदी सरकार के इशारे पर नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को मनमाने ढंग से और अन्यायपूर्ण तरीके से जब्त करना और पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी जी, राहुल गांधी जी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करना कानूनी प्रक्रिया का मामला नहीं है और यह राज्य प्रायोजित अपराध है जिसे हम कांग्रेस के लोग कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे। और इसके खिलाफ मोदी सरकार से आर पार का संघर्ष छेड़ेंगे। आसिफ़ रिजवी, सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ ईड़डीज़ द्वारा आरोप पत्र दाखिल करना बदले की कारवाई दर्शाता है। मोदी सरकार ईड़डीज़ के बल पर विपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित कर रही है। इस अवसर पर दीपक यदुवंशी, रियाज़ मनिहार, डा विक्की रिज़्वी, मनोज श्रीवास्तव, सबरे आलम, सुदामा प्रसाद, ओमप्रकाश दूबे, इश्तियाक चौधरी, ग़ालिब बिसेन, रितेश त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, शौकत अली, विंध्याचल चौधरी, राजेश शास्त्री, अर्जुन कन्नौजिया, होरी लाल श्रीवास्तव सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा के तत्वावधान में 18 जिला स्तरीय विचार गोष्ठी कल : कन्हैया

## पार्टी के अभियानों को लेकर जिलाध्यक्ष ने की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर चलाए जा रहे 10 दिवसीय अभियान के निमित्त भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सभी को आवश्यक कार्य हेतु निर्देश दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के क्रम में 18 अप्रैल को भाजपा जिला कार्यालय पर जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस निमित्त मंगलवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा पार्टी के 10 दिवसीय अभियान के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा, अंबेडकर सम्मान अभियान केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है इसका उद्देश्य कांग्रेस के दुष्प्रचार को उजागर कर सच्चाई को जनता तक पहुंचाना है। उक्त कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री फतेबहादुर सिंह, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पाण्डेय, फूलचंद जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।

## कप्तानगंज के इटहिया गांव में कंबाइन मशीन विवाद ने लिया खूनी रूप, कई घायल

**कप्तानगंज, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के इटहिया गांव में बुधवार को एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इस मारपीट में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। घटना के बाद एक पक्ष के घायल लोग जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचे और जमीन पर लेटकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। इस मामले ने न केवल क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, इटहिया गांव में मंगलवार सुबह कंबाइन मशीन को एक पक्ष द्वारा ले जाने की कोशिश की जा रही थी। दूसरे पक्ष का आरोप है कि मशीन को उनके घर के सामने से जबरन ले जाया जा रहा था, जबकि वहां रास्ता ही नहीं था। रास्ते को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों ने लाठी-डंडे निकाल लिए और एक-दूसरे पर हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में कई लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मारपीट इतनी भीषण थी कि गांव में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट के बाद एक पक्ष के घायल लोग अपनी शिकायत लेकर बुधवार को बस्ती जिला मुख्यालय स्थित एसपी कार्यालय पहुंच गए। घायल अवस्था में दर्जनों लोग कार्यालय परिसर में जमीन पर लेट गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि जबरन कंबाइन मशीन ले जाने का विरोध करने पर विपक्षी पक्ष ने उनके घर में घुसकर मारपीट की।

# भाजपा के हर सितम का मुकाबला करने को कांग्रेस तैयार : वीरेन्द्र चौधरी

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** ईडी द्वारा गांधी परिवार और उनके पारिवारिक सहयोगियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट से कांग्रेस में काफी गुस्सा है। बुधवार को पार्टी की तरफ से जिला मुख्यालय पर ईडी और भाजपा के खिलाफ जिलाध्यक्ष विजय सिंह के नेतृत्व में धरना दिया गया। धरने में कांग्रेस नेताओं ने ईडी और भाजपा से कई सवाल पूछे।

धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा दरअसल भाजपा सरकार गांधी परिवार से बौखलाई हुई है। मोदी और अमित शाह के गढ़ गुजरात में कांग्रेस की हुंकार से वे जान गए हैं कि उनके ही घर में अब उनका ठिकाना छिनने वाला है। बिहार में कांग्रेस की पदयात्राओं में उमड़ी भीड़ भाजपा को बेचैन कर रही है। आने वाले कुछ महीनों में नौ प्रदेशों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हर प्रदेश में भाजपा को अपनी हार दिख रही है। विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा जबसे सत्ता में आई है,उसका एक मात्र मिशन गांधी परिवार को परेशान करना है। पहले भी राहुल गांधी,सोनिया गांधी से कई कई घंटे की पूछताछ हुई है। कुछ नहीं मिला तो राहुल गांधी को मानिहान जैसे नितांत छोटे मुकदमे में दो साल की सजा कराकर उनकी लोकसभा सदस्यता छीनी गई और फिर उनका घर छीना गया। अब घबड़ाई भाजपा गांधी परिवार को नेशनल हेराल्ड अखबार के नितांत फर्जी मामले में एक बार फिर फंसाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को लगता है कि ऐसे फर्जी मामले गढ़ कर वह राहुल गांधी, सोनिया गांधी को डरा ले जाएगी,यह सपना उनका काफी पूरा नहीं होगा। भाजपा इस परिवार पर दमन का जितना हथौड़ा चलाएगी,यह परिवार उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने कहा प्रदेश ही नहीं पूरा देश भाजपा के दमन को देख रहा है। इसका जवाब जनता देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के हर सितम का मुकाबला करने को कांग्रेस तैयार है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिभुवन मिश्र ने कहा कि गांधी परिवार से भाजपा की बौखलाहट का पता इसी से चलता है कि वह प्रियंका गांधी के पति राबर्ड वाड्रा पर एक उस मामले में ईडी के जरिए शिकंजा कसने की कोशिश कर रही है जिस मामले में 2023 में ही हरियाणा की भाजपा सरकार ने ही कोर्ट में एफीडेविट दाखिल कर कहा है कि इस मामले में कोई अनियमितता नहीं बरती गई। भाजपा का यह कृत्य एक प्रतिष्ठित उच्च रिजनीतिक परिवार के प्रति द्वैषभाव का उदाहरण नहीं तो क्या है। पूर्व चेयरमैन जय प्रकाश लाल ने कहा कि ईडी यदि निष्पक्ष है तो वह बिना किसी रजिस्ट्रेशन के देश भर में भाजपा के बने नवनिर्मित कार्यालयों की जांच क्यों नहीं करती? ईडी अपंजिकृत संस्था आर एस एस के नागपुर और दिल्ली में बने अरबों के पांच सितारा कार्यालयों का लेखा जोखा क्यों नहीं मांगती?केयर फंड के नाम पर अरबों रूपए की ठगी पर सवाल क्यों नहीं और इलेक्टोरल बांड के अरबों रुपए की जांच क्यों नहीं करती कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि भाजपा कांग्रेस को कमतर आंकने की भूल न करे।

# हमें आपसी भेदभाव खत्म करके एक होकर के सपा के झंडे तले पीडीए को मजबूत करें : पासवान

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जी के आवास पर सेक्टर प्रभारी प्रभारी जोनल प्रभारी एवं कपिलवस्तु विधानसभा कमेटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष जोखन चौधरी जी मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विजय पासवान श्री विजय पासवान जी ने कहा की यह चुनाव इस बार जीवन और मरण का है।

हमें आपसी भेदभाव खत्म करके एक होकर के समाजवादी पार्टी के झंडे तले पीडीए को मजबूत करें और यहां से एक संकल्प लेकर जाएं की आने वाले 27 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत कि सरकार बने और हम सभी सेक्टर और जोनल और विधानसभा कमेटी के लोग पुरजोर मेहनत करके आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे विजय पासवान जी ने कहा कि हमारे सेक्टर बूथ जोनल प्रभारी की कहीं भी बात आएगी तो हम उनके सम्मान में खड़े मिलेंगे। हम अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने नहीं देंगे और इस बार 27 हमारा है और हम किसी भी हालत में 27 इस आता ताई सरकार से अपने विधानसभा को मुक्त करेंगे और पीडीए कि सरकार बनाने का काम करेंगे हम समाजवादी लोग जिसमें मौजूद पूर्व विधायक विजय पासवान जी विधान सभा अध्यक्ष जोखन चौधरी जी पूर्व चेयरमैन जमील सिद्दीकी जी पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रासना त्रिपाठी जी जिला अध्यक्ष महिला सभा सुनीता गोस्वामी जी एडवोकेट नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी जी विधान सभा सचिव जुनेद आलम जी चंद्रजीत यादव जी सुनील यादव जी शैलेंद्र शर्मा जी बृजभान यादव जी अमून मैकरॉनी जी अमरेंद्र पाल यादव जी मिलेश यादव जी राजू चौधरी जी रवि यादव जी मुरली मिश्रा जी राम सेवक लोधी जी चंद्रजीत जायसवाल जी राम सागर चौधरी जी एडवोकेट रियाज अहमद जी पार्टी के आदि लोग मौजूद रहे।

## बेंगलुरु मे संदिग्ध परिस्थितियों मे जनपद के युवक की मृत्यु

**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** बेंगलोर में रोजी रोटी के लिए काम कर रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक वहां पर पेंटर का काम करता था। शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर सम्मनपुर पुलिस युवक के घर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के असताबाद निवासी हनुमान पुत्र रामलखन (23) गांव के एक युवक के साथ बेंगलोर में पेंटर का काम करता था। बीते कई दिनों से युवक की कोई हालचाल ना मिलने से परिजन परेशान थे। परिजनों ने बेंगलोर में अपनों से सम्पर्क किया तब पता चला कि युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। आनन फानन में स्वजन बेंगलोर पहुंचे तो उन्हें मामला संदिग्ध लगा। बुधवार को शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मचा है। पिता रामलखन समेत स्वजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया। तब जाकर पिता ने बेटे का अंतिम संस्कार नम आंखों से किया।

## बंगाल की हिंसा

हमारा संदेह है कि पश्चिम बंगाल में इतना हिंसक, दंगानुमा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? हिंदू पिता-पुत्र की चाकू से गोद कर हत्या कैसे कर दी गई? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाड़ियां रोक दी गई, क्योंकि पटरियों पर हजारों की भीड़ बैठी थी। ऐसे हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं। यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ऐसे उग्र, नफरती, हिंसक हालात और माहौल का बुनियादी सबब क्या है? वक्फ संशोधन कानून एक मुखौटा कारण हो सकता है, लेकिन जो मुस्लिम नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भडक़ा-सुलगा रहे हैं, क्या उनके 'कुत्ते', 'हरामखोर', 'गद्दार' वाले बयान किसी कानून के दायरे में नहीं आते? क्या ये गालियां भी 'अभिव्यक्ति की आजादी' हैं? कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है।

संविधान में केंद्र और राज्य की भूमिकाओं की स्पष्ट व्याख्या है। समवर्ती सूची का कानून केंद्र और राज्य दोनों ही बना सकते हैं। यदि ऐसे किसी कानून पर केंद्र बनाम राज्य की टकरावपूर्ण स्थिति पैदा होती है, तो संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्र का बनाया कानून ही मान्य होगा। राज्य सरकार उसे खारिज नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ने बंगाल में केंद्र की 'आयुष्मान भारत' योजना भी लागू नहीं होने दी है। संविधान का अनुच्छेद 245 बताता है कि संसद पूरे भारत अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकती है। राज्य विधानमंडल राज्य अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकता है। अनुच्छेद 246 अधिकार-क्षेत्र संबंधी विवादों को दूर करने के लिए विधायी विषयों को सौंपता है। वक्फ बिल इन्हीं अनुच्छेदों की परिधि में पारित कराया गया है। वह समवर्ती सूची का भी कानून है, लिहाजा संसद द्वारा पारित किए गए बिल को बंगाल कैसे नकार सकता है? यदि इस संबंध में भारत सरकार कोई कार्रवाई करती है, तो संघीय ढांचे के उल्लंघन का रोना रोया जाएगा। यह विवाद फिलहाल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। इसी 16 अप्रैल को 20 याचिकाओं की सुनवाई होगी। वक्फ कानून की आड़ में उपद्रव मचाने वालों को याद रखना चाहिए कि आखिर फैसला शीर्ष अदालत को ही करना है। तोड़-फोड़ करने या गली-गली आंदोलन सुलगा कर कुछ भी हासिल नहीं होगा। मौलाना किसान आंदोलन की तुलना करना छोड़ दें। सवाल यह भी है कि वक्फ का मामला प्रशासनिक है, इसे मजहबी किसने और क्यों बनाया है? आखिर प्रदर्शनकारियों को कानून के किस प्रावधान पर आपत्ति है? यह पक्ष भी अदालत में रखा जाना चाहिए। ममता सरकार के मंत्री सिद्दिकुल्ला चौधरी ने यहां तक बयान दिया है कि राज्य की 50 जगहों पर दस-दस हजार लोगों की भीड़ जमा की जाए। क्या यह बयान संवैधानिक है? बंगाल में 2026 में चुनाव हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री 'तुष्टिकरण' के खेल में जुटी हैं, तो भाजपा हिंदू-मुस्लिम को हवा दे रही है। आम आदमी बीच में पिस रहा है। उसे तो 'वक्फ' के मायने भी नहीं पता हैं।

## राजभवन न हुआ आईपीएल का मैदान!


के. विक्रम राव

नामित राज्यपाल बनाम निर्वाचित मुख्यमंत्री के विवाद पर उच्चतम न्यायालय की खंडपीठ (न्यायमूर्ति द्वय जेबी पार्डीवाला और आर. महादेवन) ने कल ( 08 अप्रैल 2025) राज्यपाल आरएन रवि को चेतावनी दी है कि संविधान के मुताबिक काम करें। कौन हैं यह रवि साहब? पटना में जन्मे, 1976 में पुलिस सेवा में भर्ती हुए, वे केरल काडर में एक दशक तक कार्यरत रहें। उनकी छवि थानेदार टाइप की ही रही। उन्होंने राजीव गांधी हत्याकांड के दोषी एजी पेरारिवलन की सजा माफी याचिका को राष्ट्रपति के पास भेजा था। रवि के इस कदम पर सवाल उठाते हुए आलोचकों ने कहा था कि इस तरह का कदम देश के संघीय ढांचे की जड़ों पर प्रहार करता है।

प्रतीत होता है कि राज्यपाल पहले वॉलीबॉल की गेंद होता था। अब उसका आकार आईपीएल क्रिकेट की गेंद की भांति छोटा हो गया। संविधान के इस हीरक जयंती वर्ष में राज्यपाल रवि की हरकत ने केंद्र और राज्य के संबंधों से जुड़े बुनियादी पहलुओं का मसला उठाया है। अतः प्रश्न उठता है कि मनोनीत राज्यपाल और निर्वाचित मुख्यमंत्री के अधिकारों की सीमा और दायित्व की मर्यादा की दास्तां कहां शुरू और कहां खत्म होनी चाहिए ? मगर संवैधानिक संकट उस समय गहराता है जब परोक्ष कारणों से कोई राज्यपाल अल्पमतवाले को मुख्यमंत्री नियुक्त करे, या बहुमतवाले मंत्रिमण्डल को बर्खास्त कर दें या विधानसभा ही भंग कर दें। इसीलिए नये सिरे से राज्य-केन्द्र सम्बन्धों के सन्दर्भ में राज्यपाल की भूमिका पर बहस और समीक्षा होनी चाहिए। सवाल सीधा और कड़ा है कि आखिर क्यों अब तक 65 बार राज्यों में सरकारें पदच्युत की गयी। अर्थात् संविधान की धारायें 154, 163 और 356 पर विचार करना होगा। यह अपरिहार्य इसलिए भी हो गया है कि संविधान सभा में तत्कालीन विधि मंत्री डा. भीमराव अम्बेडकर ने आशा व्यक्त की थी कि राज्यपाल की शक्तियों का प्रयोग करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। संविधान बड़ा लचीला बना है, इसलिए व्यावहारिक दिक्कतें कम ही पड़ेंगी। उनकी उक्ति थी कि ''यदि कोई गड़बड़ी हो भी जाती है तो जिम्मेदार संविधान नहीं, वरन (क्रियान्वयन करने वाला) आदमी होगा। तो क्या आदमी (इस परिवेश में राज्यपाल) बुरा निकला? अनुभव क्या कहता है? लखनऊ में रोमेश भंडारी ने कल्याण सिंह को बर्खास्त कर संकट उपजाया था। उच्चतम न्यायलय ने संभाला। अटल जी को उपवास पर बैठना पड़ा था। विधानसभा ने एक ही साथ दो मुख्यमंत्री देखे थे। भारतीय गणराज्य में राज्यपाल द्वारा केन्द्रीय अधिकारों का पहला दुरूपयोग जवाहरलाल नेहरू के समय में हुआ था। केरल विधानसभा में कम्युनिस्ट पार्टी का स्पष्ट बहुमत था, बल्कि मानव इतिहास में पहली बार विश्व में अगर मुक्त मतदान द्वारा कम्युनिस्ट सरकार कहीं बनी थी तो वह ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद की थी। तथाकथित जनान्दोलन, जो वस्तुतः हिन्दू नायर जाति और ईसाई पादरियों की साझा साम्प्रदायिक मुहिम थी, का 1958 में बहाना बनाकर कांग्रेस नेता इन्दिरा गांधी के दबाव में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने नम्बूद्रिपाद की निर्वाचित, बहुमतवाली सरकार को बर्खास्त कर दिया, राष्ट्रपति शासन थोप दिया। तब केरल के राज्यपाल थे डॉ. बी. रामकृष्ण राव (बाद में यूपी के भी बने)। नेहरू ने हैदराबाद राज्य के इस कांग्रेसी मुख्यमंत्री को रेड्डी गुट के दबाव में हटाकर त्रिवेन्द्रम राज भवन भेज दिया था। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल डा. बी. गोपाल रेड्डि ने चौधरी चरण सिंह की सरकार को साठ के दशक में बर्खास्त कर डाला। रोमेश भंडारी ने तो और अभूतपूर्व हरकत की। भाजपाई कल्याण सिंह की सरकार को हटा दिया। आधी रात को कांग्रेसी (अधुना भाजपाई सांसद) जगदंबिका पाल को शपथ दिलायी। अटल बिहारी वापजेयी विरोध में अनशन पर बैठ गये। फिर सर्वोच्च न्यायालय ने विधानसभा में उन्हें बहुमत सिद्ध का आदेश दिया। एक ही सदन में दो मुख्यमंत्री एक साथ थे, क्या नजारा था!

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**मुर्शिदाबाद और उसके आसपास के गांवों में सांप्रदायिक हिंसा, पलायन, आगजनी और लूटपाट की घटनाएं देखने को मिलीं। मुसलमानों ने पाकिस्तान की उम्मीद में अपने घर छोड़ दिए, जबकि हिंदू और सिख समुदायों को भी निशाना बनाया गया। कई परिवारों को अपनी ज़मीन-जायदाद छोड़कर नए ठिकाने तलाशने पड़े। आज भी इस शहर में विभाजन की वह कड़वी विरासत मौजूद है। धार्मिक पहचान और सामाजिक संतुलन के बीच चल रही खींचतान, जो मुर्शिदाबाद को अब तक पूरी तरह शांति की ओर लौटने नहीं देती।**

# पश्चिम बंगाल हिंसा से उपजे चिंताजनक हालात


राजेश माहेश्वरी

पश्चिम बंगाल का मुस्लिम बहुल जिला मुर्शिदाबाद 8 अप्रैल से सुलग रहा है। वक्फ कानून के खिलाफ ऐसा उबाल आया कि बवाल थमने का नाम ही नहीं ले रहा। दरअसल, ममता बनर्जी खुद कह चुकी हैं कि वो अपने राज्य में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगी। ममता मंच पर सीधे तौर पर अपने मुस्लिम वोट बैंक को लुभाते हुए कह चुकीं हैं कि बंगाल के 33 फीसदी अल्पसंख्यकों को वो कहां फेंक दें। ममता भी संकेतों की सियासत में माहिर मानी जाती हैं। इधर, बीजेपी आरोप लगा रही है कि बंगाल में हिंसा के जरिए हिंदुओं को भगाने की साजिश हो रही है। मुर्शिदाबाद जिले में 12 अप्रैल को हिंसक भीड़ ने पीट-पीटकर पिता-बेटे की हत्या कर दी। इनकी पहचान हरगोविंद दास (पिता) और चंदन दास (बेटे) के रूप में हुई है। दोनों हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाते थे। वहीं, 11 अप्रैल को हिंसा में घायल की 12 अप्रैल को अस्पताल में मौत हो गई थी। इस तरह मुर्शिदाबाद हिंसा में 3 लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा में 15 पुलिसकर्मी भी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

ताजा हालातों में अहम प्रश्न यह है कि पश्चिम बंगाल में इतना हिंसक, दंगानुमा, आगजनी, रेलवे ट्रैक को बाधित करने और खून-खराबे वाला माहौल क्यों है? देश के अन्य राज्यों में ऐसी हिंसा क्यों नहीं है? क्या बंगाल में दंगाइयों और उपद्रवियों को सत्ता का संरक्षण रहा है? क्या वोट बैंक की खातिर इन दंगाइयों को खुली छूट मिली हुई है? हिंदू पिता-पुत्र की चाकू से गोदकर हत्या कैसे कर दी गई? उपद्रवियों और एक खास जमात के दंगाइयों ने घरों, दुकानों, मंदिरों पर हमले करने का दुस्साहस कहां से हासिल किया? रेलगाड़ियां रोक दी गई, क्योंकि पटरियों पर हजारों की भीड़ बैठी थी। ऐसे हालात के मद्देनजर कलकत्ता उच्च न्यायालय को कहना पड़ा कि अदालत आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकती। उच्च न्यायालय को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा। बीएसएफ के 300 जवानों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 5 कंपनियां भी तैनात की गई हैं।

मुर्शिदाबाद और उसके आसपास के गांवों में सांप्रदायिक हिंसा, पलायन, आगजनी और लूटपाट की घटनाएं देखने को मिलीं। मुसलमानों ने पाकिस्तान की उम्मीद में अपने घर छोड़ दिए, जबकि हिंदू और सिख समुदायों को भी निशाना बनाया गया। कई परिवारों को अपनी ज़मीन-जायदाद छोड़कर नए ठिकाने तलाशने पड़े। आज भी इस शहर में विभाजन की वह कड़वी विरासत मौजूद है। धार्मिक पहचान और सामाजिक संतुलन के बीच चल रही खींचतान, जो मुर्शिदाबाद को अब तक पूरी तरह शांति की ओर लौटने नहीं देती। अहम सवाल यह है कि यह नौबत ही क्यों आई? राज्यपाल सीवी आनंद बोस को कठोर



बयान देने पड़े कि सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने और किसी की जिंदगी को खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल ऐसे उग्र, नफरती, हिंसक हालात और माहौल का बुनियादी सबब क्या है? वक्फ संशोधन कानून एक मुखौटा कारण हो सकता है, लेकिन जो मुस्लिम नेता, सांसद, मौलाना आदि सरेआम औसत मुसलमानों को भडक़ा-सुलगा रहे हैं, क्या उनके 'कुत्ते', 'हरामखोर', 'गद्दार' वाले बयान किसी कानून के दायरे में नहीं आते? क्या ये गालियां भी 'अभिव्यक्ति की आजादी' हैं? कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है, लिहाजा अमन-चैन बरकरार रखना मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस का संवैधानिक दायित्व है।

संविधान में केंद्र और राज्य की भूमिकाओं की स्पष्ट व्याख्या है। समवर्ती सूची का कानून केंद्र और राज्य दोनों ही बना सकते हैं। यदि ऐसे किसी कानून पर केंद्र बनाम राज्य की टकरावपूर्ण स्थिति पैदा होती है, तो संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत केंद्र का बनाया कानून ही मान्य होगा। राज्य सरकार उसे खारिज नहीं कर सकती। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल में केंद्र की 'आयुष्मान भारत' योजना भी लागू नहीं होने दी है। संविधान का अनुच्छेद 245 बताता है कि संसद पूरे भारत अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकती है। राज्य विधानमंडल राज्य अथवा उसके किसी भाग के लिए कानून बना सकता है। अनुच्छेद 246 अधिकार-क्षेत्र संबंधी विवादों को दूर करने के लिए विधायी विषयों को सौंपता है। वक्फ बिल इन्हीं अनुच्छेदों की परिधि में पारित कराया गया है। वह समवर्ती सूची का भी कानून है, लिहाजा संसद द्वारा पारित किए गए बिल को बंगाल कैसे नकार सकता है? यदि इस संबंध में भारत सरकार कोई कार्रवाई करती है, तो संघीय ढांचे के उल्लंघन का रोना रोया जाएगा।

यह विवाद फिलहाल सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। वक्फ कानून की आड़ में उपद्रव मचाने वालों को याद रखना चाहिए कि आखिर फैसला शीर्ष अदालत को ही करना है। तोड़-फोड़ करने या गली-गली आंदोलन सुलगा कर कुछ भी हासिल नहीं होगा। मौलाना किसान आंदोलन की तुलना करना छोड़ दें। सवाल यह भी है कि वक्फ का मामला प्रशासनिक है, इसे मजहबी किसने और क्यों बनाया है? आखिर प्रदर्शनकारियों को कानून के किस प्रावधान पर आपत्ति है? यह पक्ष भी अदालत में रखा जाना चाहिए। ममता सरकार के मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी ने यहां तक बयान दिया है कि राज्य की 50 जगहों पर दस-दस हजार लोगों की भीड़ जमा की जाए। क्या यह बयान संवैधानिक है? बंगाल में 2026 में चुनाव हैं, लिहाजा मुख्यमंत्री 'तुष्टिकरण' के खेल में जुटी हैं, तो भाजपा हिंदू-मुस्लिम को हवा दे रही है। आम आदमी बीच में पिस रहा है। उसे तो 'वक्फ' के मायने भी नहीं पता हैं।

मुर्शिदाबाद की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी मुस्लिम है और 30 प्रतिशत हिंदू जनसंख्या है। यह सांख्यिकी हर राजनीतिक दल के लिए रणनीति का अहम हिस्सा बन जाती है। वक्फ अधिनियम को लेकर उपजे विवाद में भी यह तथ्य केंद्र में है। यह सिर्फ धार्मिक या सामाजिक विवाद नहीं, बल्कि एक बड़े वोट बैंक की लड़ाई भी बन चुकी है। शिक्षा में महिला की स्थिति है चिंताजनक इस जिले की साक्षरता दर केवल 65 प्रतिशत है और महिलाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है। राजनीतिक बहसें चाहे जितनी तीखी हों, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे यहां की जनता की असल चिंता हैं, जो अक्सर इन वाद-विवादों के शोर में दब जाते हैं। आज जब मुर्शिदाबाद की आबादी 90 लाख के करीब है। तो यह सवाल और भी अहम हो जाता है कि क्या यह जिला अपनी ऐतिहासिक विरासत को पुनः जागृत कर सकता है, या फिर यह लगातार सियासी प्रयोगशाला बना रहेगा? वक्फ विवाद ने एक बार फिर यह दिखाया कि विकास की राह तब तक साफ नहीं हो सकती जब तक प्रशासनिक इच्छाशक्ति और सामाजिक संवाद का संतुलन न बने। मुर्शिदाबाद में हिंसा का कनेक्शन बांग्लादेश में बैठे चरमपंथी संगठनों से जुड़ रहा है।


# शिक्षक और सड़क दोनों मंजिल तक पहुंचाने के कारगर सेतु

**शिक्षक एक मोमबत्ती रूपी ज्ञान का उजाला है जो लोगों को अँधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षक की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। शिक्षक अपने शिक्षा के ज़रिये व्यक्ति समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उनकी शिक्षा की वजह से व्यक्ति में आत्मविश्वास का संचार होता है जिसकी वजह से वह अपने ज़िन्दगी में कुछ कर गुजरने की चाहत रखता है। शिक्षक एक खूबसूरत आईने की तरह है जिससे व्यक्ति अपने वजूद की पहचान कर पाता है।**


किशन भावनानी

भारत आदि-अनादि काल से संस्कृति,मानवीय सभ्यता, मान-सम्मान की संप्रभुता का अभूतपूर्व ख़जाना भारत माता की मिट्टी में ही समाहित रहा है। ऊपर से सोने पर सुहागा हमारे बड़े बुजुर्गों, बुद्धिजीवियों सहित आध्यात्मिकता के माध्यम से कहावतों, वचनों, शब्दों का ऐसा अनमोल पंक्तियों द्वारा हमारे पास स्वर्ण रूपी संयोजित है, जिसके एक एक शब्द में मोती भरे हैं! अगर भारत का हर नागरिक इन पंक्तियों के बोध का ज्ञान अपने जीवन में अपना कर उसके अनुसार अपने जीवन को ढालें तो यह विचार, कहावतें उन पर आ रही विपत्तियों, तकलीफों, विपरीत समय में एक मज़बूत ढाल का काम कर सकते हैं!वैसे तो अनेक पंक्तियां, शब्द, वाक्यांश हैं पर हम आज, शिक्षक और सड़क दोनों एक एक जैसे हैं जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं,, इसपर कुछ बातों का को सांझा कर शिक्षा ग्रहण करने की कोशिश करेंगे

साथियों बात अगर हम शिक्षक और सड़क की करें तो दोनों हमारे लिए अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आज के परिपेक्ष और डिजिटल भारत में, जैसे हमारा सांस लेना आवश्यक है। इसके बैगर हम जी नहीं सकते है। वैसे ही शिक्षक और सड़क के बिना विद्यार्थी और लोग अधूरे है। शिक्षक और सड़क नहीं होंगे तो वह विकास प्राप्त करने में असमर्थ हो जाएंगे। साथियों बात अगर हम शिक्षक की करें तो, शिक्षक एक व्यक्ति को कुशल नागरिक बनाता है। शिक्षक वह प्रकाश है जो सभी के ज़िन्दगी में रोशनी भर देता है। शिक्षक एक मोमबत्ती रूपी ज्ञान का उजाला है जो लोगों को अँधेरे से निकालकर प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षक की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। शिक्षक अपने शिक्षा के ज़रिये व्यक्ति समाज और राष्ट्र का निर्माण करता है। उनकी शिक्षा की वजह से व्यक्ति में आत्मविश्वास का संचार होता है जिसकी वजह से वह अपने ज़िन्दगी में कुछ कर गुजरने की चाहत रखता है। शिक्षक एक खूबसूरत आईने की तरह है जिससे व्यक्ति अपने वजूद की पहचान कर पाता है। शिक्षा वह मज़बूत ताकत है जिससे हम समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर ले जा सकते है। शिक्षक विद्यार्थिओं का मार्ग दर्शक है। ज़िन्दगी के कठिन मोड़ पर जब हम रास्ता भटक जाते है तो कोई न कोई इंसान शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाता है। कम उम्र में बच्चे का जीवन गीली मिटटी की तरह होता है। तब शिक्षक एक कुम्हार की तरह उसे शिक्षा रूप हाथों से एक मज़बूत आकार प्रदान करता है।शिक्षक विद्यार्थिओं को आने वाले बेहतर भविष्य के लिए तैयार करते है। विद्यार्थी के मन में विषय संबंधित और जीवन संबंधित कोई भी दुविधा आये तो शिक्षक उस दुविधा को हल करने में हर मुमकिन कोशिश करता है। शिक्षक की मेहनत की वजह से कोई



डॉक्टर कोई इंजीनियर कोई वकील, सीए, पायलट सैनिक इत्यादि बन कर अपनी मंजिल पर पहुंच जाते है।अगर शिक्षक नहीं होंगे तो यह पद पर कोई व्यक्ति कार्यरत नहीं हो पाएंगे । शिक्षक इंसान को अच्छे और बुरे के बीच फर्क करना सिखाते है। वह अधर्म, घृणा, ईर्ष्या, हिंसा इन बुरी आदतों से विद्यार्थिओं को दूर रहना सिखाते है। शिक्षक शिष्टता, सहनशीलता, धैर्य से जीवन के संघर्षों से पार करना सिखाते है। इसलिए हम कह सकते हैं कि शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण रोल अदा करता है।


साथियों बात अगर हम सड़क की करें तो, किसी भी देश के आर्थिक विकास में यातायात एवं संचार के साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। देश का कृषि, व्यापार व औद्योगिक विकास परिवहन के साधनों पर ही निर्भर करता हैं।परिवहन एक महत्वपूर्ण तृतीयक व्यवसाय हैं। आज के परिपेक्ष में बिना सड़क के मानवीय जीवन अधूरा है। इसके बिना जीवन की गाड़ी को आगे बढ़ाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता, हालांकि हजारों या सैकड़ों वर्षों पहले हमारे पूर्वज उस परिस्थितियों से दो चार हुए होंगे पर अभी आधुनिक डिजिटल युग में यह संभव नहीं।

साथियों बात अगर हम सड़क निर्माण के विशाल चरणों और सड़क के महत्व की करें तो, सड़क निर्माण में कार्य के कई चरण हैं, जैसे क्षेत्र सर्वेक्षण, मिट्टी सर्वेक्षण, यातायात सर्वेक्षण, ज्यामितिक डिज़ाइन, संरचनीय डिज़ाइन, और वास्तविक निर्माण क्षेत्र। भारत में सड़कें हाथों के श्रम से, या यंत्रों से, बनाई जाती है। पहले देश में मजदूर बहुतायत से मिलते थे जिसके कारण शारीरिक श्रम का ही अधिकतर प्रयोग किया जाता है, परंतु अब सब मशीनीकरण से हो गया है। भारतीय सड़कों का जाल विश्व का सबसे बड़ा सड़क जाल है। सड़क परिवहन छोटी एवं मध्यम दूरी तय करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। यह विश्वसनीय, तेज, लचीला तथा मांगपूरित तरीका है, जो घर-घर जाकर सेवाएं उपलब्ध करा सकता है। यह गांवों को बाजारों, कस्बों, प्रशासनिक व सांस्कृतिक केन्द्रों से जोड़ता है और इस प्रकार उन्हें देश की मुख्य धारा में शामिल करता है। सड़क परिवहन सुदूरवर्ती पहाड़ी, मरुस्थलीय, जनजातीय तथा पिछड़े क्षेत्रों को जोड़ता है। सड़कें भी विभिन्न प्रकार के लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंच आती है जैसे, राष्ट्रीय राजमार्ग- ये राजमार्ग देश की चौड़ाई एवं लंबाई के अनुसार बिछाये गये हैं। ये राज्यों की राजधानियों, बंदरगाहों, औद्योगिक व खनन क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय महत्व के शहरों एवं कस्बों को जोड़ते हैं। प्रांतीय राजमार्ग- ये एक राज्य के भीतर व्यापारिक एवं सवारी यातायात के मुख्य आधार होते हैं। ये राज्य के प्रत्येक कस्बे को राज्य की राजधानी, सभी जिला मुख्यालयों, राज्य के महत्वपूर्ण स्थलों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग से संलग्न क्षेत्रों के साथ जोड़ते हैं। जिला सड़कें- ये सड़कें बड़े गांवों एवं कस्बों को एक-दूसरे से तथा जिला मुख्यालय से जोड़ती हैं। ये अधिकांशतया कच्ची होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव जिला परिषदों या सम्बंधित सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। ग्रामीण सड़कें- ये सड़कें गांवों को जिला सड़कों से जोड़ती हैं। ये सड़कें प्रायः कच्ची, संकरी तथा भारी वाहन यातायात के अनुपयुक्त होती हैं। इनका निर्माण एवं रख-रखाव ग्राम पंचायतों द्वारा किया जाता है। इन चारों के अतिरिक्त, सड़कों के तीन और अन्य प्रकार हैं- सीमा सड़कें, अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग और द्रुत राजमार्ग।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि शिक्षक और सड़क मंजिल तक पहुंचाने के सेतु हैं,शिक्षक और सड़क दोनों एक जैसे जो खुद जहां है वहीं रहते हैं मगर दूसरों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही देते हैं। किसी भी देश के आर्थिक, बौद्धिक विकास में शिक्षक और सड़क की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना वर्तमान समय की मांग।

# व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिये रामदेव ने खेला साम्प्रदायिक कार्ड

**1906 में दिल्ली में रूह अफ़ज़ा की शुरुआत हकीम हाफ़िज़ अब्दुल मजीद द्वारा हमदर्द लेबोरेटरीज़ की बुनियाद रखने के साथ की गयी थी। उन्होंने पारंपरिक यूनानी चिकित्सा की जड़ी-बूटियों और सीरप का उपयोग कर एक ऐसा पेय बनाया, जो गर्मी और हीट स्ट्रोक से राहत दे सके। इसी शीतल पेय का नाम रूह अफ़ज़ा रखा गया। अफ़ज़ा का शाब्दिक अर्थ है- वह चीज़ जो आत्मा (रूह) को तरोताज़ा कर दे।**


निर्मल रानी

गत वर्ष मेरा एक लेख पूर्व चतुर ही नहीं बल्कि शातिर भी हैं बाबा रामदेव शीर्षक के साथ उस समय प्रकाशित हुआ था जब रामदेव व उनके व्यवसायिक सहयोगी बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले एक दवा विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बिना शर्त अपनी ग़लती की माफ़ी मांगी थी । उस समय 'पतंजलि वेलनेस' ने एक विज्ञापन प्रकाशित किया था जिसके माध्यम से एलोपैथी चिकित्सा पद्धति पर ग़लतफ़हमियां' फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में 22 नवंबर 2023 को पतंजलि के बालकृष्ण व बाबा रामदेव की उस पत्रकार वार्ता के विषय में भी बताया गया था जिसमें पतंजलि ने मधुमेह और अस्थमा को 'पूरी तरह से ठीक' करने का दावा किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुये यह भी कहा था कि अदालत ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक जुर्माना लगा सकता है। इसी मामले में अवमानना नोटिस का जवाब न देने जैसी चतुराई करने पर बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण दोनों को 2 अप्रैल को अदालत में व्यक्तिगत रूप में पेश होने का निर्देश दिया था। तब इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कोर्ट में हलफ़नामा दायर कर बिना शर्त माफ़ी मांगी थी और माफ़ीनामे में रामदेव और बालकृष्ण दोनों ने कहा था कि वे आदेश का पूरी तरह से पालन करेंगे और न्याय की गरिमा को बरक़रार रखेंगे।

परन्तु अपना उत्पाद बेचने लिये दूसरी कम्पनी के उत्पाद को बदनाम करने जैसा उनका शातिरपन इस बार उन्हें इतना मंहगा पड़ जायेगा यह शायद रामदेव ने सोचा भी न होगा। इसी लिये वे देश और पूरी दुनिया में गर्मियों में घर घर पाए जाने वाले लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड रूह अफ़ज़ा की ओर इशारा करते हुये कुछ ऐसा बोल गये जिससे उनकी साम्प्रदायिक मानसिकता तो उजागर हो ही गयी साथ ही रूह अफ़ज़ा की बैठे बिठाये ज़बरदस्त मार्केटिंग भी हो गयी। गत दिनों रामदेव ने फ़ेसबुक पर एक वीडियो जारी करते हुये कहा था कि - शरबत के नाम पर एक कंपनी है जो शरबत तो देती है लेकिन शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। अगर आप वह शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे और




पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। उन्होंने साथ ही आगे यह भी कहा कि - इसलिए मैं कहता हूं ये शरबत जिहाद है। जैसे लव जिहाद, वोट जिहाद चल रहा है वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। रामदेव के इस विवादित व ज़हरीले बयान के बाद काफ़ी हंगामा खड़ा हो गया। देश भर में बिक रहे अन्य शीतल पेय को लेकर भी रामदेव कहते रहे हैं कि- गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए सॉफ़्ट ड्रिंक के नाम पर लोग ठंडा मतलब टॉयलेट क्लीनर पीते रहते हैं।

दरअसल 1906 में दिल्ली में रूह अफ़ज़ा की शुरुआत हकीम हाफ़िज़ अब्दुल मजीद द्वारा हमदर्द लेबोरेटरीज़ की बुनियाद रखने के साथ की गयी थी। उन्होंने पारंपरिक यूनानी चिकित्सा की जड़ी-बूटियों और सीरप का उपयोग कर एक ऐसा पेय बनाया, जो गर्मी और हीट स्ट्रोक से राहत दे सके। इसी शीतल पेय का नाम रूह अफ़ज़ा रखा गया। अफ़ज़ा का शाब्दिक अर्थ है- वह चीज़ जो आत्मा (रूह) को तरोताज़ा कर दे। रूह अफ़ज़ा आज पूरे विश्व में लोगों का इतना पसंदीदा व स्वीकार्य पेय बन चुका है कि यह बिना विज्ञापन के ही पूरी दुनिया में छाया हुआ है। और प्रत्येक वर्ष करोड़ों रूपये की विदेशी मुद्रा कमाकर भारत की अर्थ व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। शातिर रामदेव को शरबत जिहाद जैसे शब्दों से इसलिये भी परहेज़ करना चाहिए था कि उनके अपने उत्पाद दुनिया के कई मुस्लिम देशों में भी बिक रहे हैं। जिस मदरसे व मस्जिद से उन्हें चिढ़ है उसी मस्जिद व मदरसे से शिक्षित मौलवी मौलानाओं को अपने मार्केटिंग सहयोगी के तौर पर साथ लेकर वे अपने उत्पाद की मार्केटिंग ईरान सहित अन्य मुस्लिम देशों में करवाते देखे जा चुके हैं।

परन्तु दरअसल रामदेव के बार बार अनेक प्रोडक्ट फ़ेल होने के कारण और कई बार उनके उत्पाद की विश्वसनीयता संदिग्ध होने के चलते यहाँ तक कि भारतीय सेना द्वारा उनके कई उत्पादों का सेम्पल फ़ेल किये जाने के बाद उनके पतञ्जलि ब्रांड की बिक्री बंद होने लगी है। उनके उत्पाद के शोरूम तो हर जगह मिल जायेंगे परन्तु ग्राहक कहीं नज़र नहीं आता। इसीलिये वे निराशा व कुंठा का शिकार होकर पहले तो विदेशी बनाम स्वदेशी का हौव्वा खड़ा कर लोगों में देशभक्ति की भावना जगा कर अपना व्यवसाय खड़ा करने की कोशिश में थे। फिर एलोपैथी बनाम आयुर्वेद का विवाद खड़ा कर उसका लाभ उठाना चाहा जिसपर अदालत में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। आख़िरकार इसी कुंठा व निराशा के शिकार रामदेव ने सुप्रसिद्ध स्वदेशी कम्पनी हमदर्द के विरुद्ध साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलते हुये इसे शरबत जिहाद तक बता डाला। और यहीं से इनकी हक़ीक़त उजागर हो गयी कि इन्हें अंग्रेज़ी या विदेशी से ही नहीं बल्कि स्वदेशी आयुर्वेदिक कम्पनी से भी आपत्ति है और उसमें भी इन्हें बुराई ही नज़र आती है?

वास्तविकता यह है कि झूठ कुंठा व अत्यधिक महत्वाकांक्षा पर खड़ा रामदेव का साम्राज्य अब लड़खड़ाने लगा है। स्वयं रामदेव का व्यक्तित्व अब योगगुरु के बजाय शुद्ध व्यवसायी बाबा का बन चुका है। इसी लड़खड़ाते व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिये ही रामदेव ने यह साम्प्रदायिक कार्ड खेला है। उन्हें उम्मीद तो थी कि शरबत जिहाद कहने से उन्हें देश के बहुसंख्यक समाज का समर्थन मिल जायेगा परन्तु उसी बहुसंख्यक समाज ने रामदेव की इस बदकलामी का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया कि ख़बरों के अनुसार रूह अफ़ज़ा की बिक्री कई गुना बढ़ गयी। और अपने डूबते हुये व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिये ही रामदेव को साम्प्रदायिक कार्ड का सहारा लेना पड़ा और शीतल पेय में भी शरबत जिहाद जैसी बेहूदा शब्दावली गढ़नी पड़ी।

# निकली भव्य कलश यात्रा, श्री विष्णु महायज्ञ प्रवचन का भी रसपान करेंगे श्रद्धालु



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** गहजी स्थित मौनी बाबा आश्रम से भव्य दिव्य कलश यात्रा के साथ श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। बाल ब्रह्मचारी संत शुभम दास जी महाराज के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं के मुखारविंद से श्री मौनी बाबा व देवी देवताओं के जयकारे और हर-हर महादेव के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, रथ, नगाड़ा के साथ साधु संत, हजारों कन्याएं, महिलाएं, श्रद्धालुजन श्री मौनी बाबा आश्रम से चलकर बसही ब्रह्मबाबा के स्थान पहुंचे, जहां सरोवर का पूजन करने के उपरांत जल लेकर यज्ञ स्थल पर आये। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूब गया।

काशी के यज्ञाचार्य पं. आकाश पांडेय ने यज्ञकर्ता शुभम दास महाराज के हाथों वैदिक रीति से कलश पूजन संपन्न कराया। उन्होंने बताया कि विष्णु महायज्ञ के दौरान भगवान विष्णु की पूजा करने से कई जन्मों के पापों का अंत होता है, जीवन की विपत्तियों का नाश होता है, और आध्यात्मिक विकास होता है। विश्व का कल्याण होता है। विष्णु महायज्ञ इतना शक्तिशाली है कि यह जीवन के सभी दुखों को मिटा देता है और जीवन में आश्चर्यजनक परिणाम देता है।

कलश यात्रा में संत सेवा संगठन के अध्यक्ष पंडित सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन, राजनाथ पांडेय, मुन्नाबाबा, संजय दास महाराज, लक्ष्मण दुबे, राम मिलन सिंह, हाकिम बाबा, हरिकेश चौबे, चन्द्रेश उपाध्याय, कुलबुल सिंह, डॉ. वेदप्रकाश तिवारी, ठाकुर दास, रामविनय दूबे, प्रद्युम्न उपाध्याय, सुभाष दुबे सहित हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।

## जिलाधिकारी ने बैंकों द्वारा अस्वीकृत किये गए ऋण आवेदन से की सीधी बात

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में बैंकों द्वारा की गयी प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सिविल लाइन स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में की गयी। इस बैठक में उपरोक्त योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष निष्पादन साथ ही बैंकों के द्वारा अस्वीकृत ऋण प्रस्ताव के विषय में भी गंभीर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने बैंकों द्वारा अस्वीकृत किये गए ऋण आवेदन के पांच अलग-अलग आवेदकों से भी मोबाइल से सीधे बात की तथा अस्वीकृत के कारणों को समझा। साथ ही बैंक के विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधकों की भी उनके ऋण प्रस्ताव निस्तारण के सम्बन्ध में समीक्षा की। साथ ही उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, आजमगढ़ के क्षेत्र प्रमुख श्री मनीष कुमार से वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति हेतु तैयार किये गए योजना के विषय में चर्चा की तथा इस पर अपने मूल्यवान निर्देश दिए।

# 'मधुबन में राधिका नाचे रे'

अवधनामा संवाददाता



■ भारतीय व पाश्चात्य गायन की अनूठी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता प्रतिभागी छात्रों ने

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे तीन दिवसीय म्यूजिकल एक्स्ट्रावैगान्जा 'सी.एम.एस. गॉट टैलेन्ट' के दूसरे दिन प्रतिभागी छात्रों ने एकल गायन प्रतियोगिता में अपनी स्वर लहरियों का ऐसा जादू बिखेरा कि दर्शक झूम उठे।


इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्रों ने भारतीय शास्त्रीय गायन व पाश्चात्य गायन में न सिर्फ गायन प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया अपितु यह भी दिखाया कि किशोर व युवा पीढ़ी एकता व शान्ति से परिपूर्ण एक खुशहाल समाज के लिए समर्पित हैं। इस संगीत महोत्सव में प्रतिभागी छात्रों ने बड़े उत्साह से शामिल होकर एकता, शांति व मैत्री के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की। कुल मिलाकर, इस संगीत महोत्सव के दूसरे दिन आज प्रतिभागी छात्रों ने अपनी रचनात्मक सोच, कलात्मक प्रतिभा व बौद्धिक प्रतिभा के माध्यम से एकता, शान्ति व सौहार्द का पैगाम दिया और दिखाया कि उनमें भी गहरी प्रतिभा और गहरे विचार छिपे हैं, जो आगे चलकर सामाजिक उत्थान में महती भूमिका निभायेंगे।

इससे पहले, संगीत महोत्सव के दूसरे दिन आज प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना एवं सर्व-धर्म प्रार्थना से हुआ। महोत्सव में आज एकल गायन प्रतियोगितायें आयोजित हुई, जिसके अन्तर्गत जूनियर व सीनियर वर्ग के प्रतिभागी छात्रों ने इण्डियन म्यूजिक एवं वेस्टर्न म्यूजिक में अपनी महारत सिद्ध की। इस प्रतियोगिता में भारतीय और पश्चिमी संगीत में प्रतिभागी छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा देखते ही बनती थी, जिन्होंने भावपूर्ण गायन और प्रभावशाली मंच प्रस्तुति से निर्णायक मंडल को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। 'भर दे झोली मेरी या मोहम्मद', 'कुहू कुहू बोले कोयलिया', 'मधुबन में राधिका नाचे रे' आदि विभिन्न प्रस्तुतियों को सभी ने खूब सराहा। हर सुर में प्रतिभागी छात्रों की लगन व संगीत के प्रति उनका जुनून स्पष्ट झलक रहा था जबकि दर्शकों ने भी ज़ोरदार तालियां बजाकर बाल गायकों का खूब उत्साहवर्धन किया।

संगीत महोत्सव की संयोजिका एवं सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या दीपाली गौतम ने इस अवसर पर कहा कि यह तीन दिवसीय संगीत महोत्सव बाल गायकों व बाल संगीतज्ञों को सामने लाने का एक अनूठा प्रयास है, साथ ही छात्रों के मन-मस्तिष्क में भक्ति, सरसता, करुणा आदि उच्च जीवन मूल्यों की भावना का संचार करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संगीत महोत्सव बाल गायकों को उज्जवल भविष्य प्रदान करने के साथ ही उन्हें समाज का आदर्श नागरिक बनानें में मील का पत्थर साबित होगा। सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने बताया कि इस संगीत महोत्सव में प्रतियोगिताओं का दौर कल भी जारी रहेगा। कल 17 अप्रैल, वृहस्पतिवार को प्रातः 9.00 बजे से वाद्ययंत्रों की एकल प्रस्तुतियाँ आयोजित की जायेंगी। इसके उपरान्त, पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया जायेगा।

# रक्षा मंत्री 19 को सांसद खेल महाकुंभ का करेंगे शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ से सांसद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अप्रैल शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार शाम 20:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री सीधे 5 ए कालिदास मार्ग आवास जाएंगे।

अगले दिन 19 अप्रैल शनिवार को को सुबह 09:30 बजे के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 'सांसद खेल महाकुंभ' का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत 11:00 बजे मुन्नू खेड़ा सदरौना रोड जाएंगे और एस एम डी लॉन बैंक्वेट हाल में पश्चिम मंडल 3 के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत 12:00 बजे वापस कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। शाम 5:00 बजे गोमती नगर स्थित होटल दयाल पैराडाइज में मध्य मंडल 1 के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। शाम 6:30 महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर पदाधिकारीयों, मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन रविवार 20 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे आईआईएम रोड स्थित महर्षि डिग्री कॉलेज पहुंचेंगे और वहां उत्तर मंडल 4 के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।

# माफिया और गुन्डों के फाइनेंसरो पर चल रही सपा

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर धुरुव सिंह ने जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि जहां एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार, अपराधमुक्त उत्तर प्रदेश बनने का काम कर रही है। वहीं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गंभीरपुर थाना के मंगरावां क्षेत्र के एक अपराधी गैगेस्टर के घर वोट बैंक के लिए दावतें वलीमा में शामिल होते हैं। आजमगढ़ की जनता ने अखिलेश यादव और उनके भाई को आजमगढ़ से सांसद बनाकर सम्मान दिया था लेकिन वह आजमगढ़ के आम जनता के दुरूख सुख में कभी नहीं आते। ये लोग दिखावे के लिए संविधान हाथ में लेकर घूमते हैं लेकिन किसी दलित के घर किसी गरीब के घर किसी साधारण कार्यकर्ता के घर कभी नहीं जाते। प्रेस वार्ता के दौरान जहां भाजपा जिलाध्यक्ष धुरुव सिंह ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला, वहीं तरवां थाने में हुई दलित युवक शनि की मौत मामले में निलम्बित पुलिसकर्मियों के खिलाफकार्रवाई के सवाल पर जवाब देने से बचते नजर आये।

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धुरुव सिंह ने कहा कि अभी हाल ही में एक दलित के साथ दुखद घटना घटी है लेकिन अखिलेश यादव को उस दलित परिवार से मिलने की फुर्सत नहीं है। अखिलेश यादव सिर्फ जो उनके फाइनेंसर है, माफिया है, गुन्डे है ,जमीन कब्जा करने वाले लोग हैं जिनके उपर सरकारी विभागों के कई मुकदमे दर्ज हैं,उनके घर दावत उड़ानें जाते हैं। वह किसी भी गरीब के आंसू पोंछने कभी भी आजमगढ़ नहीं आते हैं। हमारी सरकार ने आजमगढ़ में हमारे सांसद विधायक न होने के बाद भी आजमगढ़ के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है। आजमगढ़ में विश्वविद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, एयर पोर्ट सभी सड़कें फोर लेन, सिक्स लेन से जोड़ी जा रही है, संगीत विद्यालय जैसी तमाम योजनाओं से आजमगढ़ का विकास करने का काम कर रहीं हैं। अपराधियों का आजमगढ़ से धीरे-धीरे खात्मा हो रहा है, लेकिन सपा को आजमगढ़ ने दस विधायक और दो सांसद दिया जिसके बदले में सपा मुखिया अखिलेश यादव आजमगढ़ में गुन्डे, अपराधियों, माफियाओं को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू और पूर्व विधायक वंदना सिंह मोजूद रहे।

# 42 जनपदों के निजीकरण के मामले में बड़ा पेच फंसा

■ ब्रिटिश कंपनी का जवाब आने के बाद पावर कारपोरेशन ने परीक्षण शुरू किया

**लखनऊ।** दक्षिणांचल व पूर्वांचल के 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाली कंसलटेंट कंपनी ग्रांट थॉर्नटन द्वारा झूठा शपथ पत्र दाखिल किए जाने का मामला गंभीर होता जा रहा है जहां पावर कॉरपोरेशन द्वारा उससे स्पष्टीकरण मांगा गया उसका जवाब आने के बाद उसका परीक्षण करने के बाद जब उसके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश को आगे बढ़ाया तो अंततः एक बार फिर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने उससे कुछ स्पष्टीकरण और मांगा है आज इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कारपोरेशन के निदेशक वित्त व टेंडर मूल्यांकन कमेटी के अध्यक्ष श्री निधि कुमार नारंग से बात कर तत्काल कंसल्टेंट कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की मांग उठाई और कहा जवाब प्राप्त होने के बाद अभी तक कार्रवाई नहीं की गई जो गंभीर मामला है उसके संदर्भ में उनके द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रांट थॉर्नटन का जवाब आने के बाद उसे परीक्षण किया गया तत्पश्चात उससे कुछ और स्पष्टीकरण मांगा गया है उसका स्पष्टीकरण प्राप्त होते ही कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कंसल्टेंट कंपनी ग्रांट थॉर्नटन को झूठा शपथ पत्र दाखिल करने के मामले में ब्लैकलिस्ट करने से कोई भी नहीं बचा सकता मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एनर्जी टास्क फोर्स ने 4 फरवरी 2025 को स्वता एनर्जी टास्क फोर्स में यह निर्णय लिया था की कोई भी कंसलटेंट कंपनी जिसके ऊपर पिछले तीन सालों में कोई भी पेनल्टी नहीं लगी होना चाहिए।

# डीएम कार्यालय परिसर से रिश्वत लेते हुये दबोचा गया पेशगार

अवधनामा संवाददाता



■ किसान की शिकायत पर एण्टी करप्शन झांसी की टीम ने की कार्रवाई

**ललितपुर।** जमीन का दाखिल खारिज कराने के एवज में चकबंदी कार्यालय सहायक चकबंदी अधिकारी के पेशगार को एण्टी करप्शन टीम ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये डीएम कार्यालय परिसर से रंगे हाथों दबोच लिया। एण्टी करप्शन की झांसी से आयी टीम पकड़े गये पेशगार को लेकर कोतवाली पहुंची, जहां उससे पूछताछ करते हुये उसे विधिक रूप से हिरासत में ले लिया गया।

कोतवाली अंतर्गत ग्राम कल्यानपुरा में रहने वाले किसान अनेक सिंह पुत्र भागीरथ ने बताया कि बीती 8 नवम्बर 2024 को उसने अपने नाम से गाटा संख्या 128 कृषि भूमि क्षेत्रफल 0.405 झरकौन निवासी किशोरा उर्फ किशोर पुत्र चुखरा से क्रय की थी। जमीन खरीदने के बाद उसे दाखिल खारिज कराना था, जिसके एवज में चकबंदी कार्यालय में तैनात बाबू अशोक कुमार सिंह जो कि सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय में पेशगार पद पर कार्यरत है के अधिकार क्षेत्र में रजवारा व अतिम कार्य थे। आरोप है कि पेशगार अशोक कुमार सिंह ने अनेक सिंह के वैधानिक कार्य को करने में गुमराह करते हुये जमीन के दाखिल खारिज करने के एवज में 15 हजार रुपये की मांग की गयी। रिश्वत का रुपये न देते हुये वैध कार्य कराने की नीयत से 16 अप्रैल को एण्टी करप्शन की झांसी टीम को शिकायतकर्ता ने सूचित किया। सूचना के आधार पर एण्टी करप्शन की टीम ने अपना जाल बिछा दिया। अनेक सिंह पेशगार को रुपये देने के लिए कार्यालय पहुंचा, जहां से पेशगार जनपद मेरठ के थाना मेडीकल अंतर्गत प्रवेश बिहार शास्त्रीनगर निवासी अशोक कुमार सिंह पुत्र जीतमल सिंह को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुये जिलाधिकारी कार्यालय परिसर से अपराह्न 12.14 बजे हिरासत में ले लिया गया। पेशगार अशोक कुमार सिंह को हिरासत में लेने वाली एण्टी करप्शन झांसी की टीम में नेतृत्व निरीक्षक चतुर सिंह, अनिल कुमार, मो.आरिफ, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार सिंह, जितेन्द्र सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी, शंकर लाल व अजय सिंह शामिल रहे।

# अम्बेडकर कल्याण समिति ने मनाई बाबा साहब की जयन्ती



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शहर के अम्बेडकर पार्क सलेमपुर हीरापट्टी में अम्बेडकर कल्याण समिति के द्वारा अलग तरीके से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती मनाई गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन समिति के द्वारा किया गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया और जय भीम, बाबा साहब अमर रहे के नारों से पूरा इलाका गूंजयमान रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पेटिंग प्रतोयोगिता में प्रतिभाग किया। इसके साथ ही बच्चों ने नृत्य के साथ गायन भी प्रस्तुत कर लोगों के मन को मोह लिये। इस अवसर पर कला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ ही म्यूजिकल प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के आयोजक के0पी0 गौतम व दिनेश कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को बाबा साहब के बारे में बताया जाता है और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है। लोगों ने कहा कि आज हम लोग जिस मुकाम पर भी है वह बाबा साहब की देन है। बाबा साहब की वजह से ही हम लोगों को समाज में एक पहचान मिली है।

# ब्लाक सभागार में स्कूल चलो अभियान तहत शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** विकास खंड रानी की सराय में शैक्षिक संगोष्ठी एवं सेवानिवृत सम्मान समारोह आयोजित। आज विकास खंड रानी की सराय में ब्लाक सभागार में स्कूल चलो अभियान, शैक्षिक संगोष्ठी,सेवानिवृत सम्मान समारोह उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र यादव एवं मंत्री कृपाशंकर राय एवं अन्य सभी शिक्षक साथियों द्वारा आयोजित किया गया। उपरोक्त समारोह में शामिल लगभग 18 सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान प्रमुख रानी की सराय विपिन कुमार सिंह, ठै। आजमगढ़ राजीव पाठक,।व् बेसिक गिरीश यादव, मनोज शर्मा ठम्व् रानी की सराय, हरिमोहन सिंह बीडीओ रानी की सराय एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला मंत्री जितेंद्र कुमार राय द्वारा शाल ओढ़ाकर एवं रामचरित मानसध्पवित्र कुरान सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि श्री विपिन सिंह ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान करते हुए मुझे शिक्षक पुत्र होने के कारण अपार खुशी मिल रही है। मैं उनके दीर्घायु होने की कामना करता हूं। राजीव पाठक ने कहा कि शिक्षा का दान सबसे बड़ा कार्य है। आशा है कि आप सभी सेवानिवृत के बाद भी शिक्षा दान से समाज को सिंचित करते रहेंगे। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप, बीडीओ रानी की सराय जिला मंत्री जितेंद्र कुमार राय, मंजुलता राय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश सिंह, अजय सिंह, रविन्द्र यादव, रामप्रकाश पाठक, सत्य प्रकाश यादव, रामायण यादव,गुलाब यादव, चंद्रकांत सिंह, राकेश सिंह, कमलेश सिंह, सुधा पाण्डेय, शिवनारायण सिंह,गायत्री पाण्डेय सहित विकास खंड रानी की सराय के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष उमाशंकर सिंह एवं संचालन आयशा खान एवं विद्यासागर ने किया।

# सदस्य राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई



■ आंगनवाडी, वृद्वा आश्रम व वन स्टाफ सेन्टर का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** एकता सिंह सदस्य राज्य महिला आयोग लखनऊ द्वारा जनपद हरदोई में पीडब्ल्यूडी गेस्ट हरदोई में महिला जनसुनवाई का आयोजन प्रातः 11.00 बजे किया गया। जिसमें 12 महिलाएं विभिन्न मामलों में सुनवाई हेतु उपस्थित हुई। प्राप्त शिकायतों को तत्काल सीओ सिटी थाना महिला अध्यक्ष वन स्टाफ केंद्र आदि को कार्यवाही करने हेतु माननीय अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया। उसके बाद आंगनवाडी केंद्र नई बस्ती रेलवे गंज का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात सदस्य महोदय द्वारा वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया गया वहां उनके द्वारा साफ सफाई आदि के निर्देश दिए गए वृद्ध जनों का कुशल क्षेम पूछा । महिलाओं हेतु संचालित वन स्टाफ सेंटर का निरीक्षण किया गया वन स्टाफ सेंटर में उपस्थित सवासिनियों से द्वारा मुलाकात की गई एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण एवं जनसुनवाई में जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी महिला थाना प्रभारी वन स्टाफ, सेंटर, वरिष्ठ सहायक सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सांसद का रिश्तेदार बताकर महिलाओं से लाखों हड़पे

अवधनामा संवाददाता



■ महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को दिया ज्ञापन

**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद को अपना रिश्तेदार बताते हुये सिलाई मशीनें दिलाने और नौकरी लगवाने के नाम पर महिलाओं से लाखों रुपये लेकर हड़पने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है, जबकि इस प्रकरण में सांसद कार्यालय से स्पष्टीकरण भी सोशल मीडिया पर जारी किया गया है।

मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम रजवारा निवासी दीप्ति राजे पत्नी यशवंत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह स्वयं सहायता समूह की सचिव है। इस समूह में मानसिंह कुशवाहा, सुहानी राय, सीमा कुशवाहा, पूजा कुशवाहा आदि सदस्य कार्य करते हैं। बताया कि विगत 6-7 माह पहले नाराहट कस्बा निवासी पवन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा उनके गांव पहुंचा और स्वयं को बड़ा पावरफुल बताते हुये कहा कि वह उसे व अन्य महिलाओं को सिलाई मशीन दिलायेगा, जिसके एवज में एक हजार रुपये प्रति महिला की मांग की। इसके अलावा एक विज्ञप्ति दिखाते हुये कहा कि अमरपुर मण्डी के पास मेडीकल कॉलेज में कुछ कर्मचारियों की भर्ती निकली है, इसमें भी वह भर्ती कराते हुये ज्वाईनिंग लैटर दिलवा देगा। इसके बदले में रुपयों की मांग की गयी और नौकरी न लगने पर रुपये वापस करने की बात कही। बताया कि पवन शर्मा ने गुडासे व समूह की अन्य महिलाओं से मशीन दिलाने के नाम पर 12 हजार रुपये व नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख 25 हजार कुल 3 लाख 37 हजार रुपये ले लिये। किन्तु अभी तक न तो महिलाओं को सिलाई मशीन दिलायी गयी और न ही किसी महिला की नौकरी लगी और न ही कोई लैटर मिला। 26 मार्च को उक्त पवन शर्मा से जब रुपये वापस मांगे तो उसने रुपये हड़पने की बात कहते हुये शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पवन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 316 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### शिकायती पत्र में सांसद का नाम, एफआईआर में गायब

पवन शर्मा के खिलाफ शिकायत लेकर रजवारा गांव की महिलायें लामबंद होकर सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां उन्होंने डीएम को ज्ञापन भेजा। डीएम को भेजे गये ज्ञापन में महिलाओं ने पवन शर्मा द्वारा स्वयं को झांसी- ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद को अपना रिश्तेदार बताते हुये महिलाओं को सिलाई मशीन व नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया। वहीं मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को देने पर एफआईआर तो दर्ज की गयी, लेकिन एफआईआर से सांसद का पद व नाम दोनों हटाये गये हैं।

■ **संसदीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर जारी हुआ स्पष्टीकरण** : प्रकरण की सूचना आनन-फानन में झांसी निवासरत सांसद तक जा पहुंची। इसके बाद संसदीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर एक सूचना जारी करते हुये इस प्रकरण में स्पष्टीकरण दिया गया है।

# ईडी का दुरुपयोग कर रही केन्द्र सरकार : कांग्रेस



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** केन्द्र सरकार द्वारा ईडी का दुरुपयोग कर जबरन सम्पत्तियों को सीज करने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घण्टाघर पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनपद के कांग्रेसियों ने केन्द्र की बड़ी आलोचना करते हुये कहा कि नेशनल हेराल्ड सम्पत्ति को अवैधानिक रूप से सीज करना लोकतंत्र की हत्या करने के बराबर है। आज एजेन्सियां केन्द्र सरकार के दबाव में विपक्ष को निशाना बना रही है। कहा कि इस अघोषित तानाशाही के विरूद्ध कांग्रेसियों द्वारा बहुत बड़ा आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश रजक, रामनरेश दुबे, रफीक, असलम, रीतेश सिंघई, सुशील रजक, दीपक रैकवार, हरदेव राजपूत, पंकज हुण्डैत, पूर्व प्रधान शशिकांत दीक्षित, अभिषेक सिंघई, रवि राजा, दयाशंकर रजक, मोहन सिंह चन्देल, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, सीताराम राय आदि मौजूद रहे।

अवधनामा
लखनऊ, गुरुवार, 17 अप्रैल, 2025



# आंबेडकर जयंती पर बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

■ एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिखवाया अनुकरणीय जोश और समर्पण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर बी.एस.ए. (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम एवं द्वितीय द्वारा एक विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक चेतना का संचार करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने न केवल कॉलेज परिसर बल्कि आसपास के क्षेत्रों की भी स्वच्छता की। स्वयंसेवकों ने जनमानस से संवाद स्थापित कर स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, समर्पण एवं सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल देखने को मिली।

डॉ. शान्तनु कुमार, कार्यक्रम अधिकारी (एनएसएस इकाई प्रथम) ने कहा, ÷बाबा साहब आंबेडकर का जीवन समाज सुधार, शिक्षा और समता के लिए समर्पित रहा है। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर हम सभी को स्वच्छता, समरसता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहना चाहिए। यह कार्यक्रम उसी आदर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास है। डॉ. वंवल शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी (एनएसएस इकाई द्वितीय) ने कहा, ÷स्वच्छता केवल भौतिक वातावरण की नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक शुद्धता की भी आवश्यकता है। बाबा साहब ने एक समतामूलक और स्वच्छ समाज की परिकल्पना की थी। एनएसएस के माध्यम से हम उनके विचारों को धरातल पर लाने का प्रयास कर रहे हैं।÷

प्राचार्य (डॉ.) ललित मोहन शर्मा ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा, ÷बाबा साहब डॉ. आंबेडकर न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक समरसता और क्रांतिकारी चेतना के प्रतीक भी हैं। आज के युवा उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में बदलाव ला सकते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक प्रतिबद्धता का विकास करते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों के अनुकरणीय जोश, अनुशासन और सहभागिता ने इस आयोजन को विशेष और प्रेरणास्पद बना दिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# महिला ने मजिस्ट्रेट पर लगाया 50,000 रिश्वत मांगने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा के सिविल लाइन इलाके में स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय पर आज जम कर हंगामा मचा, मथुरा के थाना छाता क्षेत्र की सुजावली गांव की रहने वाली महिला सोना पेड़ पर चढ़ कर आत्मदाह की धमकी देने लगी, पीड़िता वृद्ध महिला द्वारा स्पेशल जुडिशियल मजिस्ट्रेट अपरखंड आगरा नहर मथुरा अतुल कुमार सिंह चौहान पर न्याय देने के बदले 50, 000 रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। वृद्ध महिला दो घंटे तक पेड़ पर चढ़ी रही सिंचाई विभाग के अधिकारी मामले को दबाने की जुगत में लगे रहे, इस घटनाक्रम में अगर वृद्ध महिला को कुछ हो जाता तो जिम्मेदार कौन होता , मामला जब हद से आगे बढ़ गया तो दमकल विभाग को सूचना दी गई मौके पर दमकल विभाग के साथ इलाका पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई महिला को दो घंटे के रेस्क्यू के बाद पेड़ से उतारा गया। बताया जा रहा है कि 11 साल से सिंचाई विभाग की नाली को लेकर एक विवाद न्यायालय में लंबित है एक पक्ष द्वारा महिला के खेत में सिंचाई विभाग की नाली होने का दावा किया गया लेकिन आज तक उसका कोई निर्णय नहीं आया। देश में कितनी विडंबना की बात है कि एक छोटी सी नाली के केस में न्याय की उम्मीद लिए एक वृद्ध महिला 11 साल से नहर विभाग के न्यायालय के चक्कर लगा रही है, महिला ने बताया कि मजिस्ट्रेट उसे जल्दी जल्दी की तारीख दे कर घुमा रहा है पर कोई सुनवाई नहीं होती है आने जाने में उसका खर्चा भी होता है पर मिलती है सिर्फ तारीख।वहीं नहर विभाग के मजिस्ट्रेट ने अपनी दलील रखते हुए बताया कि वृद्ध महिला पूर्व में भी इसी प्रकार की हरकत कर चुकी है, एक दूसरे किसान द्वारा महिला के खेत में सरकारी सिंचाई विभाग की नाली होने का दावा 2015 में किया है जिसमें कभी एक पक्ष का वकील आता है तो कभी दूसरे पक्ष का इस कारण मामले में विलंब हो रहा है।

## 'बाबू जी' को सपाईयो ने पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी कार्यालय सिविल लाइंस में समाजवाद के मजबूत स्तंभ पूर्व सांसद, पूर्व एम.एल.सी, पूर्व मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रहे श्रद्धेय अनवार अहमद बाबू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव सहित सभी ने नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबूजी जनपद की वो हस्ती थे जो कि उनका सम्मान हर राजनैतिक दल के नेता करते थे। बाबूजी सभी जाति और धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे हिन्दू मुसलमान एकता के प्रतीक के रूप में भी जाने जाते थे। बाबूजी ने अपने जीवन काल में बगैर भेदभाव के राजनीति की। हम सबको बाबू जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में काम करना है। इस मौके पर पूर्व विधायक सुन्दरलाल लोधी, हेमन्त पाल, राजेश कुमार साधु, शिवशंकर वर्मा, हाजी सैय्द इरफान, गोबिंद यादव, उमाशंकर यादव, रजनीकांत श्रीवास्तव, मनीष सैनी, अंकित यादव, आलोक सिंह, सलमान खान आदि तमाम कार्यकर्ता रहे।

# एसपी, एएसपी व सीओ ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी



■ किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें: विनोद कुमार

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के साथ नगर मे पैदल गश्त किया गया तथा आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। बीती शाम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार व प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे सहित भारी पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, तिर्वारोड, फतेहगढ रोड पर पैदल भ्रमण कर जहां एकओर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वहीं दूसरी ओर स्थानीय नागरिकों से बातचीत की और उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल सतर्क है और हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होनें किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पैदल भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का भी जायजा लिया।

## मिलनसार व ईमानदार शिक्षक सदैव याद रहते हैं

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शिक्षक बच्चों का भविष्य संबारनें के साथ साथ अच्छाई और बुराई का इल्म कराते हैं। जिससे प्रतिभावान बच्चें ईमानदारी से कडी मेहनत कर अच्छी तालीम हासिल कर गुरूजनों व परिजनों सहित गांव का नाम रोशन करते हैं। यह बात बुधवार को मदरसा अरबिया फैजुल उलूम तालग्राम के वरिष्ठ अध्यापक बदरूद्दीन मंसूरी मास्टर के सेवानिवृत होने पर आयोजित बिदाई समारोह में फूल मालायें पहनाकर और शॉल ओड़ाकर सम्मानित करनें के उपरान्त तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खॉन उर्फ जानू ने कही। इसके बाद विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक गणों ने पैदल जाकर उनके निजी निवास तक पहुंचाया और सभी ने मुबारक बाद दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य शाहनवाज खान, अध्यापक दिलदार हुसैन, हाफिज वसीम, मुनव्वर सिद्दीकी, मिर्जा एहतिशाम, नईम खान, सलाहुद्दीन सिद्दीकी, हाजी आसिफ साहब, हाशिम अहमद, ईशान हैदर, रहमानुद्दीन मंसूरी, नईम अहमद, निजामुद्दीन, हाफिज माशा अल्लाह, वसीम अहमद, आरिफ आदि अध्यापक गण मौजूद रहे।

# कानपुर में सड़क हादसे में दो शिक्षिकाओ समेत तीन की मौत

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** मंगलवार सुबह कानपुर जनपद के नारामऊ जीटी रोड हाईवे कट पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में सरकारी स्कूल में कार्यरत दो महिला शिक्षिकाओं और कार चालक की मौत हो गई, जबकि एक शिक्षक की हालत गंभीर बनी हुई है। सुबह करीब 7.30 बजे कल्याणपुर निवासी कार चालक विशाल द्विवेदी (25) कार से तीन शिक्षिकाओं को स्कूल छोड़ने उन्नाव की ओर ले जा रहा था। नारामऊ में दलहन रोड के पास हाईवे कट पर जैसे ही कार सीएनजी भरवाने के लिए मुड़ी, पहले बगल से गुजर रही बाइक से टकरा गई। बाइक सवार सरकारी शिक्षक अशोक कुमार (पनकी निवासी) गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद सामने से आ रही प्राइवेट ट्रैवल्स की बस से कार की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में आकांक्षा मिश्रा (30) कल्याणपुर कानपुर निवासी शिक्षिका, अंजुला मिश्रा बर्रा कानपुर शिक्षिका, ऋचा अग्निहोत्री गोवा गार्डेन निवासी शिक्षिका, विशाल द्विवेदी कार चालक, कल्याणपुर कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे मे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सभी लोग अंदर ही फंस गए। बिठूर पुलिस और राहगीरों की मदद से चारों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। आकांक्षा और अंजुला को हैलेट अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया, वहीं विशाल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ऋचा अग्निहोत्री को गभीर दशा मे रामा अस्पताल मंधना कानपुर में भर्ती कराया गया। बाइक सवार अशोक कुमार का इलाज अब भी रामा अस्पताल में जारी है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। वहीं शिक्षा विभाग में भी शोक की लहर फैल गई। एनएचएआई की टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया, ट्रैफिक सामान्य कराया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मामले की जांच शुरू हो गई है।

# हाजी सूफी इसहाक मियां का सालाना उर्स मुबारक धूमधाम से मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मंगलवार की रात्रि हाजी सूफी इसहाक मियां का सालाना उर्स मुबारक कब्रस्तान अंधी कुइयां पर उनके मजार शरीफ पर मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी श्रद्धा प्रकट की। उनके मजार शरीफ पर चादरपोशी की रस्म अदा की गई, जिसमें उनकी याद में श्रद्धांजलि दी गई।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य की समाधि पर चादर चढ़ाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की।चादरपोशी के बाद फातिहा खानी का आयोजन किया गया, जिसमें उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने फातिहा पढ़कर उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना की।

फातिहा खानी के बाद कव्वाली का आयोजन किया गया, जिसमें अल्लाह नूर कव्वाल एंड पार्टी आगरा ने अपने कलाम पढ़कर मेहफील में समां बांधा। कव्वालों ने अपने मधुर स्वर में सूफी कवियों की रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राष्ट्रीय फैजयाने जमात ए सूफीयान के प्रदेश अध्यक्ष हाजी सूफी सईद हसन कव्वाल के कलाम पर वज्द में झूम उठे और काफी समय तक वज्द करते रहे।

इस दौरान उन्होंने अपने आपको पूरी तरह से आध्यात्मिक आनंद में डूबो दिया और उनकी भावनाएं देखते ही बनती थीं। हाजी सूफी सईद हसन ने कहा कि हाजी सूफी इसहाक मियां के उर्स मुबारक में हर साल शिरकत करने से उन्हें सुकून मिलता है। यह आयोजन उनके लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है, जो उन्हें अपने आराध्य के करीब ले जाता है। उन्होंने कहा कि हाजी सूफी इसहाक मियां की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में एक आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने अपने आपको पूरी तरह से डूबो दिया। कव्वाली के माध्यम से संगीत और आध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति की भावना देखने को मिली, जिसने सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर सूफी मुशीर उददीन खादिम बाबरी वाले बाबा, बाबा जीलानी शाह, वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद युनूस गाजी, सूफी हाजी नदीम, हाजी कलीम, सूफी मुस्तकीम, सूफी इरफान, बकील कुरैशी समाजसेवी, बबलू कुरैशी, हनीफ और आशमौहम्मद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने हाजी सूफी इसहाक मियां के उर्स मुबारक के आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने तीन बाल श्रमिक कराये मुक्त



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय एएचटीयू टीम तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी कीर्ति कुरील ने नगर मे अभियान के तहत कई प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर बाल श्रमिकों की खोजबीन की जहां तीन बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। बुधवार को प्रदेश शासन द्वारा चलाये जा रहे बच्चों एवं किशोरों का बालश्रम अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में निरीक्षक उपेन्द्र सिंह मय एएचटीयू टीम तथा कीर्ति कुरील श्रम प्रवर्तन अधिकारी गुरसहायगंज द्वारा नगर में बस स्टैण्ड, पूर्वी बाईपास, पश्चिमी बाईपास, मैन बाजार, हाईवे स्थित होटल, ढाबो व मेडिकल स्टोर व अन्य स्थानों पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं नशा मुक्ति रोकथाम हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया एवं अभियान के दौरान 03 बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया।

### कार्ड बदलकर एटीएम से निकाले हजारों रुपये

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी सलीम पुत्र मुन्ने द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार को 04:30 बजे वह नगर के जीटी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से रुपए निकालने गया था। जहां पहले से मौजूद अज्ञात युवक ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते पचीस हजार रुपये एटीएम द्वारा निकाल लिए। जब उसके फोन पर मैसेज आया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने शाखा प्रबंधक सहित कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।

### महिला को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम लाडपुर तेराजाकेट निवासी विमला देवी पत्नी संतराम द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 अप्रैल को 04 बजे रंजिश के चलते गांव के ही रतीराम, पातीराम, मनोज व अनुज दरवाजे पर आए और गाली गलौज शुरू कर दी। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्त गणों ने लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ढाबा संचालक से टप्पे बाजी का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम तिलपई निवासी ढावा स्वामी रक्षपाल सिंह पुत्र स्वर्गीय उधम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि मंगलवार को 09:20 पर सफ्फ़ियापुर जाने वाले रास्ते पर शंकर मंदिर के निकट अज्ञात व्यक्ति ने उससे टप्पेबाजी करके अस्सी हजार रुपये लेकर भाग गया। पीड़ित ढाबा स्वामी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 16 अप्रैल को निकलेगी जन जागरूकता रैली

**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद उन्नाव द्वारा पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वृहद स्तर पर अभियान शुरू किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती श्वेता मिश्रा ने बताया कि 16 अप्रैल को एक जनजागरूकता रैली निकाली जाएगी जिसके साथ ही एक सप्ताह तक चलने वाला विशेष अभियान भी शुरू होगा। नगर पालिका अध्यक्षा ने जानकारी देते हुए कहा कि पालीथीन का प्रयोग न सिर्फ पर्यावरण, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बेहद हानिकारक है। ऐसे में नगर पालिका का उद्देश्य है कि लोगों को जागरूक कर इसका प्रयोग पूरी तरह रोका जाए। जन जागरूकता रैली 16 अप्रैल को नगर में प्रमुख मार्गों पर निकाली जाएगी। एक सप्ताह का अभियान स्कूलों, बाजारों और मोहल्लों में जाकर लोगों को पॉलिथीन के नुकसान बताए जाएंगे। वैकल्पिक उपायों का प्रचार कपड़े और जूट के थैलों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में लगाई फांसी

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना के अंतर्गत किराए के मकान में रह रही विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुरवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विटोला निवासी रिंकी यादव 26 वर्ष पत्नी नीरज यादव काफी समय से पति के साथ सोहरामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी संजय द्ववेदी के मकान मे किराये पर रह रही थी, दोपहर के समय किराये के कमरे में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस द्वारा शव को कब्जे मे लेकर शव को मोर्चेरी उन्नाव भिजवाया दिया।

### मथुरा वृंदावन नगर निगम बोर्ड की बैठक में 1073 करोड़ रु का ऐतिहासिक बजट पास

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम बोर्ड की बहु बैठक बुधवार को जनरल गंज स्थित निगम के सभागार में संपन्न हुई। इसके अलावा 1073 करोड़ रु का बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया। बैठक में 16 प्रस्ताव चर्चा के साथ स्वीकृत कर दिए गए। बैठक में एक देश एक चुनाव प्रस्ताव भी पास किया गया। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल ने घोषणा की कि सभी 70 वार्डों में 50- 50 लाख रुपए के निर्माण कार्य के अलावा 50 स्ट्रीट लाइट दो हाई मास्क लाइट लगाई जाएगी। चर्चा के दौरान अलग-अलग पार्षदों ने विभिन्न समस्याओं के ऊपर भी ध्यान आकर्षण कराया। बैठक में पार्षद राजवीर सिंह बृजेश खरे नीरज वशिष्ठ तेजवीर सिंह और नीनू कुंज बिहारी ने अपनी कुछ मांग उठानी चाही जिनको कुछ पार्षदों के विरोध के कारण सुना नहीं जा सका इससे कुपित होकर वह बहिष्कार करके चले गए। पार्षद राजीव कुमार सिंह ने मांग उठाई कि सभी 70 वार्ड में पार्षदों के आवास पर जन सुविधा केंद्र खोले जाएं जहां से स्थानीय नागरिक जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित निगम संबंधित अपनी समस्या का निदान करा सके।

# मुकुंदलाल तिवारी की 150वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** मुकुंदलाल तिवारी राजकीय इंटर कालेज व रामायल सभागार में मुकुंदलाल तिवारी की 150वीं जयंती धूम धाम से मनाई गई। जयंती के मौके पर वक्ताओं ने स्व0 तिवारी जी को श्रद्धांजली देते हुए उनके द्वारा समाज हित में की गई सेवा की विस्तार से जानकारी दी गई। जीआईसी में जयंती दौरान श्री मुकुंद छात्र मेधा सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें कालेज के गुरूजनों व मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

मुकुंद फाउंडेशन के तत्वावधान में बुधवार को रामालय बाबूलाल तिवारी स्मृति सभागार में मुकुंदलाल तिवारी की जयंती मनाई गई। स्व0 मुकुंदलाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई एवं मेधावी छात्र छात्राओं और शिक्षकों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन अबोध कुमार सोनी ने किया। जयंती के अवसर पर मुकुंद फाउंडेशन के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मुकुंदलाल तिवारी राजकीय इंटर कालेज में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया और छात्रों को मेधावी बनाने वाले पूज्य गुरुजनों को भी सम्मानित किया गया। श्री मुकुंद छात्र मेधा सम्मान कार्यक्रम का संचालन राजकिशोर ने किया। मुकुंद फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रामदत्त तिवारी ने बताया कि पंडित मुकुंदलाल तिवारी नोटिफाइड एरिया महोबा के 1940 से 1947 तक अध्यक्ष रहे। उन्होंने बताया कि मुंकुंदलाल तिवारी जिला सहकारी बैंक हमीरपुर के 1937 में उपाध्यक्ष के अलावा डीएवी कॉलेज के संस्थापक सदस्य रहे। उन्होंने 1916 से 1961 तक आपके कुशल निर्देशन में रामलीला का मंचन भी कराते रहे, उनके द्वारा रघुनाथ विनय शतक 1912 में प्रकाशित किया।

धर्मार्थ के लिए 1924 में धर्मशाला की स्थापना की, नोटिफाइड एरिया महोबा द्वारा सन 1935 से मुकुंद लाल तिवारी कन्या पाठशाला संचालित किया गया। बताया कि बाबूलाल तिवारी के अध्यक्ष कार्यकाल में नगर पालिका महोबा द्वारा 1968 में मुकुंदलाल तिवारी जूनियर हाईस्कूल की स्थापना की गई थी, जो 1971 में हाईस्कूल एवं 91 में इंटर कॉलेज के रूप में संचालित हुआ। इस मौके परसहकारी क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष मुकेश विकास गुप्ता आदित्य तिवारी एवं भूपेश राजा विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## गोशाला में युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी के मतलबपुर गांव के बाहर बंद पड़ी गौशाला के टीनशेड में युवक का शव लटका देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन शव देख कर बिलख उठे। पुलिस ने जांच कर युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के मतलबपुर गांव निवासी सुनील (22) पुत्र रामशंकर हैदराबाद में टेलीकॉम कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता था। 10 दिन पहले वह घर लौटा था। मंगलवार सुबह खेत की और गए ग्रामीणों ने उसका शव गांव के बाहर बंद पड़ी अस्थाई गौशाला में पड़े टीनशेड के एंगल में नायलॉन की रस्सी के फंदे से लटका देख परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन पहुंचे और शव देख कर बिलख उठे। युवक के फंदे लटकने की जानकारी पर वहां ग्रामीणों एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें हैंगिंग मौत की बात सामने आई है। परिजन आत्महत्या करने का कारण नहीं बता सके। पुलिस ने सुनील का मोबाइल कब्जे में लिया है। वह पांच भाइयों संजय, रामू, बुटई से छोटा और गुरमीत से बड़ा था।

# अवैध रास्ते पर चेयरमैन प्रतिनिधि ने चलवाया बुलडोजर



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** नगर क्षेत्र के इंदिरा नगर मोहल्ले में भू-माफियाओं द्वारा प्रमुख नाले को पाटकर जल निकासी अवरोधक अवैध पुलिया का निर्माण कर प्लॉटिंग कराई जा रही थी। इससे क्षेत्र में भारी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। मामले की शिकायत मिलते ही चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू' मौके पर पहुंचे और तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराया। नगर में बीते कई दिनों से प्रमुख नालों की सफाई युद्धस्तर पर कराई जा रही है ताकि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त हो सके। शहर के इंदिरा नगर में कुछ दबंगों द्वारा नाले को पाटकर उसपर अवैध रास्ता बना दिया गया। जिससे पानी का बहाव रुक गया और जलभराव की स्थिति बन गई। भूमाफियाओं द्वारा अवैध संरचना पर प्लॉट बनाकर बिक्री भी शुरू कर दी गई थी। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही भी सामने आई। मौके पर लेखपाल के नदारत होने पर लोगों ने नाराजगी जताई। मामला सामने आने के बाद भी प्रशासनिक अमला कार्रवाई से बचता नजर आया। नागरिकों की शिकायत पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू स्वयं मौके पर पहुंचे और नाले को कब्जामुक्त कराने की कार्रवाई तत्काल शुरू कराई। चेयरमैन प्रतिनिधि ने स्थानीय अधिकारियों व जिलाधिकारी को भी मामले से अवगत कराया और संपूर्ण पैमाइश व दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सक्रिय जनप्रतिनिधि ही क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।

# अवैध अतिक्रमण से लालकुंआ चौराहे पर जाम के हालात



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** ऊंचगांव-लालकुआं मार्ग पर लालकुआं चौराहे पर अतिक्रमण व अवैध रूप से संचालित स्टैंड से मार्ग में जाम की स्थिति बनी रहती है। वाहन चालकों व राहगीरों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

रास्ते में दुकानों के लगने व डग्गेमार वाहनों के खडा होने के कारण आयेदिन वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। लालकुआं चौराहे पर सर्विस रोड के निर्माण के बाद प्रशासन की अनदेखी के कारण स्थानीय दुकानदारों ने मार्ग पर अवैध कब्जा कर दुकानें खोल रखी है और डग्गेमार वाहन का अवैध स्टैण्ड संचालित होने की वजह से मार्ग अवरुद्ध हो गया है जिसकी वजह से वाहन चालकों व राहगीरों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता अवरुद्ध होने के कारण आयेदिन दुर्घटनाएं हो रही है। समाजसेवी सुभाष बाजपेयी, कृष्ण कुमार यादव, राजेन्द्र एडवोकेट ने प्रसाशन से मार्ग से अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है। एसडीएम रणवीर सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। मामले को दिखवाया जा रहा है।

# हाईवे को जोड़ने वाली सड़कों पर बनाए जाए स्पीड ब्रेकर

■ स्कूली वाहनों की फिटनेस के बाद दी जाए चलने की अनुमति



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ चर्चा की।साथ ही दुर्घटना बाहुल स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाने पर जोर दिया। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन.जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ में पांच मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो को दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके और बच्चों के अभिभावको को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत.प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बिठानें से रोका जाये और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट और सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए । जिलाधिकारी नें डीएसओ को निर्देश दिए कि सभी पेट्रोल पंपों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाए। यदि पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट के पेट्रोल देते हुए पाये जाते है तो ऐसे पेट्रोल पंप मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट बसें, डबल डेकर की बसों की चेकिंग की जाए और बिना परमिट चल रही बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने एनएच झांसी को निर्देशित किया कि राजमार्गों पर अवैध मीडियन कट बंद करवाये जाए तथा अन्धी मोड पर आवाश्यक रुप से साइन बोर्ड लगवाई जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि गायों के सींग पर रिफ्लेक्टर लगवाया जाए जिससे दुर्घटना में कमी लाई जा सके । उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देश दिए कि सभी बसों में स्पीड कंट्रोल डिवाइस लगवाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी बसों में जो कमियां हैं उन कमियों को जल्द से जल्द पूरा किया जाये तथा बस स्टैंड के एंट्री गेट के पास सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं।

आरटीओ को निर्देश दिए गए की सभी स्कूलों के पास संकेतांक बोर्ड लगवाये जाए तथा मुख्य मार्गों पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सा दूरभाष हेल्पलाइन नंबर चप्सा किए जाएं और दुर्घटना में सहायता करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाए।

# जापान के फुटबॉलर नोजोमु ने कोलकाता से काशी तक 2000 किमी की ड्रिब्लिंग की

**वाराणसी।** जापान के रहने वाले फुटबॉलर नोजोमु हागीहारा (31) ड्रिब्लिंग (जमीन पर फुटबॉल को उछालते हुए आगे बढ़ना) करते काशी पहुंचे। तीन मार्च से कोलकाता से सड़क पर फुटबॉल खेलते हुए उनका असाधारण सफर न केवल खेल के प्रति उनके प्रेम को दर्शाता है, बल्कि गांवों में लैंगिक समानता, स्वच्छता और पोषण के साथ ही बच्चों को चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करना है। सड़क पर फुटबॉल खेलते हुए 2000 किमी का सफर तय कर मंगलवार को काशी पहुंचे। सोनारपुर में विश्राम के बाद गुरुवार को दिल्ली की ओर बढ़ेंगे।हागीहारा ने बताया कि गरीब और वंचित बच्चों को फुटबॉल अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

उनका मानना है कि फुटबॉल न केवल एक मनोरंजक खेल है, बल्कि यह अनुशासन, टीम वर्क और दृढ़ता सिखाता है।नोजोमु ने कहा कि गांवों में फुटबॉल कार्यशालाएं की हैं। इन सत्रों का उद्देश्य बच्चों खासकर लड़कियों को सशक्त बनाना है।

**सफर**

> सड़क पर फुटबॉल खेलते हुए 2000 किमी का सफर तय कर मंगलवार को काशी पहुंचे।

जिस तरह महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह के दौरान 385 किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। उससे प्रभावित होकर सबसे लंबी ड्रिब्लिंग कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने का भी प्रयास है।

2023 में एक ऑस्ट्रेलियाई ने 337 किमी तक ड्रिब्लिंग कर रिकॉर्ड बनाया था। जब लोग उन्हें सड़क पर फुटबॉल खेलते देखते हैं, तो वे रुकते हैं और बातचीत करते हैं। प्रवास के दौरान नोजोमु काशी के बच्चों के साथ फुटबॉल खेलेंगे। बुनियादी कौशल सिखाएंगे और इसमें कॅरिअर बनाने की संभावनाओं के बारे में भी बताएंगे।



जिला एथलेटिक्स संघ 27 अप्रैल को वार्षिक जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता कराएगा। मुनारी के एसबीएस स्पोर्ट्स एकेडमी के खेल मैदान में जिले भर के युवा प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश कुमार यादव ने बताया कि मुख्य उद्देश्य जिले के युवा और प्रतिभाशाली एथलीटों को मंच देना है।

प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के बालक और बालिकाएं हिस्सा लेंगी। सचिव ने बताया कि विजेता खिलाड़ी 15 से 18 जून तक होने वाली 20वीं राष्ट्रीय इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह युवा एथलीटों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का शानदार अवसर है।

**किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता स्थगित**

19 अप्रैल से सिगरा स्टेडियम में किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता स्थगित कर दी गई है। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रमेश यादव ने बताया कि खेल विभाग के हॉस्टल में प्रवेश के लिए चयन प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है, जिसके चलते किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता को फिलहाल टाल दिया गया है। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छोटे बच्चे हिस्सा लेने वाले थे। युवा खिलाड़ियों और अभिभावकों में निराशा है।

**माध्यमिक विद्यालयों में अब महीने के दूसरे शनिवार को सिर्फ खेलकूद**

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सत्र 2025-26 के लिए वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर जारी कर दिया है। हर महीने दूसरे शनिवार को खेलकूद और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियां होंगी। यह निर्णय छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रख लिया गया है। देखा जाता है कि पाठ्यक्रम के दबाव में छात्रों को खेलकूद और अन्य मनोरंजक गतिविधियों के लिए समय नहीं मिल पाता है।

# निशानेबाजी विश्व कप में 18 साल की सुरुचि ने मनु भाकर को हराकर जीता स्वर्ण, 1.3 अंक का रहा अंतर

**लीमा (पेरू)।** युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने पेरू के लीमा में जारी आईएसएसएफ विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोना अपने नाम किया। वहीं, पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने रजत पदक जीता। दोनों ने इस प्रतियोगिता में भारत का दबदबा सुनिश्चित किया। इससे पहले स्टार निशानेबाज सौरभ चौधरी ने इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। हरियाणा के झज्जर की रहने वाली 18 साल की सुरुचि ने हाल ही में ब्यूनस आयर्स में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने लीमा विश्व कप में 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाया और मनु को 1.3 अंक से हराकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया। चीन की याओ कियानक्सुन ने कांस्य पदक जीता।

सुरुचि और मनु के पोडियम पर पहुंचने का मतलब था कि भारत ने बुधवार को हर एक रंग का एक पदक जीत। सौरभ ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में





कांस्य पदक अपने नाम किया था। लीम विश्व कप में फिलहाल भारत तीन पदकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद चीन का नंबर आता है, जिसने पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था।

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में 60 शॉट के क्वालिफिकेशन राउंड में सुरुचि ने 582 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था, जबकि मनु भाकर ने 578 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। भारत की एक अन्य निशानेबाज सैन्यम 571 अंक के साथ 11वें स्थान पर रही। इससे पहले सुरुचि ने हाल ही में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप के दौरान सौरभ के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य भी जीता था। तब सौरभ और सुरुचि ने हमवतन मनु भाकर और रविंदर सिंह को 16-8 से हराया था और कांस्य पदक जीता था। सुरुचि और सौरभ ने 581 स्कोर किया, जबकि मनु और रविंदर का स्कोर 579 रहा था।

# दंगल से पहले हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल, जीरकपुर के दीपू ने जीती छोटी माली

**भगेड़ (बिलासपुर)।** मैहरी काथला के नाल्टी मोड़ स्थित स्टेडियम में आयोजित दंगल में छोटी माली का खिताब जीरकपुर पंजाब के दीपू पहलवान ने अपने



नाम किया। बड़ी माली के लिए भारत सम्राट का मुकाबला मिर्जा ईरान और दिनेश गुलिया के बीच बराबरी पर छूटा। महावीर दंगल कमेटी मैहरी काथला की ओर से आयोजित दंगल में देशभर से करीब 50 नामी पहलवानों ने दम दिखाया। इनमें विशाल मयूर, मोहित, रोहित, अनिरुद्ध सहित भारत केसरी, भारत कुमार और हिमाचल केसरी जैसे खिताब धारी पहलवान आकर्षण का केंद्र रहे। दंगल की शुरुआत लखदाता स्थान पर चादर और झंडा चढ़ाकर की गई।

सोमवार शाम को शिव शक्ति दुर्गा मंदिर परनाल में ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जो नाल्टी मोड़ अखाड़ा स्थल तक पहुंची। मुख्यातिथि के रूप में दुबई के व्यवसायी और लुहणू मैहरी काथला निवासी सुनील कुमार शर्मा विशेष रूप से पहुंचे। उन्होंने हेलिकाप्टर से अखाड़े में पुष्प वर्षा कर पहलवानों और दर्शकों का अभिनंदन किया। उन्होंने भारत सम्राट बड़ी माली के दोनों विजेता पहलवानों को ढाई लाख रुपये के जोड़ और पांच सीधे मुकाबलों के विजेताओं को डेढ़ लाख रुपये के जोड़ से पुरस्कृत किया।

महावीर दंगल कमेटी को एक लाख रुपये की धनराशि भी भेंट की। गुलजार अखाड़ा जीरकपुर, आरएस अकादमी पटियाला और केसर अखाड़ा पटियाला के पहलवानों ने भी पैनल की कुश्तियों में हिस्सा लिया। इसके अलावा सन्नी रेनवाल-काशी अमृतसर, जॉन्टी-काली तालिब और अभिषेक दिल्ली-जयवीर चंडीगढ़ के बीच सीधे मुकाबले हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक में खेले जाएंगे क्रिकेट के मैच, आईसीसी ने कर दिया एलान

**दुबई।** क्रिकेट 128 साल के अंतराल के बाद 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में वापसी करेगा। इसको लेकर जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में आईसीसी ने एक बड़ा एलान किया है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक के दौरान जिस स्थान पर मुकाबले खेले जाएंगे, आईसीसी ने उसका एलान कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात को यह घोषणा की कि दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

क्रिकेट प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग में छह-छह टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन पोमोना के फेयरग्राउंड में होगा। यह शहर ओलंपिक खेलों के मुख्य शहर लॉस एंजिल्स से 48 किलोमीटर दूर है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने जारी विज्ञप्ति में कहा, हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह ओलंपिक में हमारे खेल की वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**मेजबानी**

> दक्षिण कैलिफोर्निया का पोमोना शहर ओलंपिक खेलों के दौरान क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा।

उन्होंने कहा, क्रिकेट एक बेहद लोकप्रिय खेल है, लेकिन यह खेल का विस्तार करने का एक शानदार अवसर होगा। तेज-तर्रार, रोमांचक टी20 प्रारूप में ओलंपिक में क्रिकेट नए दर्शकों को आकर्षित करेगा। इससे पहले 10 अप्रैल को लॉस एंजिलिस ओलंपिक के आयोजकों ने टीमों को लेकर घोषणा की थी। महिला और पुरुष दोनों श्रेणी में छह-छह टीमें हिस्सा लेंगी। मैच टी20 प्रारूप में खेले जाएंगे।

पिछली बार क्रिकेट साल 1900 में पेरिस ओलंपिक का हिस्सा रहा था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मुकाबला खेला गया था। अब इसे अनाधिकारिक टेस्ट के रूप में गिना जाता है।



हालांकि, लॉस एंजिलिस ओलंपिक में छह टीमें टी20 प्रारूप में खेलती दिखेंगी। इतना ही नहीं आयोजकों ने एक टीम में अधिकतम खिलाड़ियों की संख्या भी तय की है। आयोजकों ने कहा है कि एक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में अधिकतम 90 खिलाड़ियों का कोटा तय किया गया है। यानी छह टीमों को मिलाकर अधिकतम 90 खिलाड़ी होंगे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल के फिलहाल 12 नियमित और 94 सहयोगी सदस्य हैं। नियमित सदस्यों में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे की टीमें हैं। हालांकि, 2028 ओलंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रक्रिया के बारे में अब तक नहीं बताया गया है। इसमें अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रक्रिया से गुजरना होगा।

क्रिकेट उन पांच नए खेलों में शामिल है, जिन्हें लॉस एंजिलिस ओलंपिक में जगह दी गई है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने इन पांच खेलों के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में शामिल किए जाने की पुष्टि साल 2023 में की थी। क्रिकेट के अलावा इनमें बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रॉस और स्क्वॉश शामिल हैं। इस बीच आईओसी के कार्यकारी बोर्ड ने ओलंपिक खेल 2028 के लिए प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कोटा को मंजूरी दी। इन खेलों में पेरिस ओलंपिक 2024 की तुलना में 22 अधिक पदक स्पर्धाएं होंगी।

आईओसी ने ओलंपिक 2028 के लिए रिकॉर्ड 351 पदक स्पर्धाओं को मंजूरी दी है, लेकिन खिलाड़ियों की संख्या 10500 ही रहेगी। खिलाड़ियों की संख्या में नए खेलों के 698 खिलाड़ी भी शामिल हैं। ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टीम खेलों में पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या समान होगी। अन्य खेलों में मुक्केबाजी में पुरुषों की तरह महिला वर्ग में भी समान सात वजन वर्ग होंगे।

# पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

**झांसी।** पंजाब ने हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के डिवीजन-ए के फाइनल में मंगलवार को मध्य प्रदेश को 4-1 से हरा दिया और चैंपियनशिप अपने नाम की। उत्तर प्रदेश ने मणिपुर को 5-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

जुगराज सिंह (30वें, 49वें मिनट) ने फाइनल मैच में दो गोल किए जबकि जसकरन सिंह (38वें) और मनिंदर सिंह (46वें) पंजाब के लिए अन्य गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। मध्य प्रदेश के लिए प्रताप लाकड़ा (28वें) ने एकमात्र गोल किया। तीसरे-चौथे स्थान के मैच में कुशवाह सौरभ आनंद (29वें, 49वें), शारदा नंद तिवारी (35वें), दीप अतुल (48वें) और शिवम आनंद (60वें) ने उत्तर प्रदेश के लिए गोल किए। मोइरांगथेम रबीचंद्रन सिंह (45वें मिनट) ने मणिपुर के लिए सांत्वना गोल किया।

# सौरभ चौधरी का जलवा बरकरार, लीमा निशानेबाजी विश्व कप में भारत के लिए पहला पदक जीता

**लीमा।** एशियाई खेलों (2018) और युवा ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता सौरभ ने लास पालमास निशानेबाजी परिसर में 22वें शॉट के बाद 219.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

भारत के स्टार निशानेबाज सौरभ चौधरी ने मंगलवार को लीमा में साल के दूसरे आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन चरण के पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

चीन के हू काई ने 246.4 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 0.1 अंक कम था। ब्राजील के ओलंपिक पदक विजेता फेलिप अल्मेडा वू ने रजत पदक जीता। एशियाई खेलों (2018) और युवा ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता सौरभ ने लास पालमास निशानेबाजी परिसर में 22वें शॉट के बाद 219.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

इससे पहले सौरभ और वरुण तोमर ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने में सफल



रहे। इसमें सौरभ ने क्वालिफिकेशन में 578 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान हासिल किया था, जबकि वरुण ने 576 के साथ आठवां स्थान हासिल किया था। वरुण फाइनल में दबाव में पिछड़ कर पदक से चूक गए।

इससे पहले एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन सौरभ ने सुरूचि के साथ मिलकर ब्यूनस आयर्स में आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में हमवतन मनु भाकर और रविंदर सिंह को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता था। सौरभ ने चारों निशानेबाजों में सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए 12वीं सीरिज में 10.7 स्कोर किया। इससे पहले भारतीय जोड़ियां दो चीनी जोड़ियों के बाद तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। सुरूचि और सौरभ ने 581 स्कोर किया, जबकि मनु और रविंदर का स्कोर 579 रहा।

# क्या खुशी ने कंफर्म कर दिया वेदांग के साथ रिलेशनशिप? पेंडेंट के डिजाइन से शुरू हुई चर्चा

**मुंबई।** काफी वक्त से खुशी कपूर और वेदांग रैना का कथित अफेयर सुर्खियों में हैं। एक बार फिर दोनों के रिलेशनशिप को लेकर चर्चा शुरू हो गई है और इसकी वजह है खुशा का हालिया सोशल मीडिया पोस्ट। जानिए क्यों?

श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी और अभिनेत्री खुशी कपूर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। उनका नाम काफी वक्त से एक्टर वेदांग रैना से जोड़ा जा रहा है। दोनों के कथित रिलेशनशिप की खबरें सामने आती रहती हैं। हालांकि, इन खबरों पर वेदांग और खुशी ने कभी कुछ नहीं बोला। मगर, खुशी के हालिया मीडिया पोस्ट के बाद यूजर्स यह मानकर चल रहे हैं कि खुशी और वेदांग के बीच कुछ तो पक रहा है। जानिए क्यों?

**पेंडेंट पर ऐसा क्या लिखा है?**

खुशी कपूर ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें वे हंसती-मुस्कुराती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में खुशी की एक

**निजी जिंदगी**

> श्रीदेवी और बोनी कपूर की छोटी बेटी और अभिनेत्री खुशी कपूर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं।

चीज ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा और वह है उनका पेंडेंट। इस पेंडेंट का डिजाइन इसलिए खास है, क्योंकि इस पर वी (ङ्क) और के (च) लिखा हुआ है। दोनों अक्षरों के बीच में हार्ट शेप का लॉकेट है। इसके बाद यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि खुशी ने इस पोस्ट के जरिए वेदांग के साथ अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर संकेत दे दिए हैं।

**जान्हवी के नक्शेकदम पर खुशी?**

बता दें कि इससे पहले जान्हवी कपूर ने भी एक नेकलेस पहने फोटोज शेयर की थीं, जिस पर



उनके बॉयफ्रेंड शिखर का नाम था। जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अब खुशी ने भी वेदांग के साथ डेटिंग की खबरों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर, उनके इस नेकलेस ने दोनों के कथित अफेयर की खबरों को एक बार फिर हवा दे दी है।

**खुशी कपूर का वर्क फ्रंट**

खुशी के वर्क फ्रंट की बात करें तो फिल्म लवयापा से उन्होंने बड़े परदे पर डेब्यू किया। इसमें वह आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ नजर आईं। इसके अलावा ओटीटी पर इस साल उनकी फिल्म नादानियां रिलीज हुई, जिसमें वे इब्राहिम अली खान के साथ नजर आईं। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई। बता दें कि खुशी ने अपना एक्टिंग डेब्यू द आर्चीज फिल्म से किया था।

# बीआरबी- फर्स्ट ब्लड की शूटिंग शुरू, निर्माताओं ने जारी किया किच्चा सुदीप का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** अभिनेता किच्चा सुदीप ने एक्स पर अपनी बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म बिल्ला रंगा बाशा फर्स्ट ब्लड के बारे में खबर साझा की, जिसका निर्देशन अनूप भंडारी ने किया है।

साउथ सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म बीआरबी फर्स्ट ब्लड (बिल्ला रंगा बाशा) की शूटिंग शुरू होने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। अनूप भंडारी द्वारा निर्देशित और प्राइम शो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म पिछले कुछ समय से प्री-प्रोडक्शन में थी और आखिरकार इसकी शूटिंग शुरू हो गई है।

**किच्चा सुदीप की पोस्ट**

अपने एक्स पोस्ट में किच्चा सुदीप ने लिखा, 2209 एडी-बीआरबी फर्स्ट ब्लड आज से यात्रा शुरू हो रही है। हमारे लिए हमारी




टीम का यह विशाल सपना और विजन फ्लोर पर जाना एक अनोखा उत्साह है। एक पोस्टर भी जारी किया गया, जिसमें सुदीप को बर्फीले तूफान में दिखाया गया है, माथे पर बर्फ का चश्मा पहने हुए हैं, जिसमें आग से मची तबाही के दृश्य को दिखाया गया है।

**अनूप भंडारी के साथ दोबारा काम कर रहे सुदीप**

**बीआरबी-** फर्स्ट ब्लड के जरिए सुदीप ने निर्देशक अनूप भंडारी के साथ दोबारा हाथ मिलाया है। इससे पहले दोनों ने विक्रांत रोना में साथ काम किया था, जो सुपरहिट रही थी। पिछले साल किच्चा सुदीप के जन्मदिन पर फिल्म का एक अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया गया था, जिसमें वर्ष 2209 एडी में एक तबाही के बाद के भविष्य में सेट दो-भाग की कहानी के रूप में दुनिया की झलक दिखाई गई थी।

**फिल्म का निर्माण**

इस प्रोजेक्ट को के निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी के प्राइम शो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जिन्हें ब्लॉकबस्टर हनुमान के निर्माण के लिए जाना जाता है। जैसे ही पोस्टर रिलीज हुआ सुपरस्टार के प्रशंसकों ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपनी प्रतिक्रिया और फिल्म की रिलीज के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की। बीआरबी से पहले सुदीप ने एक्शन थ्रिलर मैक्स में अभिनय किया था, जो 25 दिसंबर, 2024 को रिलीज हुई थी।

## पूजा हेगड़े ने सोशल मीडिया को लेकर की टिप्पणी

अभिनेत्री पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'रेट्रो' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अब फिल्म को लेकर प्रमोशन भी शुरू हो गया है। इसको लेकर फिल्म की कास्ट अलग-अलग जगहों पर पहुंचकर फिल्म का प्रचार कर रही है। इसी कड़ी में फिल्म की अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने सोशल मीडिया के अपने फॉलोअर्स और बॉक्स ऑफिस के टिकट को लेकर एक मजेदार टिप्पणी की है। सोशल मीडिया के फॉलोअर्स और अपने प्रशंसकों को लेकर पूजा हेगड़े ने फिल्म प्रमोशन के दौरान बातचीत में कहा, सोशल मीडिया और वास्तविक दुनिया दो अलग-अलग चीजें हैं। जब मैं हैदराबाद या तिरुमाला जाती हूं, तो लोगों से मिलती हूं और यह मेरे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया पर ऐसे बॉट होते हैं, जिनके पास न तो डिस्प्ले पिक्चर होती है और न ही उनके अकाउंट में कोई पोस्ट होती है।

# बहन सोनू से बढ़ती दूरी के बीच नेहा कक्कड़ ने बनाया किसके नाम का टैटू? फैंस हुए खुश

**मुंबई।** हाल ही में सिंगर नेहा कक्कड़ की बहन सोनू कक्कड़ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की। जिसमें सोनू ने बहन नेहा और भाई टोनी कक्कड़ से अपने रिश्ते खत्म करने की बात कही। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया। हाल ही में नेहा ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक खास शख्स के नाम का टैटू अपने हाथ पर बना रही हैं।

नेहा कक्कड़ और उनके भाई टोनी कक्कड़, बड़ी बहन सोनू कक्कड़ सभी बॉलीवुड फिल्मों में बतौर सिंगर एक्टिव हैं। तीनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग भी थी लेकिन हाल में सबकुछ बदल गया, जब सोनू कक्कड़ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की, जिसमें टोनी और नेहा से अपने रिश्ते खत्म करने की बात कही। ये अलग बात है कि कुछ ही देर में उस पोस्ट को सोनू ने डिलीट कर दिया। अब कहानी में नया मोड़ आया है,



नेहा कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह टैटू बनवा रही हैं? जानिए किसके नाम का टैटू नेहा कक्कड़ ने बनाया है? और इस बात का सोनू कक्कड़ से क्या कनेक्शन है?

हाल ही में टोनी कक्कड़ का बर्थ था, इस बर्थ डे में सोनू कक्कड़ तो नहीं दिखीं लेकिन नेहा ने अपने भाई के जन्मदिन का जश्न मनाया। इसी मौके पर नेहा ने टोनी को एक टैटू दिखाया, जिसे देखकर वह इमोशनल हो गए। दरअसल, नेहा ने भाई टोनी और अपने नाम का एक टैटू हाथ पर बनवाया था। इससे भाई-बहन के बीच की बॉन्डिंग का पता चलता है।

टैटू बनवाने का पूरा प्रोसेस वीडियो के जरिए नेहा कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस वीडियो पर टोनी कक्कड़ ने रिएक्ट भी किया है, जिसमें वह नेहा को अपने लिए भगवान का आशीर्वाद बता रहे हैं। फैंस ने भी वीडियो के कमेंट सेक्शन में नेहा को एक प्यारी बहन बताया है।

नेहा और टोनी कक्कड़ का रिश्ता जहां मजबूत हो रहा है, वहीं सोनू इनसे दूर हो चुकी हैं। इस मामले पर अब तक नेहा और टोनी ने चुप्पी नहीं तोड़ी है।

# नासिक में धार्मिक स्थल पर बुल्डोजर कार्रवाई पर बवाल



**नासिक।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत धार्मिक स्थल को हटाने का आदेश दिया था। मंगलवार रात को जब धार्मिक स्थल को उसके ट्रस्टी हटा रहे थे तो भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शनकारियों ने विरोध करते हुए पथराव कर दिया। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर स्थिति को नियंत्रित किया। महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुल्डोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है। जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटाने का आदेश दिया था। नासिक के पुलिस आयुक्त संदीप कार्णिक ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक सतपीर दरगाह के ट्रस्टियों ने मंगलवार रात को ढांचे को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

# दीवानी विवाद में आपराधिक मुकदमा दर्ज करने पर अदालत नाराज, यूपी पुलिस पर लगाया 50 हजार जुर्माना

**मामला**

**सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी विवाद में आपराधिक मामला दर्ज करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।**

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि दीवानी विवादों में आपराधिक मामला दर्ज करना अस्वीकार्य है। पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस 50 हजार रुपये जुर्माना अदा करे। इसे पुलिस अधिकारियों से वसूल किया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी विवाद में आपराधिक मामला दर्ज करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि शीर्ष अदालत में दीवानी विवादों (सिविल मामलों) में एफआईआर दर्ज करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं की बाढ़ आ गई है। यह फैसलों का उल्लंघन है।



शीर्ष अदालत ने इस मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया। कोर्ट ने जुर्माने को दो पुलिस अधिकारियों से वसूल करने के लिए कहा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि दीवानी विवादों में आपराधिक मामला दर्ज करना अस्वीकार्य है। पीठ ने दोषी पुलिस अधिकारियों पर लगाया गया जुर्माना माफ करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि यूपी पुलिस 50 हजार रुपये का जुर्माना अदा करे और इसे अधिकारियों से वसूल करें। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इस मामले में उत्तर प्रदेश के कानपुर निवासी ह्यह्यरिखब बिरानी और साधना बिरानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने एफआईआर इस तथ्य के बावजूद दर्ज की थी कि स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत ने बिरानी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने के निर्देश देने की शिल्पी गुप्ता की दो अलग-अलग याचिकाओं को दो बार खारिज कर दिया था। इससे पहले ऐसे ही एक मामले में सुनवाई करते हुए सीजेआई ने कहा था कि उत्तर प्रदेश में कानून का शासन पूरी तरह से खत्म हो चुका है। सिविल मामले को आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है। इसके बाद राज्य पुलिस महानिदेशक को इस विशेष मामले में हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट के रिकॉर्ड में यह बात सामने आई कि रिखब बिरानी ने मौखिक रूप से 1.35 करोड़ रुपये में शैली गुप्ता को कानपुर स्थित अपना गोदाम बेचने का समझौता किया था।

गुप्ता ने बिक्री के आंशिक भुगतान के रूप में केवल 19 लाख रुपये दिए और 15 सितंबर 2020 तक बिरानी परिवार को तय 25 प्रतिशत अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया। इसके बाद बिरानी ने गोदाम को 90 लाख रुपये में एक तीसरे पक्ष को बेच दिया और गुप्ता द्वारा दिए गए 19 लाख रुपये वापस नहीं किए। इसके बाद शैली गुप्ता ने एफआईआर दर्ज करने के लिए दो बार आपराधिक अदालत का दरवाजा खटखटाया, लेकिन वे असफल रहे।

# राहुल-सोनिया के अलावा कौन-कौन से नेता जांच एजेंसियों के रडार पर



**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी का भी नाम है। हालांकि राहुल गांधी और सोनिया गांधी अकेले नेता नहीं हैं, जो ईडी के रडार पर हैं बल्कि कई अन्य शीर्ष राजनेता भी ईडी की कार्रवाई का सामना कर रहे हैं।

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। दोनों नेताओं पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल-सोनिया गांधी ही नहीं बल्कि देश के कई शीर्ष नेता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हैं और इनमें से कई के खिलाफ जांच भी चल रही है। तो आइए जानते हैं कि कौन-कौन से हैं वो शीर्ष नेता, जो केंद्रीय जांच एजेंसियों के निशाने पर हैं। बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के खिलाफ भी ईडी की जांच चल रही है। यह जांच नौकरी के बदले जमीन से संबंधित है। इस मामले में हाल ही में ईडी ने लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों से हाल ही में पूछताछ भी की थी। नौकरी के बदले जमीन मामले में लालू प्रसाद यादव पर आरोप है कि सरकारी नौकरी के बदले लोगों की जमीन कब्जा ली या फिर उन पर लालू यादव परिवार को जमीन सस्ते दामों में बेचने के लिए दबाव बनाया। रेल मंत्री रहते हुए लालू यादव पर यह आरोप लगे थे। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल भी शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इस मामले में केजरीवाल को बीते साल 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। इसके चलते केजरीवाल को कई महीने जेल में बिताने पड़े थे और फिलहाल वे जमानत पर बाहर हैं। शराब घोटाले में न सिर्फ अरविंद केजरीवाल बल्कि उनके करीबी नेता मनीष सिसोदिया भी आरोपी हैं।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ईडी की कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। हेमंत सोरेन पर जमीन घोटाले का आरोप है। यह घोटाला झारखंड में सेना की 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। यह जमीन रांची के बड़गाई इलाके में है। इस मामले में कई शीर्ष अधिकारी भी जेल में हैं और खुद सीएम हेमंत सोरेन भी जेल जा चुके हैं।

# राजकोट में ट्रैफिक सिग्नल पर बस ने कई वाहनों को मारी टक्कर, पैदल यात्रियों को भी कुचला; तीन की मौत

**अहमदाबाद।** गांधीग्राम पुलिस थाने की इंस्पेक्टर सेजल मेघानी ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे इंदिरा सर्किल पर हुई। गुस्साई भीड़ ने बस में तोड़फोड़ की। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बस चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

गुजरात के राजकोट शहर में बुधवार सुबह स्थानीय नगर निगम की ओर से संचालित तेज रफ्तार बस ने ट्रैफिक सिग्नल पर कई वाहनों और पैदल यात्रियों को कुचल दिया। इस दौरान तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीसीटीवी फुटेज में इलेक्ट्रिक बस को व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर दोपहिया और कारों सहित वाहनों को टक्कर मारते हुए देखा जा सकता है।

# 35 दवाओं के उत्पादन और बिक्री पर लगी रोक, लोगों की सेहत पर पड़ रहे गलत प्रभाव के बाद सरकार का फैसला

**नई दिल्ली।** सीडीएससीओ ने सभी औषधि नियंत्रकों से कहा है वह निश्चित खुराक संयोजन दवाओं (एफडीसी) को लाइसेंस देने की प्रक्रिया की समीक्षा करें। साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन कराएं।

सरकार ने निश्चित खुराक संयोजन (एफडीसी) वाली 35 दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है। बिना अनुमति बिक रहीं इन दवाओं का लोगों के सेहत पर गलत प्रभाव पड़ने के मामले सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया है। इसे लेकर शीर्ष औषधि नियामक संस्था (सीडीएससीओ) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को पत्र लिखकर गैर-अनुमोदित 35 निश्चित खुराक संयोजन दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसमें दर्द निवारक, पोषण संबंधी और मधुमेह रोधी दवाएं शामिल हैं।

सीडीएससीओ ने सभी औषधि नियंत्रकों से कहा है वह निश्चित खुराक संयोजन दवाओं (एफडीसी) को लाइसेंस देने की प्रक्रिया की समीक्षा करें। साथ ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 और नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन कराएं। एफडीसी दवाएं वे होती हैं जिनमें एक निश्चित अनुपात में दो या अधिक सक्रिय फार्मास्युटिकल सॉल्ट होते हैं। पिछले दिनों शीर्ष औषधि नियामक को पता चला कि कुछ एफडीसी दवाओं को सुरक्षा और प्रभावकारिता के मूल्यांकन के बिना उत्पादन, बिक्री और वितरण के लिए लाइसेंस दे दिया गया है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। औषधि नियंत्रकों को भेजे गए पत्र में भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) डॉ. राजीव रघुवंशी ने बिना अनुमति एफडीसी दवाओं के उत्पादन और बिक्री पर चिंता जताई। उन्होंने 2013 में जारी किए गए पत्र का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों को कई पत्र जारी किए गए हैं, जिन्होंने गैर-अनुमोदित एफडीसी के निर्माण और बिक्री की अनुमति दी है। फरवरी 2025 में जारी पत्र में भी कहा गया कि निदेशालय के संज्ञान में आया है कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत सुरक्षा और प्रभावकारिता के पूर्व मूल्यांकन के बिना कुछ एफडीसी दवाओं को विनिर्माण, बिक्री और वितरण के लिए लाइसेंस दिया गया है। इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को गंभीर खतरा है। ऐसी दवाओं को मंजूरी देने से रोगी सुरक्षा से समझौता होता है। वैज्ञानिक सत्यापन न होने से प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया, दवा पारस्परिक क्रिया और अन्य स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह लाइसेंस संबंधित औषधि लाइसेंसिंग प्राधिकरणों द्वारा प्रदान किए गए थे और इनमें किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। इसलिए देश भर में औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत एनडीसीटी नियम 2019 के प्रावधान एक समान लागू नहीं हो पा रहे हैं। पत्र में कहा गया है कि सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रक एफडीसी के लिए अपनी अनुमोदन प्रक्रिया की समीक्षा करें और अधिनियम और नियमों के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

**वितरण**

**सरकार ने निश्चित खुराक संयोजन (एफडीसी) वाली 35 दवाओं के उत्पादन, बिक्री और वितरण पर रोक लगा दी है।**



# असम के सिलचर में पुलिस से भिड़ंत मामले में सात गिरफ्तार

**असम।** पुलिस अधीक्षक महत्ता ने यहां संवाददाताओं को बताया कि हिंसा को और भड़कने से रोकने के लिए जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। सिलचर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। असम के कछार जिले में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक नुमल महत्ता ने बताया कि रविवार को बेरेंगा गांव से सिलचर शहर की ओर बिना अनुमति के विरोध मार्च निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव भी किया। इसके बाद पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा था। पुलिस अधीक्षक महत्ता ने यहां संवाददाताओं को बताया कि हिंसा को और भड़कने से रोकने के लिए जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। सिलचर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को बागाधार और काशीपुर इलाके में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके बाद सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक स्थानीय अदालत ने गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। महत्ता ने कहा कि जांच जारी है। जल्द ही और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। एसपी ने कहा कि किसी भी हिंसा को रोकने के लिए जिले में निषेधाज्ञा लागू रहेगी और कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पेरू के पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को 15 साल की जेल, ब्राजीली कंपनी से रिश्वत लेने के आरोप

**हुमाला**

**जज ने फैसले में पूर्व राष्ट्रपति हुमाला की पत्नी हेरेडिया की गिरफ्तारी का भी आदेश दिया।**

**लीमा।** ह्हुमाला एक पूर्व सैन्य अधिकारी रहे हैं और साल 2011 से 2016 तक पेरू के राष्ट्रपति रहे। अभियोजकों ने पूर्व राष्ट्रपति को 20 साल और उनकी पत्नी को 26 साल जेल की सजा देने की मांग की थी। पेरू की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति ओलांटा हुमाला और उनकी पत्नी को भ्रष्टाचार के आरोप में 15 साल जेल की सजा सुनाई है। पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान ब्राजील की निर्माण कंपनी ओडेब्रेचेट को ठेके देने के बदले रिश्वत ली थी। अदालत ने 62 वर्षीय हुमाला और उनकी पत्नी नादिन हेरेडिया को राष्ट्रपति अभियान के दौरान ओडेब्रेचट कंपनी और वेनेजुएला सरकार से रिश्वत लेने और मनी लॉन्ड्रिंग करने का भी आरोप है। पेरू की अदालत ने मंगलवार को दिए फैसले में पूर्व राष्ट्रपति हुमाला को भ्रष्टाचार का दोषी माना और उन्हें सजा का एलान किया। आदेश के बाद हुमाला को अदालत कक्ष में ही हिरासत में ले लिया गया। जज ने फैसले में पूर्व राष्ट्रपति हुमाला की पत्नी हेरेडिया की गिरफ्तारी का भी आदेश दिया। हेरेडिया सुनवाई में शामिल नहीं हुईं थी। बाद में हेरेडिया ने गिरफ्तारी से बचने के लिए ब्राजीलियाई दूतावास में शरण ली। हुमाला एक पूर्व सैन्य अधिकारी रहे हैं और साल 2011 से 2016 तक पेरू के राष्ट्रपति रहे।



अभियोजकों ने पूर्व राष्ट्रपति को 20 साल और उनकी पत्नी को 26 साल जेल की सजा देने की मांग की थी। गौरतलब है कि हुमाला पेरू के पहले राष्ट्रपति नहीं हैं, जिन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया है, उनसे पहले भी तीन पूर्व राष्ट्रपति भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमे का सामना कर चुके हैं। साल 2001 से 2006 तक पेरू का नेतृत्व कर चुके एलेजांद्रो टोलेडो को भी पिछले साल भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के बाद 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। साल 2016 से 2018 तक पेरू का नेतृत्व करने वाले पूर्व राष्ट्रपति पाब्लो कुजिंस्की के खिलाफ भी भ्रष्टाचार की जांच जारी है।

भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे पूर्व नेता एलन गार्सिया ने साल 2019 में आत्महत्या कर ली थी।

# पाकिस्तान में वायुसेना का विमान हादसे का शिकार, तकनीकी खराबी के बाद हुआ विस्फोट, खेत में जा गिरा

**लाहौर।** पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) के प्रशिक्षण विमान मिराज वी आरओएसई ने वेहारी शहर के पास थिंगी हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण एक तेल डिपो के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। दोनों पायलट सुरक्षित हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वायुसेना का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। वायुसेना के प्रशिक्षण विमान में तकनीकी खराबी के बाद विस्फोट हुआ। इसके बाद विमान एक खेत में जा गिरा। सेना ने बताया विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफसरों ने बताया कि पाकिस्तान वायु सेना (पीएएफ) का प्रशिक्षण विमान मिराज वी आरओएसई मंगलवार को लाहौर से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में वेहारी जिले के उपनगरीय क्षेत्र रत्ता टिब्बा के खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने वेहारी शहर के पास थिंगी हवाई अड्डे से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण एक तेल डिपो के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारी ने बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित हैं क्योंकि वे विमान से बाहर निकलने में सफल रहे। दोनों को पास के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इसमें न तो कोई हताहत हुआ और न ही किसी इमारत को कोई नुकसान पहुंचा। लोगों ने बताया कि उन्होंने एक जोरदार विस्फोट की आवाज सुनी। इसके बाद खेत में धुएं का गुबार छा गया। बचाव दल 1122, सैन्य और पुलिस कर्मी तथा बचावकर्मी मौके पर पहुंचे। मिराज वी आरओएसई फ्रांसीसी मिराज 5 का बेहतर संस्करण है, जो 1970 के दशक से पाकिस्तान वायु सेना के साथ सेवा में है। रेट्रोफिट ऑफ स्ट्राइक एलिमेंट (आरओएसई) कार्यक्रम ने इसके एवियोनिक्स और रडार को बेहतर बनाया। इससे इसकी सटीकता और लड़ाकू क्षमताओं में सुधार हुआ। अपनी उम्र के बावजूद यह पीएएफ के बेड़े का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।

**प्रशिक्षण**

**पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वायुसेना का एक विमान हादसे का शिकार हो गया। वायुसेना के प्रशिक्षण विमान में तकनीकी खराबी के बाद विस्फोट हुआ।**



# ये लोग सामाजिक सुरक्षा फंड को लूटना चाहते हैं, राष्ट्रपति पद से हटने के बाद ट्रंप प्रशासन पर बरसे बाइडन

**वॉशिंगटन** बाइडन ने ट्रंप प्रशासन के कामकाज की आलोचना करते हुए कहा कि ये लोग पहले गोली चला रहे हैं और उसके बाद निशाना लगा रहे हैं और इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए बगैर ट्रंप प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन पर सामाजिक सुरक्षा प्रशासन को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा प्रशासन को कमजोर इसलिए किया जा रहा है ताकि इसके पैसे को लूटा जा सके। राष्ट्रपति पद से हटने के बाद पहली बार बाइडन ने सार्वजनिक रूप से ट्रंप प्रशासन और उसकी नीतियों पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने शिकागो में वकीलों के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान कहा कि अब



नए प्रशासन को सत्ता में 100 दिन ही हुए हैं, लेकिन इन 100 दिनों में ही इस सरकार ने कितना नुकसान कर दिया है। उन्होंने संघीय सरकार से बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार अभी हजारों और कर्मचारियों को निकालने की कोशिश कर रही है। बाइडन ने ट्रंप प्रशासन के कामकाज की आलोचना करते हुए कहा कि ये लोग पहले गोली चला रहे हैं और उसके बाद निशाना लगा रहे हैं और इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाइडन ने सरकार पर देश को बांटने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिका पहले कभी इतना बंटा हुआ नहीं था। उन्होंने कहा कि ये करीब 30 प्रतिशत लोग हैं, लेकिन इनके सीने में दिल नहीं है।

बाइडन ने कहा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा के फंड में कटौती कर रही है। सामाजिक सुरक्षा प्रशासन में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की गई है, जिससे प्रशासन का कामकाज प्रभावित हुआ है। अब लोग सामाजिक सुरक्षा की वेबसाइट पर लॉगइन करते हैं तो वेबसाइट क्रैश हो जा रही है। इससे लोगों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल रहा। बाइडन ने कहा कि %लोगों को अपने आप से पूछना चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है? ये लोग सामाजिक सुरक्षा को निशाना क्यों बना रहे हैं? वे इसे कमजोर करके इसे लूटना चाहते हैं ताकि अमीरों को टैक्स कटौती का लाभ दिया जा सके।

# ट्रंप प्रशासन को संघीय न्यायालय ने दिया झटका, भारतीय छात्र का वीजा रद्द करने और निर्वासन पर लगाई रोक

**वॉशिंगटन।** विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के छात्र कृष लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। वे मई में अपनी कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले थे। मामले में कोर्ट ने कहा कि इस्सरदासानी को किसी अपराध का दोषी नहीं ठहराया गया है। उनका वीजा रद्द न किया जाए।

भारतीय छात्र का वीजा रद्द करने के मामले में ट्रंप प्रशासन को संघीय न्यायालय ने तगड़ा झटका दिया है। एक संघीय न्यायाधीश ने 21 वर्षीय भारतीय छात्र का वीजा रद्द करने और उसके निर्वासन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने होमलैंड सुरक्षा विभाग को आदेश पर अमल करने के लिए कहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के छात्र कृष लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। वे मई में अपनी कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाले थे।

इससे पहले 22 नवंबर 2024 को जब इस्सरदानी अपने दोस्तों के साथ बाहर निकल रहे थे तो दूसरे ग्रुप के साथ उनकी बहस हो गई थी। इसके बाद उनको गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में वे छूट गए थे। इसके बाद वीजा रद्द करने की कार्रवाई की गई। इसे लेकर मैडिसन के वकील शबनम लोटफी ने कोर्ट में अस्थायी प्रतिबंध आदेश के लिए अपील दायर की।

वकील ने कहा कि सरकार के छात्र और विनिमय आगंतुक कार्यक्रम (स्थ्व्ड्ढ्स) डाटाबेस में इस्सरदासानी का रिकॉर्ड समाप्त कर दिया गया। इस बारे में उन्हें कोई चेतावनी नहीं दी गई, न ही स्पष्टीकरण देने या अपना बचाव करने का अवसर दिया गया। SEVIS में उनके F-1 छात्र वीजा रिकॉर्ड को समाप्त करने से पहले किसी भी संभावित गलतफहमी को दूर करने का कोई मौका नहीं दिया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान डेन काउंटी के जिला अटॉर्नी इस्माइल ओजान ने इस्सरदासानी पर आरोप लगाने से इनकार कर दिया और वह अदालत में पेश नहीं हुए। इसके बाद विस्कॉन्सिन के पश्चिमी जिले के न्यायाधीश विलियम कॉनली ने आदेश देते हुए कहा कि इस्सरदासानी को किसी अपराध का दोषी नहीं ठहराया गया है। गलत तरीके से वीजा समाप्ति के उनके दावे की अदालतों में सफलता की



उचित संभावना है। उन्होंने 28 अप्रैल को अगली सुनवाई की तारीख तय की। वकील लोटफी ने कहा कि यह आदेश उन अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा धारकों के लिए पहली राष्ट्रीय जीत में से एक माना जा रहा है, जिनके रिकॉर्ड समाप्त कर दिए गए थे। देशभर में लगभग 1300 छात्रों ने देखा है कि उनके विनिमय आगंतुक कार्यक्रम रिकॉर्ड अचानक समाप्त कर दिए गए हैं। लोटफी की सहकर्मी वेरोनिका सुस्टिक ने कहा कि हम आभारी हैं कि कानून और न्याय का शासन कायम हुआ है। सरकार ने निर्दोष अंतरराष्ट्रीय छात्रों की अवैध रूप से की गई पढ़ाई समाप्त करने के लिए कोई कानूनी अधिकार उपलब्ध नहीं कराया है और हमें खुशी है कि न्यायालय ने इस पर गौर किया।

# प्रयागराज को स्वच्छ बनाने के लिए एआई का हो रहा है इस्तेमाल



- डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाले वाहनों से लेकर कूड़ा हटाने तक के कार्य में एआई की ली जा रही है मदद
- सॉलिड वेस्ट के निस्तारण हेतु 343 टन की क्षमता का बायो सीएनजी प्लांट बनकर तैयार

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार शहरों को स्वच्छ बनाने के साथ साथ उन्हें पर्यावरण अनुकूल बना रही है। प्रयागराज में इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी मदद ली जा रही है। नगर निगम की तरफ से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली गाड़ियां से लेकर सड़कों और गलियों में झाड़ू लगाने तक के कार्यों की ए आई से मॉनिटरिंग हो रही है।

शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए नगर निगम लोगों के घरों से कूड़ा कलेक्शन के साथ उसके सॉलिड वेस्ट का प्रदूषण रहित डिस्पोजल भी कर रहा है। नगर निगम प्रयागराज के अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव बताते हैं कि लोगों के घरों से कचरा समय पर उठे और सड़कों पर न फेंका जाए, इसके लिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है। इन सबकी एआई बेस्ड मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके लिए नगर निगम स्मार्ट सिटी बिल्डिंग में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। ए आई की मदद से सड़कों पर झाड़ू लगने, कूड़ा हटाने, कूड़ा उठाने वाले वाहनों की ट्रैकिंग और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाले वाहनों की ट्रैकिंग भी यहीं से हो रही है। सिटी स्वीपिंग, पब्लिक टॉयलेट्स और सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग की निगरानी के साथ कचरे के ढेर, गंदगी, या अन्य सफाई संबंधी समस्याओं की जानकारी होने पर तुरंत उनका समाधान भी किया जा रहा है। नगर निगम की 1200 गाड़ियों पर कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में अभिनव प्रयोग

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में घरों, होटल-रेस्टोरेंट्स और मंदिरों से 200 टन गीला कचरा हर दिन निकलता है। उसी से रोजाना अब 21500 किलो बायो सीएनजी और 200 टन जैविक खाद भी बनने जा रही है। इसके लिए अरैल में सीएनजी बायो गैस प्लांट स्थापित किया गया है। इस प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रति दिन उत्पादन की है। हर दिन प्लांट से 21.5 टन बायो सीएनजी के साथ 100 टन ठोस जैविक खाद और 100 टन तरल जैविक खाद बननी शुरू हो गई है। प्रथम चरण में 200 टन क्षमता के नगरीय कचरे से बायो सीएनजी बनाने का कार्य पूरा हो चुका है। शेष 143 टन धान के पुआल और गोबर से गैस बनाने का काम प्रगति पर है। बायोगैस परियोजना से 45 हजार घरेलू उपभोक्ताओं के साथ ही किसानों को भी फायदा होगा। इसके साथ ही नगर निगम को सालाना करीब 5 करोड़ रुपए की बचत होगी। परियोजना में करीब 200 व्यक्तियों को रोजगार मिला है।

# किसानों को बोरिंग का लाभ दिलाया जाए: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के अवसर पर मंडी परिषद के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी किसानों को दी गई। जिलाधिकारी ने किसानों को फार्मर रजिस्टी के लाभ बताते हुए कहा कि जनपद के समस्त किसान अपनी किसान आईडी अनिवार्य रूप से बनवा ले क्योंकि पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्टी कराने वाले किसान ही प्राप्त कर सकेंगे, गांवो में कैम्प आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्टी बनाई जा रही है। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता अभियंता लघु सिंचाई को निर्देशित किया कि किसानों को बोरिंग का लाभ दिलाया जाए, जिस पर अधिशासी अभियंता ने किसानों को कहा कि वह किसी भी कार्य दिवस पर विकास भवन की



तृतीय तल पर कार्यालय आकर या अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई के मोबाइल नंबर 8957492996 पर फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुयी उसे तत्काल निस्तारित करें। उन्होने कहा कि किसानों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान दिवस आयोजन करने का उददेश्य है कि किसानों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी जाए और उनसे जुडी समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित की जाए। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि गेहूं क्रय केंद्र 17 मार्च से संचालित हो गए हैं। इस वर्ष गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में गत वर्ष से 150 रुपए प्रति कुंतल की वृद्धि हुई है। प्रति कुंतल गेहूं की एमएसपी 2425 रुपए है। गेहूं विक्रय के लिए किसान बंधु किसी भी जन सेवा केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं।

# जल बचाने की मुहिम में जन भागीदारी ज़रूरी: प्रो. एम.पी. सिंह

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा जल संचयन- जन भागीदारी के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. एम.पी सिंह ने जल के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जल बचाने की मुहिम में जन भागीदारी ज़रूरी है. जल को बचाने की जिम्मेदारी हर व्यक्ति की है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष पहले की तुलना में कम वर्षा हो रही है ऐसी स्थिति में हमें कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं के निर्माण हेतु कार्य करने की जरूरत है। वर्षा ऋतु में आने वाले जल के संरक्षण और उनके सतत प्रबंधन के साथ-साथ भूगर्भ जल का कम से कम दोहन करना होगा। प्रो. सिंह ने बताया कि भारत मे प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 1513 क्यूबिक मीटर संकट को दर्शाता है. जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाला समय बहुत ही भयावह होगा, आपदाओं का सामना करना पड़ेगा, नदियों का जलस्तर भी घटेगा. इससे कृषि और पेयजल प्रभावित होगा इसलिए हमें निरंतर जल संचयन एवं वृक्षारोपण करने की जरूरत है। इन प्रयासों से हम भविष्य की समस्याओं से निजात पा सकेंगे। इस अवसर पर प्रो.रामनारायण ने कहा कि वर्षा जल संरक्षण से भूजल स्तर को बढ़ाने के उपायों को सुझाया. कहा कि जल स्रोतों के संरक्षण से प्रकृति का संरक्षण होगा। इस अवसर पर जल संचयन- जन भागीदारी के नोडल अधिकारी, पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया गया. इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. दीपक कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे. धन्यवाद् ज्ञापन छात्रा वर्षा यादव एवं कार्यक्रम का संचालन अंकिता यादव ने किया।

## कार्यालयः सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, गोरखपुर मंडल, गोरखपुर।

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री. तहव्वर अली पुत्र श्री इनामुल्लाह द्वारा प्रबन्धक की हैसियत से संस्था मस्जिद उमर बिन खत्ताब रजी अल्लाह अन्हो हदीस समिति, ग्राम- माली मैनहा, पो.- माली मैनहा, तहसील- डुमरियागंज, जिला- सिद्धार्थर्थनगर के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार सर्व श्री 01. नूरुल्लाह वलीउल्लाह खान अध्यक्ष, 02. यारमोहम्मद उपाध्यक्ष, 03. तहव्वर अली प्रबन्धक, 04. मोहम्मद अयुब उपप्रबन्धक, 05. अजीजुल्लाह सोमन-कोषाध्यक्ष, 06. मोहम्मद सलमान खान सदस्य, 07. अब्दुल्लाह- सदस्य दर्शाये गये।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

**आज्ञा से**
**(बी. के सिंह)**
सहायक रजिस्ट्रार
गोरखपुर मण्डल गोरखपुर।

# राजकीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ के 10वीं बार जिला अध्यक्ष बने राजेश यादव




**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले में उत्तर प्रदेश राजकीय होम्योपैथिक फार्मासिस्ट सेवा संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन तड़का रेस्टोरेन्ट में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन की अध्यक्षता पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ प्रदीप सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर रहे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथि डॉ फूलचंद कनौजिया, देवेश कुमार यादव, जयप्रकाश गुप्ता, डॉ रामकृष्ण यादव, रामकृष्ण पाल, अमर बहादुर यादव, जय सिंह, आनंद यादव,अजय सिंह आदि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा अपना उद्बोधन दिया गया। द्वितीय चरण में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट संघ के जनपद स्तरीय पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन प्रान्तीय पर्वक्षक उमेश चन्द्र मौर्य, पियूष मिश्रा एवं रामरतन सिंह की देख-रेख में हुआ। द्विवार्षिक चुनाव में लगातार दसवीं बार अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार यादव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। अन्य पदाधिकारियों में सचिव अनिल कुमार यादव, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह,संगठन मंत्री महेंद्र मौर्य, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार यादव एवं संप्रेक्षक अमित कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ डॉ अतुल प्रकाश यादव ने दिलायी। नव निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यों द्वारा माला फूल के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। निर्वाचित कार्यकारिणी के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने सभी के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद जौनपुर कर्मचारी शिक्षक समन्वय की अद्भुत मिशाल है, हम सभी अपनी एकता एवं संघर्ष के दम पर पुरानी पेंशन बहाली सहित विभिन्न कर्मचारी शिक्षक हित के मुद्दों पर सफलता प्राप्त करेंगे।अधिवेशन में रामलाल पाल, प्रमोद शर्मा,अजय मौर्या, अमर बहादुर यादव, अजय सिंह, आनन्द,जय सिंह यादव, जय प्रकाश गुप्ता, अजीत राय, पिंकी यादव, सुमन देवी,बिकानु राम यादव, नरसिंह मौर्य,दिनेश पाण्डेय, संजय वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव एवं आनंद यादव ने संयुक्त रूप से किया।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने की आत्महत्या

**प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के डांडी निवासी अनिरुद्ध गुप्ता (22) ने मंगलवार की देर रात अपने घर में आत्महत्या कर ली। अनिरुद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। घटना उस समय हुई जब अनिरुद्ध के माता-पिता और बहन अनन्या पार्लर की दुकान पर थे। घर में अकेले रह गए अनिरुद्ध ने कमरे में पंखे से नायलॉन की रस्सी का फंदा बनाकर जान दे दी। जब परिजन रात में दुकान बंद कर घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला गया तो अनिरुद्ध का शव फंदे से लटका मिला। मृतक के पिता अनिल गुप्ता मध्य प्रदेश के एक सरकारी विभाग से सेवानिवृत्त हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा एक भाई और बहन अनन्या हैं। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

## ।। कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सिधौली-सीतापुर।

पत्रांक- 142/लेखा0/पंचम/पन्द्रहवा वित्त/निविदा पत्रा0/2025-26 — दिनांक-15/04/2025

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, सिधौली के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है जिसमे विकास खण्ड सिधौली में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम/पन्द्रहवां वित्त के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की मोहर बन्द निविदायें ठेकेदारों से दिनांक-22-04-2025 को प्राप्त निविदायें अपरान्ह 03:00 बजे ठेकेदारों के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। किसी भी टेण्डर को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस मे दिनांक 15-04-2025 से दिनांक 21-04-2025 तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से 12:00 बजे तक प्राप्त कर टेण्डर बॉक्स में डाले जायेगें, प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत की जमानत धनराशि टी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 के रूप मे संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी के नाम बन्धक होगा। टेण्डर स्वीकार की स्थिति में प्रतिभूति की अवशेष 08 प्रतिशत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा, अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक निविदा के साथ हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां जमा करना अनिवार्य होगा। ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गयी धनराशि अंको एवं शब्दो मे लिखना अनिवार्य होगा।

**नोट :-** उक्त योजना मे धनराशि की उपलब्धता होने के उपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।

| क्रम संख्या | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य का नाम | योजना का नाम | कार्य की प्रस्तावित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | किरतापुर (जल्लाबाद) | देवस्थान श्री मानेश्वर महादेव धाम पर सुलभ सामुदायिक शौचायल निर्माण | 15वां वि0 टाइड | 9.99 | 500 | 19980 | तीन माह |
| 5 | अलादादपुर | चिन्ताहरण मंदिर पर सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | 15वां वि0 टाइड | 9.99 | 500 | 19980 | तीन माह |
| 6 | बिरसापुर | बालेस्वर महादेव मंदिर पर सामुदायिक शौचालय निमाण कार्य। | 15वां वि0 टाइड | 9.99 | 500 | 19980 | तीन माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**सिधौली-सीतापुर।**

### आर्मी के जवान सौरभ यादव की हार्ट अटैक से मौत

**जौनपुर (सिकरारा)** अरुणाचल प्रदेश के ऐलोग क्षेत्र के थल सेना में नायक सुबेदार पद पर तैनात सौरभ यादव का निधन रविवार को हृदयाघात से हो गया।

उनका पार्थिव शरीर बुधवार को उनके पैतृक गांव इटहवा पहुंचा सौरभ यादव सिकरारा इटहवा गांव के लाल बहादुर यादव के छोटे पुत्र थे ।रविवार को परिजनों को फोन पर उनकी मृत्यु की इस दुखद समाचार से पूरे गांव में शोक छा गया ।सेना के अधिकारियों ने फौजी के पिता को सूचित किया कि वह पार्थिव शरीर को विमान से लाएंगे मंगलवार को पार्थिव शरीर बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बुधवार को सुबह उन्हें गांव लाया गया ।जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का ताता लगा रहा सैन्य सम्मान के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई ।सिकरारा चौराहे पर ग्रामीणों ने एंबुलेंस के बजाय सेना के वाहन में शव ना लाए जाने पर विरोध जताया सीओ सदर परमानंद कुशवाहा और परिजनों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ स्थानी लोगों ने अपने गांव के वीर सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।इस मौके पर सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व सांसद धनंजय सिंह, विधायक लकी यादव, रागिनी सोनकर,सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए मृतक जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित किये।

## कार्यालय जिलाधिकारी, बाराबंकी।

संख्याः 291/आठ-वि0भू0अ0अ0/बाराबंकी — दिनांक 10 अप्रैल, 2025

### सामाजिक समाघात निर्धारण का प्रारम्भिक अधिसूचना

### एस0आई0ए0 अधिसूचना

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-4 (भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली, 2016 नियम 3(1) के अधीन राज्यपाल सर्वसाधरण की सूचना के लिए अधिसूचित करते हैं कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि लोक प्रयोजन अर्थात् जिला बाराबंकी की तहसील रामनगर के ग्राम-लोधौरा में अवस्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर के पर्यटन विकास हेतु मंदिर के आस-पास की भूमि का अधिग्रहण करके महादेवा कॉरीडोर के रूप में विकसित किये जाने हेतु स्थाई रूप से आवश्यकता है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 एवं भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली, 2016 में विहित प्रावधान के अन्तर्गत भूमि अर्जन की कार्यवाही से पूर्व चयनित एजेन्सी द्वारा लोक हित में सामाजिक समाघात अध्ययन (Social Impact Assessment) किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत् है-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपेक्षक निकाय का नाम | उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग |
| 2 | प्रस्तावित भूमि के अर्जन का उद्देश्य | पर्यटन विकास हेतु महादेवा कॉरीडोर का निर्माण |
| 3 | संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा | M/S ETHICCURATE SERVICES PRIVATE LIMITED |
| 4 | संगठन का संपर्क विवरण | M/S ETHICCURATE SERVICES PRIVATE LIMITED<br>Add : B-1/98-D Sec-G Janki Puram Lko-226021<br>Phone No. : 0522-4012791, 9839300811 |
| 5 | भूमि का विवरण | |

| क्र. | जिला | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | अर्जित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बाराबंकी | रामनगर | लोधौरा | 104 | 0.0113 |
| 2 | | | | 105क | 0.4100 |
| 3 | | | | 108 | 0.0093 |
| 4 | | | | 105ख | 0.0300 |
| 5 | | | | 111क | 0.0276 |
| 6 | | | | 111ख | 0.5640 |
| 7 | | | | 95ख | 0.3440 |
| | योग | | | 7 किता | 1.3962 |

1. महादेवा कॉरीडोर के निर्माण से लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी।
2. महोदवा कॉरीडोर परियोजना का कुल क्षेत्रफल 5.032 हे0 है, जिसमें से आपसी सहमति के आधार पर 2.0847 हे0 भूमि का पर्यटन विभाग के पक्ष में बैनामा करा लिया गया है तथा अवशेष बची 1.3962 हे0 भूमि का अधिग्रहण किया जाना है।
3. परियोजना के संरेखण में आने वाली ग्रामसभा की 0.372 हे0 भूमि का ग्राम सभा की सहमति से पुर्नग्रहीत की जा चुकी है और उक्त परियोजना से प्रभावित भू-स्वामियों में से 75 प्रतिशत भू-स्वामियों द्वारा सहमति के आधार पर अपने स्वामित्व की भूमि एवं परिसम्पत्तियों का परियोजना के पक्ष में विक्रय की जा चुकी है। अवशेष भूमि एवं परिसम्पत्ति को अर्जन के माध्यम से लिया जाना प्रस्तावित है।
4. सामाजिक समाघात का निर्धारण अधिकतम टी0ओ0आर0 में उल्लिखित समय सीमा में पूर्ण किया जाना है।

**टिप्पणी :** उक्त परियोजना सम्बन्धी विस्तृत विवरण कलेक्टर (अर्जन प्रयोजनार्थ) कार्यालय विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, (सं0सं0) बाराबंकी में सभी कार्य दिवसों में देखा जा सकता है।

**(शशांक त्रिपाठी)**
**जिलाधिकारी,**
**बाराबंकी।**

**UPID-232392** **Dated-15-04-2025**
विज्ञापन आदेश के अनुसार **www.upgov.in** पर उपलब्ध

## कार्यालय ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 — दिनांक : 16/4/2025

### अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 17-04-2025 से 24-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 25-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**समशीदा खान**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. मोहम्मदपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**सिम्मी सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. मोहम्मदपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## फिज़िक्सवाला ने लखनऊ में नया पीडब्लू ट्यूशन सेंटर शुरू किया



**लखनऊ।** एजुकेशन कंपनी, फिज़िक्सवाला ने लखनऊ के जानकीपुरम एक्सटेंशन में अपना नया पीडब्लू ट्यूशन सेंटर शुरू किया है। इस सेंटर पर कक्षा 8, 9 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों को अध्ययन में सहयोग दिया जाएगा। यहाँ पर साईंस, मैथमैटिक्स, सोशल साईंस और हिंदी आदि विषय पढ़ाए जाएंगे। ट्यूशन सेंटर का पाठ्यक्रम सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के अनुरूप बनाया गया है।पीडब्लू ट्यूशन सेंटर पर विद्यार्थियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त होता है, ताकि वो आत्मविश्वास और मजबूती के साथ परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। साथ ही, इस सेंटर पर नवंबर के मध्य तक सीबीएसई कक्षा 10 का पाठ्यक्रम पूरा करा दिया जाएगा। आईसीएसई कक्षा 10 का पाठ्यक्रम दिसंबर के मध्य तक पूरा करा दिया जाएगा। रिवीज़न और अतिरिक्त मार्गदर्शन परीक्षाओं तक चलता रहेगा। कक्षा 8 और कक्षा 9 के सत्र अंतिम परीक्षाओं तक चलेंगे। ट्यूशन सेंटर में हर हफ्ते पाँच दिन कक्षाओं का संचालन शाम 4 बजे से शाम 7:30 बजे तक किया जाएगा तथा हर हफ्ते 15 व्याख्यान रखे जाएंगे।फिज़िक्सवाला के सीईओ-ऑफलाईन, अंकित गुप्ता ने कहा, ''पीडब्लू विद्यापीठ लंबे समय से कक्षा 8, 9 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करता आ रहा है।

## फ्लिपकार्ट समर्थ ने विश्व कारीगर दिवस पर कारीगरों एवं उद्यमियों को सम्मानित किया

**नई दिल्ली।**विविधता से भरपूर भारतीय अर्थव्यवस्था में कारीगर, बुनकर एवं शिल्पकार उस धागे की तरह हैं, जो देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक सूत्र में पिरोते हैं और सामाजिक-आर्थिक प्रगति को गति देते हैं। उनकी अहमियत को ध्यान में रखते हुए भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने पिछले 6 वर्षों में 18 लाख से अधिक आजीविकाओं को सशक्त किया है और 100 से अधिक पारंपरिक कला स्वरूपों को संरक्षित करने में भूमिका निभाई है। समर्थ प्रोग्राम कौशल, डिजिटल प्रशिक्षण और राष्ट्रीय स्तर पर 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों तक पहुंच प्रदान कर रहा है। इससे सुनिश्चित हुआ है कि भारतीय कला रूपों की विरासत फलती-फूलती रहे। समर्थ प्रोग्राम ने अभी इस पहल का हिस्सा बने 2,000 से अधिक एक्टिव सेलर्स के साथ जबर्दस्त तेजी देखी है। विश्व कारीगर दिवस (वर्ल्ड आर्टिसन डे) के मौके पर फ्लिपकार्ट ने स्थानीय प्रतिभाओं को डिजिटल इकोनॉमी में आगे बढ़ने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूती दी है। भारत में रेशम की विरासत को संरक्षित कर रहे वाराणसी के दुज्जना सिल्क एम्पोरियम के मालिक वराक अहमद; छोटे बच्चों के लिए फुटवियर यानी इन्फेंट फुटवियर ब्रांड स्थापित करने के लिए कॉरपोरेट जॉब छोड़ देने वाले कोलकाता के पोटली बाय स्कार्पा इटालिया के मालिक अशीम कुमार दास और पारंपरिक शहद के व्यवसाय को डिजिटल फर्स्ट में बदल देने वाले गुजरात के गिर हनी के मालिक ओम आहूजा जैसे कारीगरों का सफर जुनून को प्रगति और परंपरा को अवसर में बदलने की दिशा में फ्लिपकार्ट समर्थ की परिवर्तनकारी ताकत को दिखाता है।

## क्या भारत अपनी स्थिति पर दोबारा विचार करेगा

**लखनऊ।** दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के भरोसे का फिर से मूल्यांकन किया जा रहा है। इस संस्था से अलग होने के संयुक्त राज्य अमेरिका के फैसले ने इसे एक महत्वपूर्ण मोड़ पर ला खड़ा किया है। इसके चलते अर्जेंटीना, हंगरी और रूस जैसे देशों को डब्लूएचओ के साथ अपने संबंधों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है। यह स्थिति एक बड़ी समस्या की ओर इशारा कर रही है ÷ वह है एक ऐसी वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली जो अक्सर जरूरतमंद देश की वास्तविक जरूरतों को दरकिनार कर देती है, सही जरूरत के मुताबिक नीति निर्धारण नहीं करती तथा व्यावहारिक परिणामों की तुलना में विचारधारा को अधिक महत्व देती है। तम्बाकू नियंत्रण के मामले में इस बात को और अधिक स्पष्टता से समझा जा सकता है, जहां वैश्विक नीति काफी हद तक दानदाताओं की इच्छा पर आधारित हो गई है। अमेरिका के बाहर निकलने के बाद, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज दुनियाभर में तंबाकू नियंत्रण के सबसे बड़े वित्तपोषक के रूप में उभरे हैं, यहां तक कि इन्होंने चीन जैसे प्रमुख सरकारी दानदाता को भी पीछे छोड़ दिया है। गेट्स फाउंडेशन ने 2005 से अब तक 616 मिलियन डॉलर और ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज ने 1.58 बिलियन डॉलर का योगदान दिया है। एक तरफ भारत तम्बाकू पर लागू करों से सालाना 76,000 करोड़ रुपये से अधिक कमाता है, वहीं, 2024-25 में धूम्रपान छोड़ने के लिए केवल 5 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। यह इस समस्या के आकार और इससे निपटने के लिए किए जा रहे प्रयास के बीच एक बड़े अंतर को दर्शाता है। प्रोफेसर डॉ कॉन्सटैनटिनोस फर्सालिनोस, कार्डियोलॉजिस्ट और सबसे ज्यादा कोट किए जाने वाले हार्म रिडक्शन शोधकर्ता ने कहा, ÷आज भी दुनिया में 1.2 बिलियन धूम्रपान करने वाले हैं और भारत और ब्राज़ील जैसे बड़े देश जोखिम घटाने की रणनीति में शामिल होने के अवसर से वंचित हैं। धूम्रपान करने वालों को कम हानिकारक विकल्पों के उनके अधिकार से वंचित करना एक गंभीर मुद्दा है। इसका विज्ञान से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि विज्ञान बिल्कुल स्पष्ट है।

## तनाएरा ने लॉन्च किया 'समर सॉन्ग्स', प्रकृति के स्वर और रंगों से प्रेरित हवादार कलेक्शन

**नई दिल्ली।** दिन लम्बे हो रहे हैं और हवाओं में गर्मी बढ़ती जा रही है, इस बीच तनाएरा लेकर आए हैं 'समर सॉन्ग्स' एक कलेक्शन जो सूरज की रोशनी से जगमाते दिनों, हल्की हवाओं और प्रकृति के भव्य स्वर का सार है। इस कलेक्शन को उन महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया है जो भव्यता के साथ-साथ आराम का अनुभव भी पाना चाहती हैं। यह कलेक्शन हवादार कॉटन, मुलायम सिल्क, सिल्क कॉटन एवं हवादार ऑर्गेन्ज़ा एवं कोटा का बेहतरीन संयोजन है जो भारत के बेहतरीन परिधानों की कलात्मकता के साथ बुना गया है। गर्मियों से प्रेरित यह कलेक्शन मौसम के बदलते रंगों को सम्मान देता है। सूरज की सुनहरी रोशनी से भीगे पत्तों से लेकर समुंद्र की सतह के नीचे मौजूद कोरल गार्डन्स तक, इस कलेक्शन का पीस अपने आप में विविध होने के बावजूद भी मौसम के रंगों को दर्शाता है। कोमल पेस्टल, हरे-भरे रंग और जीवंत कोरल्स के साथ बेहतरीन प्रिंट एवं हैण्ड पेंट बुनाई की परम्पराओं को समृद्ध बनाते हैं और आपकी वार्डरोब को रोज़ाना के परिधानों से असाधारण परिधानों में बदल देते हैं। इस कलेक्शन में ब्रीदेबल फैब्रिक से बने रैडी-टू-वियर परिधान और साड़ियां शामिल हैं, जिन्हें भव्यता एवं आधुनिकता के संयोजन के रूप में डिज़ाइन किया गया है। साड़ियों की बात करें तो इसमें राजस्थान के सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट, बंगाल के मलमल और जामदानी बुनाई से सजी प्योर कॉटन की साड़ियां शामिल हैं जो रोज़मर्रा के लिए बेहतरीन हैं। कोटा साड़ियों की भव्यता, हाथ से पेंट की गई मुर्शिदाबाद सिल्क, सिल्क कॉटन एवं ऑर्गेन्ज़ा की लक्ज़री, प्रिंट, कढ़ाई एवं हैण्ड पेंट के साथ हर मौके पर आपके खूबसूरती में चार चांद लगा देंगी, फिर चाहे आप इन्हें दिन के समय पहनना चाहती हैं या शाम की पार्टी में। साथ ही इसमें रैडी-टू-वियर कलेक्शन भी शामिल है जिसे आधुनिक महिलाओं की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। कढ़ाई और प्रिंट से सजे कॉटन के कुर्ते, स्टाइलिश कॉटन शॉर्ट टॉप, ट्युनिक एवं फ्लोई प्रिंटेड ड्रेसेज़ वर्कवियर या कैज़ुअल आउटिंग के लिए परफेक्ट हैं।

## सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी S25 अल्ट्रा पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज अपने नए स्मार्टफोन - गैलेक्सी S25 अल्ट्रा पर आकर्षक सीमित अवधि के ऑफर्स की घोषणा की। टाइटेनियम सिल्वरब्लू रंग में गैलेक्सी S25 अल्ट्रा खरीदने वाले उपभोक्ताओं को 12,000 रुपये का इंस्टैंट कैशबैक मिलेगा। इसके अलावा, उपभोक्ता केवल 3,278 रुपये से शुरू होने वाली नो-कॉस्ट ईएमआईका लाभ उठा सकते हैं। यह विशेष ऑफर 30 अप्रैल, 2025 तक वैध है। इसमेंउपभोक्ताओं को गैलेक्सी S25 अल्ट्रा को इसकी अब तक की सबसे कम प्रभावी कीमत 1,17,999 रुपये में खरीदने का मौका मिल रहा है। गैलेक्सी S25 अल्ट्रा की मूल कीमत 12GB/256GB वैरिएंट के लिए 1,29,999 रुपये से शुरू थी। गैलेक्सी S25 अल्ट्रा एक शानदार एआईसाथी है। इसमें वन UI 7 के साथ एआई एजेंट्स हैं, जो अलग-अलग ऐप्स में जटिल काम आसानी से करते हैं और स्पीच, टेक्स्ट, वीडियो व तस्वीरों के जरिए यूजर से बातचीत करते हैं। नाउ ब्रीफ दिनभर के लिए स्मार्ट सुझाव देता है, और नाउ बार चल रहे कामों का एक नया हब है। राइटिंग असिस्ट से काम तेजी से होता है, तो ड्रॉइंग असिस्ट से रचनात्मकता बढ़ती है। गैलेक्सी एआईरोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाता है। साथ ही, गूगल का नया सर्कल टू सर्च एआईओवरव्यू और आसान वन-टैप एक्शन्स के साथ ज्यादा जानकारी देता है।

## रीयलमी ने भारत में एआईओटी उपकरणों का विनिर्माण करने के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझीदारी की

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड रीयलमी ने भारत के विनिर्माण पारितंत्र को मजबूत करने और सरकार की ÷मेक इन इंडिया÷ पहल में सहयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत में अपनी अगली पीढ़ी के एआईओटी उत्पादों का विनिर्माण करने के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ साझीदारी की है। घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के अपने दीर्घकालीन विजन के तहत रीयलमी ने ईयरफोन, स्मार्टवाचेज़ और टैबलेट्स सहित अपने एआईओटी उत्पाद का संपूर्ण पोर्टफोलियो भारत में तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इस साल की शुरुआत से रीयलमी बड्स टी200 सीरीज़, रीयलमी बड्स वायरेल सीरीज़ और रीयलमी बड्स एयर सीरीज़ जैसे उत्पाद स्थानीय उत्पादन लाइनों में तैयार होने लगेंगे। इसके समानांतर, रीयलमी पीसीबीए, बैटरियां, मैकेनिक्स, केबल्स और चार्जर जैसे ज्यादातर महत्वपूर्ण पुर्जे भारत के भीतर प्राप्त करने के प्रयास भी बढ़ा रही है। भारतीय उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतें पूरी करने के अलावा, रीयलमी भारत में बने एआईओटी उत्पादों को वैश्विक बाजारों को निर्यात करने की भी संभावना तलाश रही है जिससे वह भारत को ना केवल एक विनिर्माण केंद्र के तौर पर स्थापित कर सके, बल्कि नवप्रवर्तन और उत्पादन के लिए एक वैश्विक केंद्र के तौर पर भी स्थापित कर सके। कुल मिलाकर, रीयलमी और ओईएल ने भारत में 2,000 से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन करते हुए सालाना 50 लाख एआईओटी उपकरणों के विनिर्माण का लक्ष्य रखा है।

## भारत में लॉन्च हुआ रेडमी ए5



**लखनऊ।** टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में वैश्विक अग्रणी कंपनी शाओमी इंडिया ने आज रेडमी ए5 के लॉन्च की घोषणा की, जो एंट्री-लेवल स्मार्टफ़ोन क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। 120एचजेड हाई-रिफ्रेश-रेट डिस्प्ले, 32एमपी एआई डुअल कैमरा सिस्टम और एक शानदार प्रोसेसर की विशेषता वाले, रेडमी ए5 उन्नत सुविधाओं की तलाश करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए एक इमर्सिव और कुशल अनुभव प्रदान करता है। डिज़ाइन, विश्वसनीयता और उपयोग में आसानी पर ध्यान देने के साथ, यह डिवाइस बिना किसी समझौते के रोज़ाना स्मार्टफोन के उपयोग को बढ़ाता है।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, शाओमी इंडिया के चीफ़ मार्केटिंग ऑफ़िसर अनुज शर्मा ने कहा, ÷रेडमी ए एक एंट्री-लेवल स्मार्टफ़ोन से उपयोगकर्ता क्या उम्मीद कर सकते हैं, इसकी सीमाओं को आगे बढ़ाने की हमारी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेगमेंट के सबसे बड़े और सबसे स्मूद 120एचजेड डिस्प्ले के साथ, यह सेगमेंट में एक नया मानक स्थापित करते हुए, विज़ुअल फ्लुइडिटी का एक बेहतरीन स्तर प्रदान करता है। 32एमपी एआईपावर्ड कैमरा और पूरे दिन चलने वाली बैटरी के साथ, यह डिवाइस सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ताओं को परफ़ॉर्मेंस या सुविधाओं से समझौता न करना पड़े। शाओमी में, हम उद्देश्य के साथ नवाचार करना जारी रखते हैं - उन लोगों के हाथों में शक्तिशाली, विश्वसनीय तकनीक लाना जो इस पर सबसे अधिक भरोसा करते हैं और सभी के लिए नवाचार प्रदान करते हैं।

## सैमसंग के एआई-पावर्ड बिग स्क्रीन टीवी के साथ इस आईपीएल सीजन में हर सिक्स और विकेट का अनुभव होगा और भी शानदार!

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने 'बिग लीग, बिगर स्क्रीन' कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन में बड़ी स्क्रीन वाले प्रीमियम एआई टीवी, जैसे नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K, ओएलईडी और क्रिस्टल 4K यूएचडी टीवी पर शानदार ऑफर्स दिए गए हैं। यह कैंपेन क्रिकेट देखने के अनुभव को बेहतर बनाएगा और स्टेडियम जैसा रोमांच देगा। 1 से 30 अप्रैल 2025 तक चलने वाले इस कैंपेन में उपभोक्ता सैमसंग के अल्ट्रा-प्रीमियम टीवी पर एक्सक्लूसिव ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनके मैच देखने का मजा और शानदार हो जाएगा।

इस ऑफर अवधि में सैमसंग टीवी खरीदने वाले ग्राहकों को खास लाभ मिलेंगे, जैसे 204,990 रुपये तक का मुफ्त टीवी या 99,990 रुपये तक का साउंडबार, जो शानदार ऑडियो अनुभव देगा। साथ ही, 20% तक कैशबैक, बिना डाउन पेमेंट, और 2,990 से शुरू होने वाली आसान ईएमआइ की सुविधा भी मिल रही है, जिसकी अवधि 30 महीने तक हो सकती है।

सैमसंग के प्रीमियम बिग-स्क्रीन टीवी हर मैच को और रोमांचक बनाते हैं। इनमें आधुनिक एआई अपस्केलिंग, सटीक रंग और शानदार साउंड क्वालिटी है। डॉल्बी एटमॉस और क्यूसिम्फनी सिनेमा जैसा साउंड देते हैं। सैमसंग नॉक्स सिक्योरिटी स्मार्ट टीवी को सुरक्षित और आसान बनाता है। एआई और क्वॉन्टम मैट्रिक्स टेक्नोलॉजी से ये टीवी बेजोड़ कंट्रास्ट, साफ तस्वीरें और चमक देते हैं, और किसी भी लिविंग रूम को आपके पर्सनल स्टेडियम में बदल देते हैं।

इस आकर्षक कैंपेन में, ग्राहकों को 43 इंच या उससे बड़े आकार के नियो क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी 4K, ओएलईडी और क्रिस्टल 4K यूएचडी टीवी पर खास ऑफर्स मिलेंगे। बड़ा और बेहतर देखने का अनुभव पाने का यह सबसे अच्छा मौका है।

**नियो क्यूएलईडी 8K**

सैमसंग का नियो क्यूएलईडी 8K, NQ8 एआई जेन2 प्रोसेसर से चलता है, जो एआई की मदद से शानदार पिक्चर क्वॉलिटी और साउंड देता है। इसके 256 AI नेटवर्क्स ओटीटी कंटेंट, वीडियो गेम्स और लाइव स्पोर्ट्स को 8K क्वॉलिटी में जीवंत बनाते हैं। मोशन एक्सेलेरेटर टर्बो प्रो हाई-स्पीड गेमिंग और एक्शन से भरपूर मनोरंजन के लिए शानदार विज़ुअल्स और स्पीड देता है।

**नियो क्यूएलईडी 4K**

नियो क्यूएलईडी 4K, NQ4 एआई जेन2 प्रोसेसर के साथ, किसी भी कंटेंट को शानदार 4K रिज़ॉल्यूशन में बदल देता है। क्वॉन्टम मैट्रिक्स टेक्नोलॉजी जटिल दृश्यों में भी गहरा कंट्रास्ट और डिटेल देती है। दुनिया का पहला पैनटोन वैलिडेटेड डिस्प्ले सटीक रंग और डॉल्बी एटमॉस सिनेमाई साउंड के साथ, नियो क्यूएलईडी 4K रेंज 4K एंटरटेनमेंट का शानदार अनुभव देती है।

**क्यूएलईडी टीवी**

सैमसंग का क्यूएलईडी टीवी क्वॉन्टम डॉट टेक्नोलॉजी के साथ शानदार तस्वीरें देता है, यह हर ब्राइटनेस लेवल पर 100% रंगों को जीवंत रखता है। किसी भी घर के इंटीरियर्स से मेल खाती इसकी अल्ट्रा-स्लिम डिजाइन घर की खूबसूरती को तो बढ़ाती ही है, साथ ही टीवी देखने का शानदार अनुभव देती है।

**ओएलईडी टीवी**

सैमसंग का ग्लेयर-फ्री ओएलईडी टीवी अवांछित रिफ्लेक्शन को कम करता है और किसी भी रोशनी में गहरे काले रंग और साफ डिटेल देता है। NQ4 एआई जेन2 प्रोसेसर, रियल डेप्थ एन्हांसर और ओएलईडी एचडीआर प्रो के साथ इसने पिक्चर क्वॉलिटी में नए मानक स्थापित किये हैं। मोशन एक्सेलेरेटर 144H5 के साथ यह गेमिंग और हाई स्पीड वाले मनोरंजन के लिए सबसे अच्छा टीवी है।

## डब्ल्यूटीटीसी की 'टुगेदर इन ट्रैवल' एसएमई पहल में VFS ग्लोबल बना संस्थापक भागीदार

**लखनऊ।** वैश्विक यात्रा उद्योग में छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिलने अपनी टुगेदर इन ट्रैवल SME पहल शुरू की है, जिसमें VFS ग्लोबल को संस्थापक भागीदार के रूप में शामिल होने पर गर्व है। डब्ल्यूटीटीसी यात्रा और पर्यटन निजी क्षेत्र और इसके कई उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र वैश्विक निकाय है। परिषद में अब 200 से अधिक कंपनियाँ प्रतिनिधित्व करती हैं, जो एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के दो-तिहाई कारोबार के लिए जिम्मेदार हैं, जो पूरे क्षेत्र के 30% के बराबर है




तकनीकी नवाचार और बाज़ार विस्तार में दो दशकों से अधिक के अनुभव का लाभ उठाते हुए, वी एफ़ एस ग्लोबल यात्रा व्यवसायों के व्यापक नेटवर्क के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए विशिष्ट रूप से मौजूद है। यह नई पहल एसएमई को और भी ज़्यादा मज़बूत और बेहतर बनाती है, जिससे उन्हें लगातार विकसित हो रहे यात्रा पारिस्थितिकी तंत्र में पनपने में मदद मिलती है।

वीएफएस ग्लोबल 150 से अधिक देशों में फैले अपने नेटवर्क में एसएमई को सक्रिय रूप से समर्थन देगा, नवाचार को आगे बढ़ाने, लागत प्रभावी विकास को बढ़ावा देने और यात्रा और पर्यटन क्षेत्र के भीतर सतत विकास को बढ़ावा देने में उनकी अहम भूमिका को पहचानते हुए संचालन को बढ़ाने और महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे सतत सफलता के लिए नए अवसर पैदा होते हैं।

इस अवसर पर डब्ल्यूटीटीसी के अध्यक्ष और सीईओ जूलिया सिम्पसन ने कहा कि हम वीएफएस ग्लोबल का टुगेदर इन ट्रैवल के संस्थापक भागीदार के रूप में स्वागत करते हुए प्रसन्न हैं। उनकी अमूल्य विशेषज्ञता, वैश्विक नेटवर्क और उद्योग नेतृत्व इस मंच को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे दुनिया भर के एसएमई को वे उपकरण, ज्ञान और अवसर मिलेंगे जिनकी उन्हें कामयाबी के लिए ज़रूरत है। एकजुट होकर, हम एक अधिक लचीला और समावेशी यात्रा और पर्यटन क्षेत्र बना रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी आकार के व्यवसाय वैश्विक बाज़ार में फल-फूल सकें।

## ट्रूक पेश करते हैं अपनी गेमिंग सीरीज़ में बड्स क्रिस्टल डायनो



**लखनऊ।** ऑडियो ब्राण्ड्स ट्रूक ने भारतीय मार्केट के लिए अपनी नई गेमिंग सीरीज़ के लॉन्च की घोषणा की है। बड्स क्रिस्टल डायनो स्लीक चार्जिंग केस, प्रीमियम लैदर फिनिश के साथ भव्य एवं टिकाउ है तथा स्टोरेज एवं चार्जिंग के लिए स्टाइलिश और व्यवहारिक भी है। नया बड्स क्रिस्टल डायनो 21 अप्रैल से एमज़ॉन डॉट इन, फ्लिपकार्ट और ट्रूक डॉट इन पर रु 1099 की कीमत पर खरीद के लिए उपलब्ध होगा। हालंकि शुरूआती उपभोक्ता मात्र रु 799 की स्पेशल कीमत पर इसे खरीद सकते हैं, यह ऑफर मात्र 2 घण्टे के लिए वैलिड होगा, जिसके बाद इसकी कीमत रु 999 होगी।तीन आकर्षक रंगों; रैवन ब्लैक, ओक ब्राउन एवं आर्कटिक ब्लू में उपलब्ध बड्स क्रिस्टल डायनो 'मेड इन इंडिया' की अभिव्यक्ति करता है, तथा अपनी शानदार गुणवत्ता के साथ स्थानीय टेक निर्माण को समर्थन प्रदान करता है।लॉन्च के अवसर पर पंकज उपाध्याय, संस्थापक एवं सीईओ, ट्रूक ने कहा, ''गेमिंग उद्योग लगातार दो अंकों की सालाना दर से विकसित हो रहा है, इसके बावजूद देश के कई टियर 2 और टियर 3 शहरों में प्रीमियम गेमिंग गियर सुलभ नहीं हैं। अपनी नई पेशकश बड्स क्रिस्टल डायनो के साथ हम उच्च गुणवत्ता के बजट अनुकूल ऑडियो समाधान के माध्यम से इस कमी को दूर कर युवा गेमर्स की ज़रूरतों को पूरा करना चाहते हैं। एक ऑडियो ब्राण्ड के रूप में हम गेमर्स की बदलती ज़रूरतों को समझते हैं और उन्हें साउण्ड का ऐसा उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो लुक्स एवं दाम के साथ किसी तरह का समझौता किए बिना गेमप्ले का शानदार अनुभव प्रदान करे। हमें विश्वास है कि यह लॉन्च देश भर के गेमर्स की उम्मीदों पर खरा उतरेगा, उन्हें उचित कीमत पर बेहतरीन परफोर्मेन्स देगा।

## विशेषज्ञों की मुहरः बादाम से सुधरता है दिल और मेटाबॉलिज़्म का स्वास्थ्य, वजन कम करने में भी मददगार



एक नए प्रकाशन में, दुनिया के बड़े स्वास्थ्य और पोषण विशेषज्ञों ने बताया है कि रोज़ाना बादाम खाने से दिल और शरीर की चयापचय (मेटाबॉलिज्म) सेहत अच्छी रहती है। 11 वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने बादाम और कार्डियोमेटाबॉलिक स्वास्थ्य पर अब तक हुई रिसर्च का विश्लेषण किया और इस बात पर सहमति जताई कि बादाम का नियमित सेवन कई प्रमुख स्वास्थ्य क्षेत्रों में लाभ पहुंचा सकता है। विशेषज्ञों ने पाया कि रोज़ाना बादाम खाना एक प्रभावी और प्रमाणित खानपान रणनीति है, जो हृदय स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और पाचन तंत्र (गट माइक्रोबायोम) को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है। इस सहमति पत्र में यह भी बताया गया है कि अगर कोई व्यक्ति प्रतिदिन कम से कम 50 ग्राम (1.8 औंस या लगभग दो मुट्ठी) बादाम का सेवन करता है, तो कुछ मामलों में मामूली रूप से वजन घटाने में भी सहायता मिल सकती है। पूरी दुनिया में कार्डियोमेटाबॉलिक बीमारियाँ (दिल और मेटाबॉलिज्म से जुड़ी समस्याएँ) बढ़ रही हैं, इसलिए यह समझना ज़रूरी है कि बादाम इंसान की सेहत को कैसे बेहतर कर सकते हैं। डॉ. एडम ड्रेवनोव्स्की, जो इस शोध के सह-लेखक हैं और वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में महामारी विज्ञान के प्रोफेसर और दुनिया के जानेमाने न्यूट्रीशन एक्ससपर्ट हैं, ने कहा, ÷बादाम पोषक तत्वों का खजाना हैं और ये दुनिया में सबसे ज़्यादा शोध किए गए खाद्य पदार्थों में से एक हैं। दुनिया भर के शोधकर्ताओं ने बादाम और कार्डियोमेटाबॉलिक स्वास्थ्य पर चर्चा की और उन्होंदने अपनी-अपनी जानकारियां एवं नजरिये प्रस्तुत किये। वे इस नतीजे पर पहुँचे कि बादाम कार्डियोमेटाबॉलिक सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं। यह खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने, डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर को थोड़ा घटाने, वजन को नियंत्रित करने और गट हेल्थ (पेट के स्वाकस्थ्?य) को बेहतर करने में मदद करते हैं।''एशिया में रहने वाले भारतीयों के लिए शोध में पता चला कि रोज़ाना बादाम खाने से दिल की सेहत, मेटाबॉलिज्म और वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

## अनुमान लगाइए कि गर्मियों में राज करने के लिए कौन वापस आ गया है? यह कोई और नहीं बल्कि हमारा शरारती मास्टर है - शिन चैन




**नई दिल्ली।** वह चुलबुला है, आकर्षक है, और वह पूरी तरह से अजेय है - और इस सीज़न में, वह ऐसा कर रहा है जैसे केवल वह ही कर सकता है। पहले कभी न देखे गए एपिसोड और अपनी पसंदीदा फ़िल्मों के साथ हंसी की एक नॉन-स्टॉप खुराक के लिए तैयार हो जाइए, सिर्फ़ सोनी YAY पर! लेकिन इतना ही नहीं - शिन चैन सिर्फ़ आपकी स्क्रीन पर ही नहीं है, वह हर जगह दिखाई देता है जहाँ आप जा रहे हैं। मॉल से लेकर शहर के कार्यक्रमों तक, वह हंसी-मज़ाक, नासमझी और ढेरों फ़ोटो खिंचवाने के मौकों के साथ वास्तविक दुनिया में कदम रख रहा है।

तो, चाहे वह आपके टीवी पर हो, बाहर हो या कहीं और - यह आधिकारिक तौर पर शिन चैन का समय है। तो, आप किसका इंतज़ार कर रहे हैं? मज़ा शुरू होने दें!

शिन चैन के पहले कभी न देखे गए एपिसोड और फ़िल्में देखें, सिर्फ़ सोनी YAY! पर 21 अप्रैल से सोमवार से शुक्रवार दोपहर 1 बजे तक! कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के नाम से जाना जाता था) के बारे में

## वर्ल्ड लिवर डे पर लिवर डोनेशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपोलोमेडिक्स ने ट्रांसप्लांट से जुड़ी भ्रांतियों पर खुलकर की चर्चा

**लखनऊ।** वर्ल्ड लिवर डे के अवसर पर अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य लिवर डोनेशन और ट्रांसप्लांट से जुड़े मिथकों और डर को लेकर लोगों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में लिवर ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीजों और उनके डोनर्स ने भी हिस्सा लिया, जो ट्रांसप्लांट के बाद सामान्य जीवन जी रहे हैं और ऑर्गन डोनेशन के लिए एक प्रेरणास्रोत बने हैं।


अपोलोमेडिक्स ने 2021 में लिवर ट्रांसप्लांट की शुरुआत की थी और तब से इस प्रक्रिया में लगातार सफलताएँ प्राप्त की हैं। अपोलोमेडिक्स ने उत्तर प्रदेश में पहला लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट और पहला कैडेवेरिक लिवर ट्रांसप्लांट करने की उपलब्धि हासिल कर चुका है। अपोलोमेडिक्स के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने बताया कि लिवर एक ऐसा अंग है, जो ट्रांसप्लांट के बाद कुछ ही हफ्तों में अपना आकार पूरी तरह से पुनः प्राप्त




कर लेता है। इससे यह भ्रम भी समाप्त होता है कि डोनर की सेहत पर इसका कोई गंभीर असर पड़ता है। डॉ. आशीष मिश्रा, सीनियर कंसल्टेंट एवं हेड लिवर ट्रांसप्लांट, एचपीजी एवं जीआई सर्जरी, अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने बताया, लिवर एक ऐसा अंग है जिसे शरीर के बाहर डोनर से रिसीपिएंट तक ट्रांसप्लांट किया जा सकता है और यह बहुत जल्दी ठीक हो जाता है। ट्रांसप्लांट के बाद डोनर को कोई गंभीर समस्या नहीं होती। यह प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित और प्रभावी है। लिवर ट्रांसप्लांट के बाद मरीजों को सामान्य जीवन में लौटने में लगभग 3 महीने का समय लगता है और डोनर को केवल 1 महीने के भीतर अपनी सामान्य गतिविधियाँ फिर से शुरू करने का अवसर मिलता है।

डॉ. आशीष मिश्रा ने लिवर ट्रांसप्लांट की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, देशभर में ऑर्गन डोनेशन की स्थिति अभी भी बेहद चिंताजनक है। भारत में हर साल 25,000 से 30,000 मरीज़ों को लिवर ट्रांसप्लांट की ज़रूरत होती है, लेकिन केवल 3,000 को ही यह सुविधा मिल पाती है। और इनमें भी केवल 10 प्रतिशत ट्रांसप्लांट कैडेवेरिक डोनर से संभव हो पाते हैं। यह गंभीर अंगदान की कमी को दर्शाता है, जिसे दूर करने के लिए समाज में व्यापक जागरूकता और सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने मृतक अंगदाता (कैडेवेरिक डोनेशन) कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए सरकार और प्राइवेट अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, उत्तर प्रदेश, अन्य राज्यों की तुलना में अंगदान में काफी पीछे है। इस अंतर को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाने और अस्पतालों के बीच सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता है।

## विवेक सिंह होम क्रेडिट इंडिया के सीईओ नियुक्त



**लखनऊ।** होम क्रेडिट के बोर्ड ने 7 अप्रैल, 2025 को हुई अपनी बैठक में विवेक सिंह को तत्काल प्रभाव से मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया। श्री सिंह वित्तीय सेवा क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव रखते हैं, जिसमें व्यवसायों के निर्माण और विस्तार, डिजिटल परिवर्तन को आगे ले जाने और बड़े स्तर के परिचालनों के प्रबंधन पर विशेष ध्यान रहा है। वह टीवीएस होल्डिंग्स के तत्वावधान में होम क्रेडिट इंडिया को विकास के अगले चरण में ले जाने के लिए तैयार हैं।

इस नियुक्ति पर टीवीएस होल्डिंग्स के निदेशक के. गोपाल देसिकन ने कहा होम क्रेडिट इंडिया ने देश भर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें विश्वास है कि भारत के वित्तीय परिदृश्य, विशेष रूप से उपभोक्ता और खुदरा वित्त क्षेत्र के बारे में विवेक की गहरी समझ, विकास और नवाचार को चलाने की उनकी सिद्ध क्षमता के साथ मिलकर, अमूल्य होगी क्योंकि हम आगे बढ़ते हुए होम क्रेडिट इंडिया के व्यवसाय को मजबूत करते हैं और इसकी मजबूत नींव पर निर्माण करते हैं।

अपने विजन को साझा करते हुए, होम क्रेडिट इंडिया के सीईओ विवेक सिंह ने कहा ऐसे समय में होम क्रेडिट इंडिया का नेतृत्व करना एक सम्मान की बात है जब प्रौद्योगिकी हमारे ग्राहकों की सेवा करने के तरीके में क्रांति ला रही है। मैं नवाचार को बढ़ावा देने, ग्राहक अनुभव को बढ़ाने और जिम्मेदार ऋण तक पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। होम क्रेडिट इंडिया की मजबूत बाजार उपस्थिति हमारी पेशकशों को और बढ़ाने, हमारी पहुंच को व्यापक बनाने और देश भर में अधिक वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है। टीम के साथ मिलकर, मैं भारत में एक अधिक समावेशी, जिम्मेदार और तकनीक-उन्मुख वित्तीय ईकोसिस्टम को आकार देने के लिए उत्सुक हूं।

# अराजक तत्वों ने यज्ञमंडप में की तोड़फोड़, तीन गिरफ्तार

## हाटा कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुर ठूठी गांव का मामला

अवधनामा संवाददाता


पुलिस गिरफ्त में आरोपी युवक

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र के विशुनपुर ठूठी में 10 अप्रैल से हो रहे श्री श्री विष्णु महायज्ञ में बने यज्ञमंडप में बनी प्रतिमा को कुछ अराजकतत्वों ने तोड़ दिया। झोपड़ी में आग लगा दी, जिससे उसमें रखी पूजन सामग्री जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बुधवार को यज्ञ समिति के अध्यक्ष रोशन यादव ने हाटा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार की देर शाम को कुछ अराजकतत्व यज्ञमंडप के बगल में सिगरेट पी रहे थे। तभी यज्ञ समिति के लोगों ने उन सभी को मना किया कि बगल में गेहूं की फसल है। जल जाएगी।तो वे उग्र हो गए और बहस करने के बाद चले गए। लगभग तीन बजे भोर में विशेष, विकास, टाइगर, विशाल व गोलू व नीलू आधा दर्जन से अधिक मनबढ़ों ने आकर यज्ञमंडप में बनाई गई प्रतिमा को तोड़ दिया और यज्ञ के लिए बनी झोपड़ी में आग लगा दी। आग की लपटें देख यज्ञ समिति के लोग पहुंचे तो सभी भाग गए। वहीं झोपड़ी में रखी पूजा की सामग्री जलकर राख हो गई। इससे आयोजन कर्ताओं तथा साधु संतों में आक्रोश व्याप्त है।यज्ञ समिति के अध्यक्ष रोशन यादव के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नगर पंचायत सुकरौली के वार्ड नं 2 राम जानकी नगर निवासी विशेष पुत्र वीरेंद्र राही, विकास पुत्र शर्मा, टाइगर पुत्र दिनेश विशाल पुत्र प्रमोद तथ गोलू व नीलू पुत्र अज्ञात के विरुद्ध 189(2), 298,326 एफ आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इनमें विशेष, टाइगर और विशाल को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। शेष की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं हाटा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने बताया कि मिली तहरीर के जांच के आधार पर छ नामजद व कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। सभी जेल भेजे जाएंगे। पूजा स्थल पर तोड़फोड़ करने वाले अराजक तत्वों को चिह्नित कर लिया गया है। तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, शेष की तलाश की जा रही है।

## बैसवारा महाविद्यालय में आयोजित हुई डॉ. अंबेडकरक्विज प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा महाविद्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर एक क्विज प्रतियोगिता छात्र एवं छात्राओं के मध्य आयोजित की गई। डॉ. अंबेडकर के जन्म दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का भी सफलता पूर्वक आयोजन भी किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे, पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर निरंजन राय ने कहा कि हमें अपने अधिकारो एवं कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक पालन करना चाहिए। सत्य ही वह रास्ता है जिसके माध्यम से अपने कैरियर की ऊंचाइयां प्राप्त कर सकते है। इसलिए हमेशा सत्यता के आचरण का अनुपालन करना चाहिए। आयोजित संगोष्ठी में पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि डॉ आंबेडकर का भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। प्रोफेसर सिंह ने आगे बताया कि किस तरह डॉ. अंबेडकर द्वारा दलित, पिछड़े और समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के साथ डॉ आंबेडकर का योगदान अति महत्वपूर्ण है।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया पशु तस्कर गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो


पुलिस गिरफ्त में इनामी पशु तस्कर

**कुशीनगर।** रविन्द्रनगर धूस थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पुलिस और बदमाश के बीच बुधवार को मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पैर में गोली लगने से इनामी पशु तस्कर घायल हो गया। आरोपी की तलाश पुलिस को लंबे समय से थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस सराहनीय कार्य के लिए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की है।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि बुधवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शातिर पशु तस्कर क्षेत्र में आने वाला है। सूचना मिलते ही रविन्द्रनगर धूस, कुबेरस्थान और स्वाट टीम की संयुक्त पुलिस टीम ने पकड़ी बुजुर्ग बाईपास पुलिया के पास घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार वहां पहुंचा। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने रुकने के बजाय पुलिस पर जानलेवा फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें वह घायल होकर गिर पड़ा। आरोपी की पहचान क्यामुद्दीन अंसारी के रूप में हुई। उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा, दो जिंदा और तीन खोखा कारतूस, बिना नंबर की मोटरसाइकिल, एक कीपैड मोबाइल और 1270 रुपए नकद बरामद किए गए। घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह पुलिस अभिरक्षा में है। एसपी ने बताया कि क्यामुद्दीन अंसारी के खिलाफ थाना रविन्द्रनगर धूस में गौवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से वांछित था और उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के खिलाफ आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। मुठभेड़ में शामिल स्वाट के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, निरीक्षक अमित शर्मा, कुबेरस्थान थानाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह, रविन्द्रनगर धूस थानाध्यक्ष शरद भारती, स्वाट के दारोगा आलोक यादव इन सभी टीम को एसपी ने 25 हजार के ईनाम से पुरस्कृत किया है।

## किसानों के लिए खुशखबरी : 30 अप्रैल तक बढ़ी फॉर्मर रजिस्ट्री की तिथि

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। अप्रैल माह के किसान दिवस के अवसर पर उप कृषि निदेशक कुशीनगर ने जनपद के सभी कृषकों से 30 अप्रैल 2025 तक अपने राजस्व ग्राम में लगाए जा रहे कैम्पों, सहज जन सेवा केन्द्रों अथवा मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने का अनुरोध किया।

उन्होंने कृषकों के लिए इसकी अनिवार्यता हेतु सभी को सचेत किया कि भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री तैयार न होने की दशा में किसान बन्धु विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते है। उनके द्वारा पिछले किसान दिवस में प्राप्त 18 शिकायतों का निस्तारण की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई। कृषक विजय कुमार शर्मा द्वारा केसीसी के सम्बन्ध में सहायक निबंधक सहकारिता कुशीनगर द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपका केसीसी की जांच कर शीघ्र ही लोन उपलब्ध कराया जायेगा। कृषक सुप्रिय मालवीय द्वारा ड्रेनों की सफाई के सम्बन्ध में अपनी बात पटल के समक्ष रखी गई जिसपर अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2025-26 ई-निविदा की कार्यवाही चल रही है धन आवंटन के फलस्वरूप कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में किसान कल्याण केन्द्र/राजकीय कृषि बीज भण्डार से ही बीज व अन्य निवेश वितरण कराने के दिशा निर्देश है। कृषक वशिष्ठ नारायण बर्नवाल द्वारा धान के खरपतवार नाशी दवाओं की व्यवस्था के सम्बन्ध में उप कृषि निदेशक कुशीनगर द्वारा जनपद में शीघ्र ही जिप्सम व बैचा बीज उपलब्ध कराया जा रहा हैं खरपतवारनाशी की मांग भेजी गई है। उपलब्ध होते ही वितरण कराया जायेगा।

# पैमाईश के दौरान बुजुर्ग ने अपने आप को मारा चाकू

- पट्टे की पैमाईश करने के दौरान बुजुर्ग ने उठाया आत्मघाती कदम
- रामकोला थाना क्षेत्र के देवरिया बाबू टोला जोलहा पट्टी का मामला

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरिया बाबू टोला जोलहा पट्टी में बुधवार को हल्का लेखपाल द्वारा पट्टे की जमीन पैमाईश के दौरान पट्टा धारक ने खफा होकर खुद को चाकू मार कर घायल कर लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई है। वहां मौजूद प्रशासन व परिजनों ने सीएचसी रामकोला में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने घायल बुजुर्ग की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को हल्का लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता एवं लाला छपरा के लेखपाल सुरेंद्र प्रजापति ग्राम पंचायत देवरिया बाबू के जोलहा पट्टी में पट्टे की भूमि का पैमाईश करने पहुंचे थे। इसी दौरान एक पट्टेदार चेतई प्रसाद उम्र 60 वर्ष ने मनमानी पैमाईश का विरोध जताते हुए अपने आपको चाकू मार लिया। जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने तत्काल घायल चेतई को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामकोला में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

घायल पट्टेदार चेतई ने बताया कि देवरिया बाबू में आराजी नंबर 1834 रकबा में से चेतई पुत्र गुनराज व सुरसती देवी पत्नी चेतई के नाम से सयुक्त आवासीय पट्टा तहसील कप्तानगंज से स्वीकृत किया गया है। लगभग तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन लेखपाल ओमप्रकाश पाण्डेय द्वारा आवासीय पट्टे की जमीन नाप कर उत्तर-दक्षिण का कब्जा दिए थे। जिसपर मिट्टी से भराई कर झोपडी डाला और रहने लगा। अब लेखपाल साहब कह रहे है कि यह जमीन दूसरे को दिया गया है। इस संबंध में लेखपाल मार्कण्डेय गुप्ता ने बताया कि एक ही आराजी पर तीन लोगों का पट्टा है। घायल बुजुर्ग का भी पट्टा है उन्हें पैमाईश कर कब्जा दे दिया गया, लेकिन दो अन्य लोगों के पट्टे पर अवैध कब्जा किए थे जिसे खाली कराया जा रहा था। इसी बात पर नाराज होकर बुजुर्ग ने अपने आप पर हमला कर लिया।

### घायल बुजुर्ग पर अवैध कब्जा करने का आरोप

बताया जा रहा है कि देवरिया बाबू के जोलहा पट्टी में पीड़ित सत्तन पुत्र सिंहासन के पट्टे की जमीन पर चेतई पुत्र गुनराज द्वारा अवैध कब्जा कर गैर आवासीय झोपड़ी डाल दिया गया था जिससे सत्तन पुत्र सिंहासन हैरान और परेशान हो रहा था तथा उसके निर्माण कार्य में एवं कब्जा दखल में चेतई पुत्र गुनराज बार-बार व्यवधान उत्पन्न कर रहा था तथा उल्टा सीधा मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही थी, जिसके कारण राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा पट्टे की जमीन पर सत्तन पुत्र सिंहासन को कब्जा दिया गया जिससे क्षुब्ध होकर कार्य में बाधा डालने एवं प्रशासन को गुमराह करने के नियत से चेतई पुत्र गुनराज द्वारा खुद को चोटिल करने का प्रयास किया गया।

## प्रभात साहित्य सेवा समिति की 380वीं काव्य गोष्ठी सम्पन्न


रचनाएं प्रस्तुत करते कवि व साहित्यकार

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** नगर की साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था प्रभात साहित्य सेवा समिति की मासिक काव्य गोष्ठी संस्था के अध्यक्ष इंद्रजीत इंद्र के आवास पर मंगलवार को सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मदन गोविंद राव व विशिष्ठ अतिथि ब्रह्मा शंकर चौधरी रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि आनन्द कृष्ण त्रिपाठी व संचालन बेचू बीए ने किया। काव्य गोष्ठी में ज्वलंत समस्याओं, नारियों पर होते जुल्म व सामाजिक परिवेश से ओत प्रोत रचनाएं कवियों ने प्रस्तुत कर शमा बांध दिया। कविता पाठ करने वालों में आनन्द कृष्ण त्रिपाठी, इंद्रजीत इंद्र, फिरोज अक्स, विनोद गुप्ता, बेचू बीए, डॉ इम्तियाज समर, नूरुद्दीन नूर, शोभा गुप्ता रहीं।

अपने उद्बोधन में मदन गोविंद राव ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व राजा महाराजाओं के काल में कवियों ने शासक व जनता को अपनी रचनाओं के माध्यम से एक नई राह दिखलाने का कार्य करते रहे। कवियों/साहित्यकारों को अपनी लेखनी से समझौता नहीं करनी चाहिए। इस मौके पर ब्रह्मा शंकर चौधरी, दिनेश मल्ल, संतोष जायसवाल, अवधेश सिंह, उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## 9 को होगी राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** शिवानंदपुरम (पुराना बस स्टाप) में गीता देवी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा एक विशाल मंदिर की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 7 मई को वेदियों का निर्माण व कलश स्थापना तथा 8 मई को पूजन एवं विशाल कलश यात्रा मंदिर स्थल से प्रारम्भ होकर बाल्हेश्वर मंदिर पर समाप्त होगी। जिसके बाद 9 मई को प्राण प्रतिश्ठा, हवन, पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि नगर के पुराना बस स्टाप स्थित शिवानंदपुरम् में स्थापित यह राज राजेश्वरी का विशाल मंदिर अपने माता पिता की प्रेरणा एवं उनके सपनो को साकार करने के लिये उनके पुत्रो अविवेक(रानू) व करमेंद्र दीक्षित उर्फ अन्नू के सतत् प्रयासो से स्थापित किया गया है। मंदिर में आज हुई ट्रस्ट की बैठक में बताया गया कि इसमें दुर्गा माता, राधाकृश्ण, रामदरबार, शिव परिवार, हनुमान जी आदि देवताओं की विशाल प्रतिमायें स्थापित की जायेगी। जिसके समस्त कार्यक्रम 7, 8 व 9 मई को संपादित होगें।

## डीएम ने किया कार्यालय अधीक्षण अभियंता विद्युत, 132 केवी विद्युत उपकेंद्र एवं कंट्रोल रूम तथा अधिशासी अभियंता निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को जिलाधिकारी निशा अनंत ने कार्यालय अधीक्षण अभियंता विद्युत, 132 केवी विद्युत उपकेंद्र एवं कंट्रोल रूम, कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय अमेठी एवं कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रथम गौरीगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता गौरीगंज सहित 48 में से 25 कार्मिक बिना बताए अनुपस्थित पाए गए हैं। जिनका जिलाधिकारी ने एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता रविकांत अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी द्वारा अन्य कार्मिकों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें 6 नियमित कर्मचारियों में से पांच कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए तथा 11 संविदा कर्मचारियों में से 6 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इसके उपरांत 132 केवी विद्युत केंद्र एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया यहां पर कुल 12 कर्मचारियों में से 6 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसके पश्चात उन्होंने कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय अमेठी का निरीक्षण किया।

# हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान थीम पर ब्लाकों में हुए जागरूकता कार्यक्रम

- परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने रैली निकाली
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया
- सबसे हल्का और कमजोर रहा अमेठी विकास खंड का कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/मुसाफिरखाना।** बुधवार को जिले के सभी विकास खंडों में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर जयंती पखवाड़े के अन्तर्गत हमारा संविधान - हमारा स्वाभिमान थीम पर रैली, प्रभातफेरी,वाद विवाद प्रतियोगिता और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अमेठी विकास खंड में पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया और ए डी ओ आई एस बी मनीराम सरोज के संयोजन में कार्यक्रम हुआ। वरिष्ठ लेखाकार अशोक सिंह एवं अन्य सभी ब्लाक कर्मी मौजूद रहे। बेसिक शिक्षा विभाग से कोई नहीं आया था। बहादुरपुर विकास खंड में छात्र छात्राओं ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का चित्र बनाते हुए सुंदर रंगोली बनाई। शाहगढ़ में ए डी ओ पंचायत रामदीन गौतम ने कार्यक्रम का संयोजन किया। जूनियर हाईस्कूल शाहगढ़ के बच्चे रैली में शामिल हुए। बाजार सुकुल में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने रैली निकाली। मुसाफिर खाना में खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। भादर में ब्लाक सभागार में खंड विकास अधिकारी रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में शिक्षक, शिक्षिकाओं और ब्लाक कर्मियों के साथ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत काम करने वाली समूह की महिलाएं भी शामिल हुई। कार्यक्रम का संचालन कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के इं प्र अ संजीव कुमार ने किया।ए डी ओ राम तेज वर्मा,विजय कुमार मिश्र,प्र अ कुसुम मिश्र, ज्ञान चंद पांडेय,देवांशु सिंह, सुनील सिंह, राम बली गौतम आदि मौजूद रहे।

तिलोई में कम्पोजिट विद्यालय फुरसतगंज के छात्र छात्राओं ने रैली निकाली। सेमिनार में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

## आयोजित हुआ फेयरवेल कार्यक्रम



**अमेठी/जामो अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दखिनवारा में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के नवीन नामांकित बच्चों के स्वागत व फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी जामों शोभनाथ ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुशांत त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि सुभाष त्रिपाठी, प्रधान अमर नाथ सरोज रहे । कार्यक्रम का संचालन नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार मौर्य ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रामललन द्विवेदी, अटेवा संयोजक सुशील यादव, राजेश श्रीवास्तव, एस सी /एस टी अध्यक्ष रणजीत कुमार, दीपक मौर्य, परशुराम सिंह, हेमंत पाण्डेय, जीतलाल, धर्मेंद्र कुमार प्रवीण द्विवेदी , मारुत यादव, अमरेंद्र प्रताप सिंह रहे। प्रधानाध्यापक राजकुमार चौधरी, अर्पित मिश्र, बजरंग बली, श्रीमती प्रीति तिवारी, सुनील कुमार, राजेश कुमारी, कमलेश कुमारी ने अपना सक्रिय योगदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी कक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 16 अप्रैल 2025 को संविलियन विद्यालय प्यासी में कक्षा 8 वी के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया जिसमें सभी छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया कक्षा 6 कक्षा 7 कक्षा 8 में प्रथम द्वितीय और तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को अलग से कापी किताब पेन और माला पहनाकर सम्मानित किया गया तद उपरांत स्कूल चलों अभियान के अन्तर्गत बच्चों को गीत के माध्यम से जागरुक किया गया और नये नामांकन पर जोर दिया गया कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा पाठ से की गई जिसकी शुरुआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनिता मिश्रा ने किया विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पवन कुमार गुप्ता को प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनिता मिश्रा ने विद्यालय के समस्त अध्यापक गण के साथ डायरी पेन देकर माला पहनाकर सम्मानित किया तद पश्चात विद्यालय ने सभी छात छात्राओं को भोजन कराया कार्यक्रम में सभी अध्यापक गण के साथ साथ अभिवावकों की भी उपस्थिति रही।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के कंसीपुर मजरे पूरे अंचली निवासिनी एक 25 वर्षीय विवाहित महिला ने घर के अंदर कमरे में पंखे से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि परिजनों की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के कंसीपुर मजरे पूरे अंचली निवासिनी लक्ष्मी पत्नी रामनरेश पासी उम्र 25 वर्ष ने आज 16/04/025 दिन बुधवार को सुबह लगभग 10 बजे कमरे के अंदर पंखे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनो द्वारा लक्ष्मी को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जैसे ही लक्ष्मी के मृतक होने की सूचना गांव वालों को हुई गांव में शोक की लहर दौड़ गई, तो वहीं मृतक लक्ष्मी अपने पीछे दो नौनिहाल बच्चे छोड़ गयी।


## सूचना

न्यायालय मा.अपर जिला जज कक्ष सं.4 सहारनपुर सिविल.अपील सं.5 सन 2025 वक्फ खुदावन्द ताला मौसूमा वक्फ अलल नफस तथा अलल औलाद वक्फ हाजी शाह मौहम्मद सहारनपुर द्वारा श्रीमती अफरोज जहां बेगम दुख्तर हाजी अब्दुल मालिक विधवा श्री अशफाक अहमद बाद इन्तकाल श्रीमती अफरोज जहां बेगम बजरिये अफजाल अहमद पुत्र अशफाक अहमद जिसकी मृत्यु दि.6-6-2013 हुई साकिन लक्खी गेट सहारनपुर व इसरार अहमद पुत्र अशफाक अहमद व मौ.सलीम पुत्र श्री हनीफ मृतक दौरान मुकदमा, वसीम पुत्र सलीम व श्रीमती इरशाद जहां बेगम दुख्तर हाजी अब्दुल मालिक जोजा अब्दुल रब नि. मौहल्ला सराये कलन्दर बख्श सहारनपुर मृतक दौरान मुकदमा, अब्दुल माबूद पुत्र अब्दुल रब व श्रीमती दिलशाद जहा बेगम (मृतक दौरान मुकदमा) दुख्तर हाजी अब्दुल मालिक जोजा डाक्टर अब्दुल माजिद, मौहम्मद शाहिद जुबैरी पुत्र अब्दुल माजिद नि. बाजार नखासा,सहारनपुर मुतवल्लियान वक्फ मजकूर (वादी/अपीलान्ट)..बनाम..1-मौ0 रजा पुत्र श्री इजहारुलहक नि0 टोपिया सराये,सहारनपुर 2- श्रीमती सईदा खातून विधवा इकरामुलहक नि. टोपिया सराये सहारनपुर। 3- सलमा उर्फ अफसाना पत्नी रियाज अहमद पुत्री इनामुलहक नि.गणपत सराये,नीम वाली मस्जिद, सहारनपुर 4- श्रीमती रहमान फातिमा पत्नी अफजाल पुत्री इनामुलहक निवासी, गणपत सराये सहारनपुर 5- मौ0 नदीम, 6- मौ0 सलीम, 7 मौ0 मंसूर, 8 मौ0 नासिर पुत्रगण इकरामुल हक निवासीगण मौ0 टोपिया सराये, सहारनपुर,9- मौ0 इमरान पुत्र श्री खलील अहमद दुकानदार 10- मौ0 आसिफ पुत्र श्री मतलूब दुकानदार।,11- हसीबुर्रहमान दुकानदार। 12- मौ0 उस्मान दुकानदार पुत्रगण इमामुल रहमान।, 13 मौ0 अजीम पुत्र श्री मजीद।, 14 खुर्शीद 15 अफजाल, 16 रिजवान।, 17 यासीन पुत्रगण मौ0 यामीन 18- शाहिना 19- रानी

पुत्रीगण मौ0 यामीन हरेक निवासी 11 बी/482/5 स्थित मौ0 टोपिया सराये कलन्दर बख्श सहारनपुर।

20- फैजान अहमद पुत्र मौहम्मद मालिक दुकानदार।
21-मौहम्मद अरशद पुत्र श्री अकरम दुकानदार।
22- जमशैद पुत्र श्री अब्दुल मालिक दुकानदार।
23- अब्दुल हमीद पुत्र श्री अब्दुल हनीफ दुकानदार।
24- श्रीमती शबाना बेगम बैवा शफीक आलम

सभी निवासी,शाहबलोल म.नं.10/850 सहारनपुर 25-सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड, माल एवेन्यू रोड लखनऊ ( विपक्षी )धनराशी 401000/-रू.अदालत अतिरिक्त 3हस्र सिविल जज सीडी स0पुर मुबरिखा 10.12.2024 वाद नं.264 /1993 (777/2024) मुत्तिला हो कि अपील धनराशी डिक्री मुकदमा दराज वाला ने पेश किया दर्ज रजिस्टर हुआ दि.18/4/2025 वास्ते समाअत अपील मुकर्रर हुई अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानूनन आपकी तरह अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजाज हो हाजिर ना आवेगा तो उसकी समात कोई तजवीज आपकी गैर हाजरी में की जावेगी दि.16.4.25 को मेरे हस्त.एवं मुद्रा अदालत सहित जारी। आज्ञा से मुन्सरिम


## महिला जनसुनवाई में आये 22 प्रकरण

**देवरिया।** राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती ऋतु शाही की अध्यक्षता में आज वीवीआईपी गेस्ट हाउस निरीक्षण भवन के मीटिंग हाल में महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर जागरुकता कार्यक्रम, समीक्षा बैठक तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान श्रीमती ऋतु शाही के समक्ष कुल 22 प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनमें 16 मामले घरेलू हिंसा, एक मानसिक प्रताड़ना, दो जमीनी विवाद, दो आवास संबंधी और एक शिक्षा अनुदान से संबंधित रहा। घरेलू हिंसा से जुड़े 16 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि अन्य प्रकरणों के समाधान के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी नगर देवरिया को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान माननीय सदस्य ने सभी विभागीय अधिकारियों से महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

# बांदा बहराइच मार्ग पर बना ओवरब्रिज क्षतिग्रस्त

अवधनामा संवाददाता



**बछरावा, रायबरेली।** कस्बा अंतर्गत बांदा बहराइच मार्ग पर बना ओवर ब्रिज अचानक क्षतिग्रस्त हो गया। कंक्रीट व मलबे का कुछ हिस्सा सड़क पर गिरने से राहगीरों व आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया, तत्काल सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। मंगलवार देर रात्रि 9:30 बजे के आसपास उस समय हड़कंप मच गया, जब बछरावां कस्बे में बांदा बहराइच मार्ग पर बने ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग के पास कुछ हिस्सा का मलबा नीचे गिरने लगा। जिसे देख आसपास मौजूद दुकानदार एवं राहगीरों में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना तत्काल प्रभाव से स्थानीय प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों को लोगों के द्वारा दी गई। और सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। और ब्रिज के ऊपर आवागमन को बंद कराया गया। बांदा बहराइच हाईवे मार्ग यात्रियों के आवागमन को सुलभ बनाने के लिए तथा कस्बे के अंदर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए वर्ष 2011 में इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जिसे लगभग 4 वर्ष में पूर्ण होकर 2015 में तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री शिवपाल सिंह के द्वारा इस ओवरब्रिज का उद्घाटन कर शुभारंभ किया गया था। शुभारंभ के महज 3 वर्षो में ही ओवर ब्रिज की सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई। और कई हादसे भी हो चुके हैं। जिनमें दर्जनों लोग चोटिल हो चुके हैं। ओवर ब्रिज के ऊपर लगाए गए ज्वाइंटों पर लोहे की राड बाहर निकल आई थी। जिससे कई वाहनों के टायर भी फट गए। दशा आज भी वही है ।परंतु इस समय इस ओवर ब्रिज के ऊपर सड़क का निर्माण कार्य शुरू कराया ही गया था। कि ठेकेदारों द्वारा किया गए भ्रष्टाचार की सारी पोल खुल गई। ओवर ब्रिज के ऊपर सड़क का काम शुरू होते ही ओवर ब्रिज भसक कर नीचे गिरने लगा। गनीमत यह रही कि समय रहते आसपास के पटरी दुकानदारो ने मामले की गंभीरता को समझते हुए लोगों के आवागमन को वही रोक दिया गया। नहीं तो और भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। फिलहाल घटना की जानकारी होते ही उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच चुके हैं। और जांच पड़ताल की जा रही है। तथा पुल के ऊपर का आवागमन बंद कर दिया गया है।

# जरवल में लगा स्वास्थ्य मेला, 512 ने कराया पंजीकरण

■ उम्मीद परियोजना का प्रयास परिवार नियोजन पर दी गई सलाह

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया व मोबियस फाउंडेशन के बित्तीय सहयोग से उम्मीद परियोजना के तत्वावधान में ब्लॉक-जरवल के हैदराबाद, प्राथमिक विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं और परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। स्वास्थ्य मेले में कुल 512 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 145 पुरुषों और महिलाओं को परिवार नियोजन एवं अंतराल विधियों पर परामर्श प्रदान किया गया और 58 लाभार्थियों को गर्भनिरोधक साधन वितरित किए गए। नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन परामर्श और शगुन किट का वितरण किया गया। साथ ही जिनका परिवार पूरा हो गया है ऐसे योग्य दम्पत्ति को सीएचसी पर नसबंदी सेवा के लिए सलाह दी गई।

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. संजय कुमार शर्मा ने इस अवसर पर कहा, ÷परिवार नियोजन न केवल जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए जरूरी है, बल्कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य और पूरे परिवार की समृद्धि से भी जुड़ा हुआ है। ऐसे स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से हम समुदाय तक सीधी पहुंच बनाकर उन्हें सही जानकारी और सेवाएं उपलब्ध करा सकते हैं।÷

इस अवसर पर मोबियस फाउंडेशन के प्रभात कुमार ने कहा, ÷बाल विवाह एक अभिशाप है, जिसे हम सभी को मिलकर समाप्त करना होगा। इसके लिए जागरूकता और सशक्तिकरण सबसे बड़ा हथियार है।÷मेले के दौरान किशोर स्वास्थ्य, गृह भ्रमण आधारित संपर्क, ग्रुप मीटिंग्स और वीएचएनडी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए लोगों को जरूरी स्वास्थ्य जांच और दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। इस पहल को आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग मिला।इस अवसर पर हैदराबाद, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुइनूद्दीन, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्येन्द्र कुमार , दीपक त्रिवेदी , आरबीएसके टीम से डॉ अशोक कुमार, डॉ सौरभ कुमार सहित बीईओ अरविन्द बहादुर सिंह, पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया से जीपीओ रामबरन यादव , पीसी अजय शुक्ला, एफओ बिंदू व 10 फील्ड फैसलीटेटर उपस्थिति रहे।

# मय असलाह के 2 अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्त मय अवैध असलहा के गिरफ्तार कर लिए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में अवैध शस्त्रों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान लालपुर मण्डी, थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से 1 नफर अभियुक्त अब्दुल पुत्र हमीर निवासी मस्जिद के सामने गली, आकाशवाणी रोड, अजमेरी गेट, थाना रामगढ, जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 22 वर्ष को मौके से 1 अदद तमंचा 12 बोर व 1 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ तथा लालपुर मण्डी पेड के नीचे, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद से 1 नफर अभियुक्त मौहम्मद सारून पुत्र असफाक निवासी गली नं-3, तीस फुटा रोड, हाजीपुरा, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद को 1 अदद अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अब्दुल उपरोक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर मु.अ.सं. 0153/2025 धारा 3/25 आयुध अधि. तथा अभियुक्त मौहम्मद सारून उपरोक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर मु.अ.सं. 0154/2025 धारा 4/25 आयुध अधि. पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम अनुज कुमार, प्रभारी निरीक्षक रसूलपुर, उ.नि. विमल कुमार, उ.नि. अमित आनन्द, मु.आ. 594 मुकेश कुमार, का. 1576 पवन, का. 1169 रामगोपाल, थाना रसूलपुर, फिरोजाबाद शामिल रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत रूस्तमपुर, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 16/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 17-04-2025 से 23-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 24-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**अनीता देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. रूस्तमपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**सिम्मी सिंह**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. रूस्तमपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लवायन, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 16/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 16-04-2025 से 24-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 25-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**विद्या देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. लवायन वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**अखिलेश वर्मा**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. लवायन वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दरना, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 16/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 17-04-2025 से 23-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 24-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 02:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**बृजेश पासवन**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. दरना वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**अखिलेश वर्मा**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. दरना वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भागमलपुर, वि.ख. खुटहन, जौनपुर

पत्रांक : मेमो/2025-2026 दिनांक : 16/4/2025

**अल्पकालीन निविदा/टेन्डर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 17-04-2025 से 22-04-2025 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह 04:00 बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 23-04-2025 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपरान्ह 04:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्रकलन) के अनुसार | शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट | प्रति हजार | |
| 2 | सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय | प्रति बैग | |
| 3 | मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू | प्रति घन मी. | |
| 4 | स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। सीमेन्ट वाला ईंट | प्रति घन मी. | |
| 5 | सरिया विभिन्न साइज | प्रति कुन्तल | |
| 6 | करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित | प्रति नग | |
| 7 | पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट | प्रति हजार | |
| 8 | सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट | प्रति नग | |
| 9 | शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री | | |
| 10 | ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3 | प्रति मी. | |
| 11 | टाइल्स विभिन्न साइज | प्रति वर्ग मी. | |
| 12 | गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य | प्रति घन मी. | |
| 13 | सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 14 | कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच | प्रति नग | |
| 15 | जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर | प्रति नग | |
| 16 | मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास | प्रति घन मी. | |
| 17 | चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था | प्रति नग | |
| 18 | बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि | प्रति वर्ग मी. | |
| 19 | विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम | प्रति नग | |
| 20 | गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री | | |
| 21 | हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी | | |
| 22 | S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय | | |

**प्रतिबंध एवं शर्तेः** सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

**भूपेन्द्र सोनी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पं. भागमलपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

**अखिलेश वर्मा**
**ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.**
**ग्राम पं. भागमलपुर वि.ख. खुटहन, जौनपुर**

# माध्यमिक सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** ऑल टीचर्स एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएसन( अटेवा )के तत्वाधान में आयोजित सेवानिवृत शिक्षक विदाई/सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के आशा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर व पुष्प अर्पित कर किया गया। जनपद के विभिन्न राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए 21 शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल पहनाकर व प्रतीक चिह्न भेंट कर माध्यमिक विभाग की सेवा से भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त शिक्षकों राम चरित्र, राजपूत आदित्य, आशा रानी वर्मा, शबनम यादव, बेटी देवी, कमलेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, रमेश सिंह, सुरेश कुमार, सुशील कुमार द्विवेदी, शोभा सक्सेना, पुष्पलता, डॉ ऊषा कुमारी, ब्रजेश भदौरिया, रमेश चन्द्र मिश्रा नरेंद्र सिंह आदि का मुख्य अतिथि एवं अटेवा जिलाध्यक्ष अजय कुमार यादव ने फूलमालाओं से अभिवादन कर उनके सुखमय व निरोगी जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर यादव ने किया व अध्यक्षता अटेवा संरक्षक शिवपाल सिंह कुशवाह द्वारा की गई। जिला महामंत्री लवकुश जाटवानी एवं जिला पर्यवेक्षक राजेश जादौन, माध्यमिक प्रभारी मनोज यादव, राजेश यादव, विनोद राजपूत द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान किया गया। अन्य साथियों ने उपहार भेंट किए व सेवानिवृत्त हुए साथियों को जीवन के नवीन कार्यकाल के लिए बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अटेवा ने सेवानिवृत शिक्षक-कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित करने का जो कार्य शुरु किया है वो अनवरत जारी रहेगा। पूर्व में जनपद में जो शिक्षक साथी रिटायर होते रहे हैं उनका जनपद/बीआरसी स्तर पर कोई विदाई या सम्मान समारोह नहीं होता था । बताते चलें कि अटेवा ने पिछले वर्ष से ही सेवानिवृत्त कार्यक्रम करने की पहल की थी जो इस वर्ष भी जारी है। कार्यक्रम के अंत में जनपद के विभिन्न माध्यमिक कॉलेजों से सन्गठन में नए चेहरों को शामिल कर उन्हें अटेवा संस्थान प्रभारी का दायत्व प्रदान किया गया व मनोनयन पत्र भी भेंट किये गए। साथ ही एक मई को दिल्ली जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन के समर्थन में व निजीकरण के विरोध में होने जा रहब एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़कर शामिल होने की अपील की।

## युवती के साथ गैंगरेप

**हमीरपुर।** जिले में एक दिल दहलाने वाली घटना ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र में 21 वर्षीय युवती के साथ पांच दबंगों द्वारा गैंगरेप की वारदात ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना के बाद पीड़िता को बेहोशी की हालत में खेत में पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि चार अन्य की तलाश जारी है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की रात युवती अपने घर के बाहर बने शौचालय गई थी। इसी दौरान गांव के पांच दबंग युवकों ने उसे जबरन उठाकर पास के खेत में ले गए। वहां कई घंटों तक युवती को हवस का शिकार बनाया गया। पूरी रात पीड़िता बेहोशी की हालत में खेत में पड़ी रही। सुबह परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सदर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ जारी है। शेष चार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज करने के निर्देश दिए हैं। इस घटना ने हमीरपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

# इटावा जिला कुश्ती संघ का हुआ गठन जयवीर सिंह तोमर चुने गए जिलाध्यक्ष




वहाज अली निहाल

- इटावा का कुश्ती में बहुत ऊंचा नाम था कुछ बरसों से इटावा अपना स्थान नहीं बना पाया अपना कुश्ती में इटावा ख्याति प्राप्त करेगा : संजय सिंह

**इटावा।** इटावा कुश्ती में बड़ा स्थान रखा था परंतु कुछ वर्षों से कुश्ती में वह स्थान इटावा का नहीं रहा इसलिए इटावा में गठन कराकर इसको ऊंचाइयों पर ले जाने का पुरजोर प्रयास होगा। उक्त उदगार राष्ट्रीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह ने जनपद में वृंदावन गार्डन में आयोजित कुश्ती संघ की बैठक में व्यक्त किये। उन्होंने आगे कहा कि कुश्ती जन-जन से जुड़ा हुआ खेल है इसमें गांव गली मोहल्ले के हर वर्ग के लोग प्रतिभाग करते हैं यह जन-जन की कुश्ती है। राष्ट्रीय कुश्ती संघ कि आज जिला इकाई का गठन चुनाव अधिकारी प्रदेश सचिव कुश्ती संघ सुरेश उपाध्याय व जिले के दो शिक्षा जगत सम्मानित प्राचार्य राजेश किशोर त्रिपाठी एवं प्रांचाल प्रांत भारत विकास परिषद के अध्यक्ष इंद्र नारायण पांडे की गरिमा मय उपस्थिति में जयवीर सिंह तोमर को जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार को जिला महामंत्री मृत्युंजय चौधरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशांत वर्मा विनीत चौहान सुभाष चौहान को उपाध्यक्ष पीयूष भदोरिया को संयुक्त मंत्री रोहित राजपूत सचिन सिंह अंकुर भदोरिया अदिति सिंह कार्यकारी सदस्य ओम रतन कश्यप मीडिया प्रभारी संरक्षक संतोष सिंह चौहान मेजर पांडे को चुना गया। इस अवसर पर जिले के कई व्यक्ति जिसमें प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला परिषद उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह चौहान संजू भैया देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना धर्मेंद्र भदोरिया गोल्डी जादौन प्रधान राहुल राजपूत रवि पोरवाल बृजेश पोरवाल अजय गुप्ता रमेश यादव राजीव पाल अवधेश कुमार दुबे विनोद जैन राजकुमार कुशवाहा चित्रा परिहार मोनू कटारे गिरधर दीक्षित मुकेश दुबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## हजरत मीरान शाह बाबा उर्स मेला के सम्बन्ध में हुई बैठक



**सोनभद्र।** हजरत मीरान शाह बाबा उर्स मेला के आयोजन एवं शान्ति व्यवस्था को लेकर बुधवार को उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर रणधीर कुमार मिश्रा व थानाध्यक्ष रामपुर बरकोनिया कमलनयन दुबे के द्वारा थाना रामपुर बरकोनिया पर विजयगढ़ किला ग्राम मऊकलाँ पर 23.04.2025 को आयोजित होने वाले हजरत मीरान शाह बाबा उर्स मेला के आयोजन एवं शान्ति व्यवस्था को बनाए रखते हुए आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु इन्तजामिया कमेटि व हिन्दू मुस्लिम पक्ष के धर्मगुरुओं और अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों की मीटिंग की गई । जिस पर आयोजित कार्यक्रम उर्स मेला को सौहार्दपूर्ण/सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई तथा उच्चाधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस मौके पर सदर मुश्ताक खान, हिदायत उल्ला खान, आदि लोग मौजूद थे

# कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में लगा रक्तदान शिविर

**शिविर में अधिष्ठाता प्रो0डॉ0एन के शर्मा और उनकी पत्नी शकुन शर्मा ने रक्तदान कर विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल**

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय और जायंट्स ग्रुप ऑफ दतावली डायमंड यूनिट एक के संयुक्त तत्वाधान में आवासीय परिसर स्थित अतिथि गृह में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संयोजक मनीष कुमार सहाय, मीडिया प्रभारी/फेडरेशन ऑफिसर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता प्रो.डॉ.एन के शर्मा एवं उनकी पत्नी शकुन शर्मा उपस्थित हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ.शिवराज सिंह यादव, सदस्य, केंद्रीय कमेटी और उषा यादव, सदस्य स्पेशल कमेटी, जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन उपस्थित रहे अन्य अतिथियों में बलराज गर्ग, रीना यादव(निवर्तमान अध्यक्ष), राजदा खातून, फेडरेशन ऑफिसर, सुभाष चंद्र यादव, अध्यक्ष, दतावली डायमंड उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ इन्जी0नीरजा शर्मा और इन्जी0महिला खानम ने सभी को तिलक वंदन कर किया उसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियां को सुभाष चंद्र यादव और मनीष कुमार सहाय ने पट्टिका पहनाकर स्वागत किया इसके पश्चात डॉक्टर एन के शर्मा और उनकी पत्नी शकुन शर्मा ने रक्तदान कर महाविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों और छात्रों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया। इसके उपरांत रीना यादव, पूर्व अध्यक्ष दतावली डायमंड, हर्षवर्धन सहाय, यंग जायट्स और इंजी0एम ए हुसैन ने रक्तदान किया। महाविद्यालय स्टाफ में विनय कुमार अग्रवाल, असद अहमद, मनोज कुमार शर्मा, नेत्रपाल सिंह, पंकज कुमार ने रक्तदान किया इसके पश्चात विद्यार्थियों में सर्वजीत द्विवेदी, आशीष सिंह, मुदित अग्रवाल, रीना, मनीष, नीरज कुमार, हर्षल कटिहार, कौशलेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, सचिन कुमार, वैष्णवी, मिलिंद वर्मा द्वारा रक्तदान कर अपने को गौर मानवी महसूस किया इस महादान के अवसर पर डॉक्टर नीतू द्विवेदी ने रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया साथ ही कुल 21 यूनिट ब्लड देने के लिए धन्यवाद भी दिया। ब्लड टीम डॉ अमरदीप सिंह रजनी काउंसलर अर्जुन सिंह राघवेंद्र भदोरिया ने पूरे मनोयोग से सभी रक्तदाताओं से रक्त प्राप्त किया। अधिष्ठाता ने इन सभी के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की।

# कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

- नेशनल हेराल्ड मामले में बुलंद की आवाज राष्ट्रपति नामित दिया पत्र

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इसके खिलाफ पार्टी के जिला कार्यालय से जुलूस निकाला जो कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने जुलूस को बीच में ही रोकने का प्रयास किया, जिस पर कांग्रेसियों से उनकी जमकर कहासुनी हुई। हालांकि बाद में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने कांग्रेसियों को उनकी मांग के अनुसार कलेक्ट्रेट तक जाने की अनुमति दी। फिर वहां कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे को सौंपा। इसके पूर्व कांग्रेस के जिला कार्यालय पर हुई बैठक में जिलाध्यक्ष रामराज गोड व शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना कभी पूरा नहीं होगा। कांग्रेस का इतिहास आजादी के आंदोलन से जुड़ा हुआ है। ईडी, सीबीआई और अन्य जांच एजेंसियां लगाकर भाजपा किसी भी हाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डरा नहीं सकती। आने वाला समय कांग्रेस का है। इससे भाजपा डरी हुई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य नूरुद्दीन खान व पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार नेताओं के उत्पीड़न के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। दिल्ली चुनाव के दौरान भाजपा ने तमाम तरह की कार्रवाई कराई। अब एक बार फिर जब आने वाले समय में विभिन्न राज्यों के चुनाव होने वाले हैं ऐसे में डरी हुई भाजपा कांग्रेसियों का उत्पीड़न करने में जुट गई है। पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र पासवान व पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने कहा कि बुनियादी मुद्दों से भटक चुकी भाजपा सिर्फ जाति, धर्म और नफरत की राजनीति कर रही है। जनता इसे समझ रही है। आने वाले समय में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष उषा चौबे व शीतला पटेल ने कहा कि कांग्रेस हर विरोध का जमकर मुकाबला करेगी जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा, संगीता श्रीवास्तव, जिला महासचिव प्रदीप सिंह,ह स ङ्क जिलाध्यक्ष दअंशु मदेशिया,याशंकर पांडे, आशुतोष दुबे,बाबूलाल पनिका, नागेश मणि पाठक,ब्लॉक अध्यक्ष लल्लू राम पांडे, अमरेश देव पांडे, निगम मिश्रा, मदन गुप्ता,आशीष सिंह, राजेश कुंबलेउज्वल सिंह, नगरअध्यक्ष शेखर शरण पूर्व नगर अध्यक्ष जय शंकर भारद्वाज, श्रीकांत मिश्रा, शमीम अख्तर, सरतुंजय मिश्रा, राजकुमार यादव, बृहस्पति भारती, सईद खान, मंजू देवी, गुलाब तिवारी कवि रितेश पांडे, जितेन्द्र देव पांडे, रमाकांत तिवारी शशि बाला,उपस्थित रहे।

# राठ में ई-रिक्शा सत्यापन व जागरूकता शिविर, 300 से अधिक चालकों ने लिया हिस्सा

अवधनामा संवाददाता



**राठ/हमीरपुर।** राठ कस्बे के घासीराम तालाब मंदिर परिसर में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा एसोसिएशन के सहयोग से एक विशाल सत्यापन व जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में 300 से अधिक ई-रिक्शा चालकों ने हिस्सा लिया। एआरटीओ अमिताभ राय ने चालकों को पंजीकृत ई-रिक्शा खरीदने, नंबर प्लेट तुरंत लेने और वाहन का थाने में सत्यापन कराने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपंजीकृत ई-रिक्शा जुगाड़ वाहन माने जाएंगे और उन्हें नष्ट किया जाएगा। सरकार द्वारा पंजीयन शुल्क व रोड टैक्स माफ किए जाने की जानकारी भी दी गई। हालांकि, बिना चेसिस नंबर या गैर-पंजीकृत कंपनी के पुराने ई-रिक्शा का पंजीयन संभव नहीं होने की बात कही गई। ई-रिक्शा संगठन के अध्यक्ष अखिलेश ने बताया कि 1200 से अधिक चालकों का विवरण कोतवाली में दर्ज किया जा चुका है, लेकिन पुराने ई-रिक्शा के पंजीयन में दिक्कतें आ रही हैं। सीओ यातायात शाहरुख खान ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाम न लगाने और पंजीयन अनिवार्य करने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष राठ सरोज ने चेतावनी दी कि बिना सत्यापन वाले ई-रिक्शा बंद किए जाएंगे और ऐसी गाड़ियां छोड़ी नहीं जाएंगी। टीएसई हरविंदर सिंह ने नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, तेज गति से बचने और क्षमता से अधिक सवारी न लेने की हिदायत दी। शिविर के बाद एआरटीओ ने चालकों की शिकायत पर चुंगी के पास तीन ई-रिक्शा डीलरों की दुकानों का निरीक्षण किया। दो डीलर दुकान बंद कर फरार हो गए, जबकि तीसरे डीलर को चालकों की शिकायतों का समाधान करने और अपंजीकृत वाहन न बेचने की सख्त चेतावनी दी गई। डीलरों को भविष्य में अपंजीकृत ई-रिक्शा सड़क पर पाए जाने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी लेने के लिए कहा गया। यह शिविर ई-रिक्शा चालकों में जागरूकता बढ़ाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# सौर ऊर्जा एक्सरे व हिट-वे रूम का फीता काटकर किया शुभारम्भ

- एसएसपीएस व पत्रकारों के कार्य को मंत्री व अतिथि ने की सराहना
- जल्द ही लोगों का अस्पताल में फ्री में होगा एक्सरे

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** ऊर्जांचल प्रेस क्लब के अनुरोध पर एस एस पी एस के द्वारा संयुक्त चिकित्सालय, अनपरा में छह महीने से बंद पड़े 20 वॉट के सोलर पैनल व 110 बैटरी के मरमत हिट बे रूम व हाल में कुलर स्टील चेयर,डिजिटल बी पी मशीन,वेट मशीन के साथ बंद पड़े एक्सरे मशीन के सामग्री उपलब्ध कराने के बाद फ्री में गरीबों का एक्सरे की सुविधा डिबुलगंज के अस्पताल में मिलने लगेगा। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री संजीव सिंह गौड ने डिबुलगंज अस्पताल पहुंचकर विधिवत पूजन व नारियल तोड़कर सौर ऊर्जा, इन्वर्टर को बटन दबाकर उद्घाटन किया। इसके बाद हिट वेट रूम में बेड रूम एवं एक्सरे मशीन को फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने बताया लाइफ लाइन इस अस्पताल का कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने सीएमओ को बुधवार को पूरी जानकारी व व्यवस्था के बारे में उन्होंने जानकारी मांगी है।मंत्री ने पत्रकारों के प्रयास की सराहना करते हुए एस एस पी एस के द्वारा दिए गए सहयोग की प्रशंसा की और कहा और भी जरूरत के सामान दीजिए।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व क्षत्रिय समाज के प्रदेश महामंत्री शेषनाथ सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता बालकेश्वर उर्फ़ बांके सिंह, समाजसेवी मधुसूदन सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य प्रमोद शुक्ला, सत्य प्रकाश सिंह, कुंदन सिंह, ऋतुराज मौर्य, कृष्णा सिंह, अजय पाठक, एस एस पी एस के सत्यम रेडी, वेंकटेश रेडी, सफाई नायक राजेश मौर्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार आर पी सिंह ने किया।

# लू, सूखा और अग्निकांड से निपटने के लिए जिला प्रशासन सतर्क

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में बुधवार को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में लू, सूखा व अग्निकांड से बचाव के लिए विभागों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जनपद की भौगोलिक स्थिति के कारण अप्रैल से जून तक तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने के चलते लू का प्रकोप रहता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को प्रभावी कदम उठाने के लिए कड़े निर्देश दिए।

चिकित्सा विभाग को विशेष निर्देश जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग को सभी अस्पतालों में ओआरएस काउंटर स्थापित करने, लू से प्रभावित मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड आरक्षित करने और सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं व उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया। इसके साथ ही, एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को लू से बचाव के लिए प्रशिक्षण देने और ओआरएस वितरित कर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

**अग्निकांड और पेयजल संकट पर फोकस–** विद्युत विभाग को शॉर्ट सर्किट से होने वाले अग्निकांड रोकने के लिए ढीले तारों और खंभों की तत्काल मरम्मत करने का निर्देश दिया गया। पेयजल संकट से निपटने के लिए ग्राम पंचायतों और नगर क्षेत्रों में खराब हैंडपंपों की मरम्मत, राजकीय और निजी नलकूपों के माध्यम से तालाबों और पोखरों को भरने, और सूखा प्रभावित गांवों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति के लिए रूट चार्ट तैयार करने के आदेश दिए गए। पेयजल शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए जिला पंचायत राज कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम (05282-298176) को सक्रिय रखने को कहा गया।

**कृषि और पशुपालन पर जोर–** कृषि विभाग को सूखे की स्थिति में फसल चक्र में बदलाव, उन्नत बीजों का वितरण, जैविक खाद की व्यवस्था और किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, गौशालाओं में पशुओं के लिए पेयजल, चरही और छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

**अनुपस्थित अधिकारी पर कार्रवाई** बैठक में अनुपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने और शासन को पत्राचार कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**जिलाधिकारी का सख्त संदेश–** जिलाधिकारी ने सभी विभागों को लू, सूखा और अग्निकांड से बचाव के लिए तत्काल सभी तैयारियां पूरी करने का आदेश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।जिला प्रशासन की यह सक्रियता जनपदवासियों को गर्मी और सूखे के संकट से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## अज्ञात कारणों के चलते युवती ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कोतवाली क्षेत्र के गांव टिकरी में मंगलवार की देर शाम एक युवती ने अपने घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली जिसमें घटना स्थल में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टिकरी गांव निवासी रामसहाय प्रजापति की अट्ठारह वर्षीया पुत्री अंशिका का शव दोपहर बाद घर के कमरे में एक साड़ी से झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया उन्होंने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर कब्जे ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि घटना के दिन युवती दोपहर लगभग बारह बजे गांव के तालाब में नहाने गई थी। वहां से वापस लौटकर घर के लोगों के लिए खाना बनाया था।घर के लोग जब खेतों में काम करने चले गए तो इसी बीच संदिग्ध परिस्थितियों में यह घटना हो गई है। मृतका चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी।

# नारायन कॉलेज में सत्र 2024-25 के टापर्स को किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल ऑडिटोरियम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11 तक के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को वार्षिक सम्मान समारोह के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ.मनोज गुप्ता चीफ वेटिनरी ऑफिसर कर्नल हयात उल्लाह (डिस्ट्रिक्ट सोल्जर वेलफेयर आफिसर) तथा सम्मानित अतिथि के.के. त्रिपाठी (नायब सूबेदार), अखिलेश यादव पशुधन प्रसार अधिकारी मधु तिवारी पत्नी इं. हरि किशोर तिवारी, चेयरमेन नारायन ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स, विशिष्ट अतिथि अभिषेक सक्सेना प्रधानाचार्य पुलिस मार्डन स्कूल आदि सतेन्द्र सिंह भदौरिया प्रबन्धक जनता इण्टर कॉलेज कुण्डेश्वर, रमाकान्त मौर्य प्रधानाचार्य जनता इण्टर कॉलेज कुण्डेश्वर तथा सम्मानित अभिभावक प्रीति राजपूत एवं श्री अनूप पाण्डेय आदि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर कक्षा कक्षा एल.के.जी.से निकित, कक्षा यू.के.जी.से तेजस्वी, कक्षा 1 से अंशुल, कक्षा 2 से आन्या तिवारी, कक्षा 3 से अर्श जैन, कक्षा 4 से वैदिक कुमार, कक्षा 5 से खुशी, कक्षा 6 से यशिका शर्मा, कक्षा 7 से आर्दश, कक्षा 8 से अनुष्का राजपूत, कक्षा 9 से कार्तिक कुशवाह, कक्षा 11 से अंजली राजपूत को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शील्ड व किताबों सहित स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा के हर सेक्शन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं में लोक तात्रिंक मूल्यों के सम्बर्धन और सांस्क्रतिक मूल्यों के विकास हेतु विद्यालय को फेथ हाउस, डिसिपिलिन हाउस, करेज हाउस और यूनिटी हाउस में वर्गीकृत किया गया है जिससे कि छात्र-छात्राओं में प्रतियोगात्मक और जीवन कौशल का विकास हो सके।

# बेतवा नदी में अवैध खनन बना मौत का कारण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** चिकासी थाना क्षेत्र के चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 में बेतवा नदी के किनारे अवैध बालू खनन ने एक और किशोर की जान ले ली। राठ कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव निवासी राज राजपूत, जो जैसारी गांव में रिश्तेदारी में आया था, अपने चार दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह नदी में बालू माफियाओं द्वारा बनाए गए गहरे गड्ढे में फंस गया और डूबने से उसकी मौत हो गई।

**मौत के गड्ढे बने अवैध खनन का नतीजा–** स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 में बालू माफियाओं ने स्वीकृत सीमा से बाहर जाकर हैवीवेट मशीनों से अवैध खनन किया। इससे नदी में गहरे गड्ढे बन गए, जो नहाने वालों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। माफियाओं ने न केवल नदी बल्कि आसपास के वन क्षेत्र में भी अवैध खनन कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने पहले भी शासन-प्रशासन और सरीला एसडीएम से इसकी शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

**परिजनों में आक्रोश, पुलिस ने शुरू की जांच–** किशोर की मौत से परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सूचना मिलते ही चिकासी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जब तक अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं।

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल–** चंदवारी डांडा खंड संख्या 26/8 के संचालकों ने नदी को ÷मौत का शमशान÷ बना दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में गहरे गड्ढों के कारण नहाने वाले किशोर अक्सर फंस जाते हैं। इस त्रासदी ने एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही और अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की कमी को उजागर किया है।

**सख्त कार्रवाई और सुरक्षा उपाय की मांग–** परिजनों और ग्रामीणों ने मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषी माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही, नदी में नहाने की सुरक्षित व्यवस्था और गड्ढों को भरने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजन में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर

# गांवों का बहुमुखी विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: केशव

- विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र का समग्र व चहुंमुखी विकास किया जाना बहुत जरूरी
- गांव-गरीब के लिए संचालित योजनाएं धरातल पर स्पष्ट से दिखनी चाहिए, सरकार ग्रामीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध
- गांवों को गरीबी मुक्त करना है, गांवों का हर व्यक्ति किसी न किसी आजीविका मूलक काम से जुड़े
- गांवों के विकास के लिए तकनीकी का भरपूर उपयोग किया जाय, लोगों को जागरूक किया जाय: उपमुख्यमंत्री



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांवों के समग्र व चहुंमुखी विकास के लिए संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन और अधिक बेहतर ढंग से किया जाय, क्योंकि गांवों के समग्र विकास से ही विकसित भारत बनेगा। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को अपने कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत बनाने ग्रामीण क्षेत्र का समग्र व चहुंमुखी विकास किया जाना बहुत जरूरी है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश में बहुत ही उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य हुए हैं। वर्ष 2024-25 में मनरेगा में 26 करोड़ मानव दिवस सृजन के लक्ष्य के सापेक्ष प्रदेश में 33 करोड़ 64 लाख से अधिक मानव दिवस का सृजन किया गया है और मानव दिवस सृजन में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है। खास बात तो यह भी है मानव दिवस सृजन में महिला सहभागिता 42 प्रतिशत है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में मनरेगा के तहत 6.22 लाख परिवारों को 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जोकि देश में सर्वाधिक है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मनरेगा में महिला श्रमिकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के कार्य में और तेजी लायी जाय, इससे महिलाओं के आजीविका संवर्धन में मदद मिलेगी। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि 100 दिन कार्य करने वाले श्रमिकों को बीओसीडब्ल्यू बोर्ड में पंजीयन कराया जाय। बताया गया कि लगभग 70 प्रतिशत श्रमिकों का पंजीयन करा दिया गया है। कहा कि इस सम्बन्ध में श्रम मंत्रालय से पत्राचार किया जाय और ऐसी व्यवस्था बनायी जाय कि 100 दिन कार्य करने वाले परिवारों का बी ओ सी डब्ल्यू बोर्ड में आटोमेटिक पंजीयन हो जाय। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि गांवों की आन्तरिक गलियों के निर्माण व जल निकासी कार्यों की कुछ जिलों की रिपोर्ट मंगाकर उपलब्ध करायी जाय।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम्य विकास विभाग में जिन जिलों में विशेष उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य किया गया है, वहां के सम्बन्धित अधिकारियों/ कर्मचारियों को सम्मानित किया जाय। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल आडिट के कार्य में तेजी लायी जाय। अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे नजर आने चाहिए। कहा कि मनरेगा कन्वर्जेंस के कार्यों का रेण्डम परीक्षण कराया जाय।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों का बहुमुखी विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गांव-गरीब के लिए संचालित योजनाएं धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। सरकार ग्रामीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गांवों को गरीबी मुक्त करना है। गांवों का हर व्यक्ति किसी न किसी आजीविका मूलक काम से जुड़े, इसके पुख्ता प्रबन्ध किये जांय।

# योगी सरकार का लक्ष्य तकनीकी शिक्षा से युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाना है: आशीष पटेल

- परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल निगरानी और ऑडिट प्रणाली पर जोर
- मंत्री आशीष पटेल ने डिप्लोमा संस्थाओं की रैंकिंग हेतु बनाए पोर्टल को किया लॉन्च



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और रोज़गारपरक बनाने के उद्देश्य से बुधवार को तिलक हाल, विधानसभा, लखनऊ में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विभागीय सचिव, निदेशक, तकनीकी विश्वविद्यालयों और राजकीय अभियंत्रण संस्थानों के अधिकारियों सहित विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में डिग्री और डिप्लोमा सेक्टर से जुड़ी चुनौतियों, आवश्यकताओं और सुधार तथा अन्य प्रमुख विषयों पर गहन मंथन किया गया। मंत्री ने बैठक की शुरुआत में कहा कि योगी सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि तकनीकी शिक्षा केवल डिग्री देने का माध्यम न रहकर, छात्रों को उद्योगों के अनुरूप कौशलयुक्त और आत्मनिर्भर बनाए। इसी क्रम में विश्वविद्यालयों और उनसे संबंधित संस्थानों, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक रिक्त पदों की अद्यतन स्थिति, प्रोन्नति की प्रक्रिया, तथा आउटसोर्सिंग से भरे गए पदों की पारदर्शिता की समीक्षा की गई। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि लंबित नियुक्तियों और अधियाचनों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। साथ ही आरक्षण का अनुपालन शतप्रतिशत सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अप्रैल तक डिग्री सेक्टर में बायोमैट्रिक लागू किया जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि 31 मई, 2025 तक नव निर्मित चारों राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों को शिफ्ट कर शैक्षणिक कार्य शुरू किया जाए, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### अब नक्शा पास कराने के लिए नगर निगम से नहीं लेनी होगी एनओसी

**लखनऊ।** मानचित्र अनापत्ति (एनओसी) के चक्कर में नगर निगम में बेवजह अटक रहे मामलों को देखते हुए एलडीए ने अब व्यवस्था बदल दी है। अब एलडीए मानचित्र पास करने के लिए नगर निगम से एनओसी नहीं लेगा। इसको लेकर एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। नगर निगम में लंबित एनओसी और व्यवस्था में बदलाव किए जाने को लेकर अमर उजाला ने 01 मार्च को खबर भी प्रमुखता से प्रकाशित की थी। मकान बनाने के लिए मानचित्र पास कराने के लिए एलडीए अलग-अलग कई विभागों से एनओसी लेता है उनमें नगर निगम भी शामिल है। नगर निगम से एनओसी इसलिए ली जाती है ताकि यह जांच हो जाए कि जिस जमीन पर निर्माण के लिए मानचित्र पास कराया जा रहा है उसमें नगर निगम की सरकारी जमीन तो शामिल नहीं है लेकिन नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी अपने विभाग के अलावा नजूल और सीलिंग की जमीन की भी जांच करने लगते हैं।

# रक्षा मंत्रीका लखनऊ दौरा, खेल महाकुंभ का करेंगे शुभारंभ

- राजनाथ सिंह आज अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ में

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार शाम 20:45 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री सीधे 5 ए कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। अगले दिन 19 अप्रैल शनिवार को को सुबह 09:30 बजे के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत 11:00 बजे मुन्नू खेड़ा सदरौना रोड जाएंगे और एस एम डी लॉन बैंक्वेट हाल में पश्चिम मंडल 3 के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत 12:00 बजे वापस कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। शाम 5:00 बजे गोमती नगर स्थित होटल दयाल पैराडाइज में मध्य मंडल 1 के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। शाम 6:30 महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर पदाधिकारीयों, मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन रविवार 20 अप्रैल को प्रातः 11:00 बजे आईआईएम रोड स्थित महर्षि डिग्री कॉलेज पहुंचेंगे और वहां उत्तर मंडल 4 के प्रबुद्ध जन और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। अपराह्न 12:15 बजे सीपी-23, चेतन विहार अलकापुरी सेक्टर सी अलीगंज में डॉक्टर बिंदेश्वर पाठक की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम के बाद आलमबाग में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया और उसके बाद महानगर उपाध्यक्ष अशोक तिवारी के आवास जाएंगे। आलमबाग से लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट जाएंगे और अपराह्न 1:50 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### लखनऊ के चिकित्सकों को मध्य प्रदेश में मिला सम्मान

**लखनऊ।** संजय गांधी पीजीआई के सुपरिंटेंडिंग फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ब्रजेश त्रिपाठी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मधुकर दीक्षित को क्लीनिकल एक्सीलेंस और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. भुनेश्वर दयाल मिश्र को यंग अचीवर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान सोसाइटी ऑफ चार्टर्ड फिजियोथैरेपिस्ट की तरफ से दिया गया है। दरअसल, मध्य प्रदेश स्थित उर्जांचल क्षेत्र सिंगरौली में सोसाइटी ऑफ चार्टर्ड फिजियोथैरेपिस्ट का प्रथम महासम्मेलन ऊर्जांचल फिजियोकान - 2025 का आयोजन रविवार को हुआ था। जिसमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के तीन डॉक्टरों को सम्मानित किया गया है। इस महासम्मेलन के आयोजक सचिव डॉ. रेवती प्रसाद शाह ने बताया कि इस आयोजन में देशभर से लगभग 500 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और फिजियोथैरेपी विधा की नवीनतम प्रगति, उपलब्धियों और तकनीक पर चर्चा की।

# भाषा विवि में 'सक्सेज मंत्रा' सीरीज का शुभारम्भ

- भाषा विश्वविद्यालय में कैरियर काउंसिल सेल की पहल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जे. पी. पांडे के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसिल सेल द्वारा 'सक्सेज मंत्र' सीरीज-1 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के भविष्य की नौकरियों और आवश्यक कौशलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से की गई। वकतव्य के स्वागत डॉ. राहुल मिश्रा ने दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. हैदर अली ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को स्किल्ड बेस्ड एजुकेशन की तरफ बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय मेधावी रहे, जिन्होंने फ्यूचर ऑफ जॉब्स एंड स्किल्स विषय पर एक प्रभावशाली प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान युग तकनीक का युग है, और छात्रों को टेक्नोलॉजी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की आवश्यकता और उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में इसके ज्ञान के बिना भविष्य की कल्पना अधूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई-नई तकनीकों को सीखते रहने और स्वयं को समयानुकूल अपडेट करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रो. सैयद हैदर अली के सहयोग से कैरियर काउंसिलिंग सेल द्वारा आयोजित किया गया। शिक्षकों ने भाग लिया। सभी पैनल सदस्यों ने करियर विकास, तकनीकी दक्षताओं और व्यक्तिगत मार्गदर्शन से संबंधित अनुभव छात्रों के साथ साझा किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज़ैबून निशा ने किया तो धन्यवाद ज्ञापन में डॉ. शचींद्र शेखर ने कहा कि यह आयोजन छात्रों के लिए न केवल एक ज्ञानवर्धक अनुभव रहा, बल्कि उनके कैरियर निर्माण के लिए भी एक मजबूत प्रेरणा का स्रोत बना है।

### राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने स्थापना दिवस पर दी बधाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि 16 अप्रैल 2017 यह वह ऐतिहासिक दिन है जब उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन की नींव पड़ी। यह केवल एक संगठन की स्थापना नहीं थी, बल्कि सैकड़ों पुश्तैनी टिंबर व्यापारियों के अस्तित्व और अधिकारों के लिए एक सामूहिक संघर्ष का आरंभ था। उसी दिन लखनऊ के ऐशबाग सहित पूरे प्रदेश में सैकड़ों पुश्तैनी टिंबर व्यापारियों को उनके वर्षों पुराने व्यापार स्थल से उजाड़ दिया गया था।इस अन्याय के विरोध में उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन ने वर्षों तक अपने ही स्थापना दिवस को 'काला दिवस' के रूप में मनाया एक ऐसा संगठन जो अपने जन्मदिवस को खुशी नहीं, बल्कि न्याय की पुकार के रूप में मनाता रहा।

# अर्थ एंड एम्ब्रॉयडरी डिज़ाइनर फ़ैशन स्टूडियो का शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रकृति में रची-बसी, आत्मा से सिली कला। इसी भाव को आत्मसात करते हुए 'अर्थ एंड एम्ब्रॉयडरी' ने अपने नए डिज़ाइनर स्टूडियो का शुभारंभ किया। 1/6 विक्रांत खंड गोमतीनगर में इसका उदघाटन खाद्य आयोग की सदस्य सरोज प्रसाद ने किया। इस मौके पर स्टूडियो की निदेशक आस्था सिंह और शिवांगी सिंह ने बताया कि एक ही छत के नीचे लखनऊ की चिकनकारी और अन्य पारंपरिक परिधानों का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। यह एक प्रयास है कि लखनऊ की विरासत फैशन के साथ कदतमताल करे। यहां सभी फैशन की परंपरा मिलेगी। यह स्टूडियो न सिर्फ़ एक फैशन स्पेस है, बल्कि यह उन भावनाओं और परंपराओं का उत्सव है, जो हाथों से बनी हर कढ़ाई में बसती हैं। यहां आधुनिक डिज़ाइन की समझ और पारंपरिक कारीगरी का अद्भुत मेल देखने को मिलेगा। 'अर्थ एंड एम्ब्रॉयडरी' प्राकृतिक वस्त्रों, हस्तनिर्मित डिज़ाइनों और पर्यावरण के प्रति सजग फैशन के क्षेत्र में एक नई दिशा की शुरुआत कर रहा है। स्टूडियो के उद्घाटन अवसर पर आप न केवल उनकी नवीनतम कलेक्शन देख सकेंगे, बल्कि हर उस कहानी को महसूस कर पाएंगे, जो हर धागे में बुनी गई है।

# सदस्य, राज्य महिला आयोग ने की जनसुनवाई

- जनसुनवाई में प्राप्त हुए 20 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के दिये गए निर्देश
- बेटियों को शिक्षित कर आगे बढ़ायें अभिभावक: सदस्य



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्याजनपद में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा किये जाने हेतु एक दिवसीय दौरे पर जनपद श्रावस्ती पहुंची। सदस्यने विकास भवन सभागार पहुंचकर महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। इस दौरान सदस्य को कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें कुछ न्यायालय से सम्बन्धित प्रकरण थे। शेष अन्य प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर सदस्य ने महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं व शिकायतों से रूबरू होते हुए कहा कि समस्याओं से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि आज मुझे बुद्ध की नगरी में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, उनका संदेश है कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाया जाए। इसी उद्देश्य से मैं यहां की महिलाओं को भी यही कहना चाहती हूं कि अपने जीवन में प्रेम और विश्वास बढ़ायें, जिससे उनका पारिवारिक जीवन सुखी ढंग से चल सके। उन्होने सभी अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि लड़का-लड़की में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें, जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। इसके लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षित कर उन्हें बराबरी का अधिकार दिलाना है।

उन्होने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का भी दायित्व बनता है कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं की छोटी-बड़ी शिकायतों को गम्भीरता से लें और त्वरित कार्यवाही कर उन्हे न्याय शुलभ करायें ताकि समस्याओं से ग्रसित महिलाओं एवं बालिकाओं को न्याय के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और उनका मान-सम्मान प्रत्येक दशा में कायम रहे।

### पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है : जयवीर

**लखनऊ।** भोलेनाथ की नगरी काशी में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित किये जाने के उद्देश्य से और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान करते हुए 14 परियोजनाओं के लिए 74.31 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इसके लिए आवश्यक शासनादेश भी जारी करा दिया गया है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन कार्यालय वाराणसी के प्रस्ताव पर दशाश्वमेध घाट से काशी विश्वनाथ मंदिर घाट के माध्य घाटों को जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए तथा जल निकासी आदि कार्यों के लिए 616.06 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। इसी प्रकार अस्सी घाट से दशाश्वमेध घाट के मध्य पर्यटन सुविधाओं के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु 614.92 लाख रुपये स्वीकृत किए गये हैं। इसके अलावा दशाश्वमेध घाट का जीर्णोद्धार एवं अन्य कार्यों के लिए 827.59 लाख रुपये।

# आबकारी विभाग के साथ 39582 करोड़ के 138 एमओयू

- नदियों के कछार क्षेत्रों, घने जंगलों एवं दूरस्थ स्थानों में दबिश कार्यवाही में ड्रोन की मदद ली जाए : नितिन अग्रवाल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में आबकारी विभाग की अहम भूमिका होगी। इसके दृष्टिगत आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल जी की अध्यक्षता में आज विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सशक्त भारत व आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का निर्माण हो रहा है। जल्द ही प्रदेश एक ट्रिलियन डालर इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग के साथ 39582.39 करोड़ रुपए के 138 एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं, जिसमें से 7538.73 करोड़ रुपये की 45 परियोजनाएं ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष अन्य इकाइयों की स्थापना हेतु उद्यमियों से समन्वय बनाकर उनके प्रोजेक्ट को भी इसमें शामिल कराया जाए, जिससे अधिक से अधिक निवेश होगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आबकारी मंत्री ने कहा कि प्रमुख अल्कोहल कम्पनियों के साथ वार्ता कर राज्य में उत्पादन इकाइयां स्थापित कराई जाएं। प्रदेश में निवेश और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आबकारी नीति में महत्वपूर्ण प्राविधान किये गये है। आबकारी मंत्री ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष के लिए आबकारी विभाग को लगभग 63 हजार करोड़ रुपए के राजस्व अर्जित करने का लक्ष्य है। इसको प्राप्त करने के लिए अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरूद्ध प्रर्वतन कार्यवाही को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाए।

# मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

- गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया गया जोर
- मण्डलायुक्त ने दिए स्वास्थ्य परीक्षण और पोषणयुक्त चारे के निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित नादरगंज अमौसी स्थिति कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्था, गौवंशों की स्थिति, चारे-पानी की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। मण्डलायुक्त द्वारा सभी बाड़ों का निरीक्षण किया गया जहां पर भूसे चोकर सभी नांदों में मानकानुसार मिला तथा हरा चारा उपलब्धता के आधार पर दिया जाता पाया गया। सभी बाड़ों में स्वच्छ शीतल जल की उपलब्धता मिली तथा सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्था उच्च कोटि की मिली। सभी गोवंशो का स्वास्थ्य अच्छा पाया गया। उनके द्वारा गौशाला को आत्मनिर्भर बनाये जाने पर बल दिया गया तथा गौशाला से दूध तथा गोबर की बिक्री की जानकारी ली गयी। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि गोवंशो के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाएं तथा बीमार पशुओं के उपचार हेतु चिकित्सकीय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मण्डलायुक्त ने चारे की गुणवत्ता की भी समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि पशुओं को पोषणयुक्त चारा समय से उपलब्ध कराया जाए। मण्डलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए की प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर एक लॉक बुक बनाना सुनिश्चित किया जाए जिसमें गौवंश के आने, भूसा आदि का अंकन किया जाये। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को गौशाला संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और यह सुनिश्चित करने को कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गोवंश संरक्षण को लेकर सभी गौशालाएं प्रभावी रूप से संचालित की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गोशालाओं में स्वच्छ पेयजल एवं शेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने भूसा संग्रहण हेतु गत 15 अप्रैल से प्रारंभ विशेष अभियान के तहत प्रदेश के सभी गोआश्रय स्थलों हेतु भूसे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि ब्लाक स्तर, पंचायत स्तर पर विकेन्द्रीकृत रूप से भूसा क्रय किया जाये। सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी भूसा हेतु जन प्रतिनिधियों, दान दाताओं एवं समाज सेवियों का भी सहयोग जरूर लें। धर्मपाल सिंह ने कहा है कि गोशालाओं का प्रबंधन व्यवस्थित तरीके से किया जाए। माह अप्रैल, मई व जून की गर्मी के दृष्टिगत गोवंश को धूप व लू से बचाने हेतु शेड की व्यवस्था, स्वच्छ पानी, बिजली, हरा चारा और पर्याप्त औषधियों की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए।

पशुधन मंत्री ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गत 15 दिनों में किए गए कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

# विश्व धरोहर दिवस पर करिए हेरिटेज वॉक

- उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने पांच ऐतिहासिक स्थलों के लिए लांच किया विशेष पैकेज
- पर्यटकों को राज्य की समृद्ध विरासत, संस्कृति से अवगत कराना हमारा उद्देश्य : जयवीर सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्व धरोहर दिवस (18 अप्रैल) के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा राज्य के पांच प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों-वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और आगरा में विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर युवाओं को राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। हेरिटेज वॉक के माध्यम से प्रतिभागियों को इन शहरों की गौरवशाली विरासत, स्थापत्य कला और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय गाइड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और पारंपरिक व्यंजनों का भी समावेश किया गया है। दरअसल, राज्य सरकार का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ धरोहर स्थलों के संरक्षण और जागरूकता को भी सुदृढ़ करना है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि 18 अप्रैल को यूपीएसटीडीसी की अपटूअर्स ट्रैवल डिवीजन द्वारा हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित गाइड ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देंगे। इस भ्रमण के दौरान पर्यटक न केवल प्रदेश की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत से रूबरू होंगे, बल्कि उन्हें स्थानीय लोक कला, संस्कृति, व्यंजन और हस्तशिल्प की विविधता का अनुभव भी मिलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेरिटेज वॉक के आयोजन के लिए विशेष पैकेज तैयार किए गए हैं। हेरिटेज वॉक के दौरान प्रतिभागियों को ट्रांसपोर्ट, गाइड सेवा, प्रवेश शुल्क, नाश्ता आदि की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यह वॉक लगभग ढाई से तीन घंटे की होगी।

पैकेज शुल्क इस प्रकार निर्धारित की गई है। आगरा- 899 रुपए प्रति पर्यटक, वाराणसी- 475 रुपए प्रति पर्यटक, झांसी- 850 रुपए प्रति पर्यटक, प्रयागराज- 500 रुपए प्रति पर्यटक, लखनऊ- 800 रुपए प्रति पर्यटक है। सभी शुल्क में जीएसटी शामिल है। पैकेज की बुकिंग यूपीएसटीडीसी की वेबसाइट से होगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। अभी हम घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर हैं, विदेशी पर्यटन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का निरंतर विकास किया जा रहा है।